RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 231
फरीदाबाद, शुक्रवार, 29 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 65,508 | 610.37 |
| निफ्टी | 19.523 | 192.90 |
| सोना | 58.950 | 650 /10 gm |
| चांदी | 73,100 | 1000 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 36.00°C
न्यूनतम 23.00°C

## क्विक न्यूज

### दिल्ली को सुंदर बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने शुरू किया काम



**नई दिल्ली।** जी20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली के कई इलाकों को सजाने-संवारने के बाद, शहर सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने राष्ट्रीय राजधानी के शेष हिस्सों के सौंदर्यीकरण के लिए काम शुरू कर दिया है। विभाग ने मध्य दिल्ली में तीन फव्वारे और एक मूर्ति लगाने के लिए निविदा जारी की है। परियोजना की अनुमानित लागत 44.95 लाख रुपये है। एक अधिकारी ने कहा, ये फव्वारे लुडलो कैसल रोड, चंदगी राम अखाड़े की लाल बत्ती के निकट और बहादुर शाह जफर मार्ग पर लगाए जाएंगे। लाल किले के पीछे रिंग रोड पर एक छतरी बनेगी, जबकि प्रतिमा इंदिरा गांधी स्टेडियम के निकट स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा शहर में लोगों के स्वागत का प्रतीक होगी। दिल्ली के शेष हिस्सों को सुंदर बनाने संबंधी शहर सरकार के प्रयासों के तहत ये कदम उठाए जा रहे हैं।

### राहुल ने कीर्ति नगर में लकड़ी के कारीगरों से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के कीर्तिनगर इलाके में लकड़ी के कारीगरों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीरें एक्स सहित कई अन्य सोशल मीडिया मंचों पर साझा की। इन तस्वीरों में वह लकड़ी के कारीगरों से मुलाकात के साथ उनके औजार भी इस्तेमाल करते देखे जा सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा, दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट जाकर आज बढ़ई भाइयों से मुलाकात की।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

### राष्ट्रपति ने स्वामीनाथन के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रख्यात वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन के निधन पर शोक जताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने अपने पीछे एक समृद्ध विरासत छोड़ी है, जो दुनिया को मानवता के लिए एक सुरक्षित और भूख-मुक्त भविष्य की ओर ले जाने में मार्गदर्शक के रूप में काम करेगी। भारत में हरित क्रांति के जनक स्वामीनाथन (98) का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण बृहस्पतिवार को चेन्नई में निधन हो गया था। उनके परिवार में तीन बेटियां हैं। मुर्मू ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन से मुझे बहुत दुख हुआ। एक दूरदर्शी व्यक्ति, जिन्होंने खाद्य सुरक्षा हासिल करने के लिए अथक प्रयास किया, जिसके लिए उन्हें हरित क्रांति का जनक कहा जाता है, जिसने खाद्यान्न में हमारे देश की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की। उनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने स्वामीनाथन के निधन पर बृहस्पतिवार को दुख जताया और भारत के कृषि क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।

विस्तृत खबर पेज-9 पर

# इम्फाल में हिंसक प्रदर्शन जारी, डीसी कार्यालय में तोड़फोड़, दो वाहन फूंके

## केंद्र ने श्रीनगर के एसएसपी राकेश बलवाल का तबादला मणिपुर किया

### फिर से भड़की हिंसा ने पहले से खराब हालात को और तनावपूर्ण बनाया

### मेइती और आदिवासी कुकी समुदायों के बीच संघर्ष जारी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**आतंकवाद** संबंधी मामलों से निपटने में विशेषज्ञता हासिल करने वाले श्रीनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश बलवाल को समय से पूर्व उनके मूल मणिपुर काडर में भेज दिया गया है, जहां फिर से भड़की हिंसा ने पहले से खराब हालात को और तनावपूर्ण बना दिया है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 2012 बैच के अधिकारी बलवाल को मणिपुर में कार्यभार संभालने पर नया पद दिया जाएगा। मणिपुर में इस साल मई से बहुसंख्यक मेइती और आदिवासी कुकी समुदायों के बीच संघर्ष चल रहा है।

बलवाल को दिसंबर 2021 में अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) काडर में भेजा गया था। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी)



काडर से आईपीएस राकेश बलवाल के समय से पहले उनके मूल काडर में तबादले के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में जनजातीय एकजुटता मार्च के बाद तीन मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़क गई थी। हिंसा की घटनाओं में अब तक 180 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। मणिपुर की राजधानी इंफाल में छात्रों की अगुवाई में हिंसा मंगलवार को तब फिर शुरू हुई, जब जुलाई में लापता हुए दो छात्रों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आईं।

मणिपुर में बृहस्पतिवार को सुबह भी हिंसक प्रदर्शन जारी रहा और इम्फाल वेस्ट में एक उग्र भीड़ ने उपायुक्त (डीसी) कार्यालय में तोड़फोड़ की तथा दो वाहनों में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात उरीपोक, यैसकुल, सगोलबंद और टेरा इलाकों में प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों से झड़प हुई, जिसके कारण सुरक्षा बलों को स्थिति पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े थे।

### अफस्पा मणिपुर संकट का हल नहीं है: इरोम शर्मिला

**कोलकाता।** मणिपुर के अधिकतर हिस्सों में सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम (अफस्पा) लागू किए जाने के एक दिन बाद अधिकार कार्यकर्ता इरोम शर्मिला ने कहा कि राज्य में जारी संघर्ष का हल दमनकारी कानून से नहीं निकलेगा। शर्मिला को मणिपुर की आयरन लेडी के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार को विविधता का सम्मान करना चाहिए न कि समान नागरिक संहिता जैसे प्रस्तावों के जरिए एकरूपता लाने की दिशा में काम करना चाहिए। मणिपुर में अफस्पा को अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। इम्फाल घाटी के 19 थानों तथा पड़ोसी राज्य असम से सीमा साझा करने वाले एक इलाके को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है।



### अभिनेता राजकुमार सोमेंद्र ने भाजपा छोड़ी



**इम्फाल।** जाने-माने मणिपुरी अभिनेता राजकुमार सोमेंद्र ने राज्य सरकार द्वारा मौजूदा जातीय संघर्ष और दो छात्रों की नृशंस हत्या के मामले को सही ढंग से नहीं संभालने को लेकर भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सोमेंद्र को काइकू के नाम से भी जाना जाता है और वह लगभग 400 फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप दिया, जबकि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने उनसे अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया।

### हिंसक प्रदर्शनों से निपटने के लिए फिर से लगाया कर्फ्यू

**इम्फाल।** मणिपुर में दो छात्रों की मौत को लेकर बृहस्पतिवार सुबह भी हिंसक प्रदर्शन जारी रहा और इम्फाल वेस्ट में एक उग्र भीड़ ने उपायुक्त (डीसी) कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो वाहनों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि गत रात उरीपोक, यैसकुल, सगोलबंद और टेरा इलाकों में प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों से झड़प हुई, जिसके कारण सुरक्षा बल को स्थिति पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को रिहायशी इलाकों में प्रवेश करने से रोकने के लिए टायर जलाकर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया।उन्होंने बताया कि भीड़ ने उपायुक्त कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो चार पहिया वाहनों को फूंक दिया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने स्थिति को काबू में किया। इम्फाल ईस्ट और इम्फाल वेस्ट जिलों में सुरक्षाबलों के हिंसक प्रदर्शनों से निपटने के बीच कर्फ्यू फिर से लगा दिया गया है। इन प्रदर्शनों में मंगलवार से लेकर अब तक 65 प्रदर्शनकारी घायल हो गए हैं। इस बीच, पुलिस ने बताया कि थौबल जिले के खोंगजाम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय में आग लगा दी गई।

# नाबालिग से बलात्कार मामले में पुलिस हवा में तीर मार रही

**एजेंसी।** उज्जैन

**मध्य प्रदेश** के उज्जैन शहर में सड़क पर खून से लथपथ पाई गई लड़की से बलात्कार के मामले में पुलिस ने एक ऑटोरिक्शा चालक को हिरासत में लिया है और पांच अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुलिस को हिरासत में लिए गए व्यक्ति के ऑटोरिक्शा की यात्री सीट पर कुछ खून के धब्बे भी मिले हैं। उज्जैन पुलिस के अनुसार, एक परामर्शदाता (काउंसिलर) ने नाबालिग बलात्कार




पीड़िता से बातचीत की और पाया कि वह सतना जिले की है। हालांकि, सतना पुलिस ने कहा है कि यदि यह वही लड़की है, जिसके बारे में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, तो इसकी पुष्टि उसके परिवार द्वारा उसकी पहचान करने के बाद होगी। करीब 12 साल की लड़की सोमवार को उज्जैन के महाकाल थाना क्षेत्र स्थित एक सड़क पर खून से लथपथ पाई गई थी, जिसकी हालत गंभीर है।

### बाघ के अंगों की तस्करी के आरोप में चार गिरफ्तार

**सिवनी।** मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में वन विभाग के संयुक्त दल ने बाघ के अंगों की तस्करी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से बाघ के अंगों को बरामद किया गया है।

कुरई वन परिक्षेत्र के अधिकारी राहुल धारु ने बृहस्पतिवार को बताया कि मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर स्थित मोहगांव में वन विभाग के संयुक्त दल ने व्यापारी बनकर एक आरोपित को 60 हजार रुपये में बाघ के चार नग दांत का सौदा करते हुए मंगलवार-बुधवार की रात को गिरफ्तार किया है।



# नगर निगम कर्मचारियों ने भूख हड़ताल कर किया रोष प्रदर्शन

## 15 अक्टूबर को रोहतक में होने वाली आक्रोश रैली के लिए भरी हुंकार



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम कर्मचारियों ने क्रमिक भूख हड़ताल कर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। भूख हड़ताल की अध्यक्षता कमला देवी ने की व संचालन महिला सब कमेटी की नेता सुरेश देवी ने किया। हड़ताल में महिला सब कमेटी व इकाई की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। भूख हड़ताल के कार्यक्रम और आक्रोश प्रदर्शन में मुख्य रूप से नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा की राज्य उपाध्यक्षा कमला देवी नरेश, राज्य सचिव अनूप चंडालिया, राज्य ऑडिटर परस राम अधाना, जिला प्रधान दलीप बोहत, जिला कार्यकारी प्रधान सुदेश जैनवाल व जिला कोषाध्यक्ष अनिल चंडालिया, गुरुचरण खांडिया प्रधान सफाई कर्मचारी यूनियन, शिवकुमार प्रधान सैनिटेशन स्टाफ यूनियन, अजय शास्त्री सचिव यूनियन, शाहबुद्दीन बेलदार यूनियन, देवीचरण वाटर सप्लाई, मनोज शर्मा इलेक्ट्रिशियन, वेद भड़ाना चालक यूनियन, रणजीत शुक्ला क्लर्क विंग शामिल रहे।

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य उपाध्यक्षा कमला देवी ने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारियों को ठेकेदारों का गुलाम बनाने का काम कर रही है। प्रदेशभर में लगभग 4000 से अधिक सफाई कर्मचारियों तथा ग्रुप डी, ग्रुप सी, अग्निशमन के कर्मचारियों की छंटनी कर दी गई है। इनमें नगर निगम गुरुग्राम के 3480 सफाई कर्मचारी शामिल हैं। कमला ने बताया कि गुरुग्राम के हजारों कर्मचारी 15 अक्टूबर को रोहतक में होने वाली कर्मचारी आक्रोश रैली में गुरुग्राम से रोहतक तक पैदल यात्रा कर गांव-गांव शहर-शहर में सरकार के कर्मचारी दलित विरोधी चेहरे को बेनकाब करते हुए शामिल होंगे। जब तक हरियाणा सरकार छंटनीग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेकर विभाग के रोल पर नहीं करेगी, समान काम समान वेतन नहीं दिया जाएगा, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सभी अनुबंध दैनिक वेतन भोगी व पार्ट-2 व अन्य कच्चे कर्मचारियों को एक कलम से पक्का करने, अग्निशमन विभाग को शहरी स्थानीय निकाय विभाग में शामिल करने, 1327 ड्राइवर व फायरमैनों को सृजित पदों पर समायोजित करने, सफाई, सीवर पार्क, सिविल वर्क, वाटर सप्लाई, इलेक्ट्रिकल कार्य तथा अन्य कामों में दिए गए सभी प्रकार के ठेकों, मैनपॉवर, वर्कआउट सोर्स, डोर टू डोर, आरपीएफ स्टैंडर्ड, ऑपरेशनल मेंटेनेंस के ठेकों को समाप्त कर ठेकेदारी में लगे कर्मचारियों को रोल पर करने, जोखिम भत्ता पांच हजार रुपये देने, सफाई आदि की मांग रखी।

# बसंतपुर की सभी कॉलोनियों में मिलेगी विकास कार्यों की सौगात : कृष्णपाल गुर्जर

## कहा, पिछले नौ वर्षों में सरकार ने की गरीबों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि बसंतपुर की सभी कॉलोनियों में लोगों को अमृत-2 योजना के तहत बिजली, सीवरेज, मीठे पानी की सप्लाई और इंटर लाकिंग टाइल्स से बनाई गई पक्की गलियों तथा एलईडी दूधिया रोशनी की लाइटिंग सहित तमाम मूलभूत विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। गुर्जर ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में सरकार ने की गरीबों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय योजना के तहत समाज के अंतिम छोर के लोगों को सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रही है।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर बसंतपुर की समस्त जनता और सभी कॉलोनियों की आरडब्लूए द्वारा आयोजित अभिनंदन सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। 2014 से पहले बसंतपुर में कितना विकास हुआ था और 2014 के बाद कितना विकास हुआ ये किसी से छुपाया नहीं जा सकता। उन्होंने 63 लाख रुपये से बनने वाली बसंतपुर की फिरनी और गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया।

गुर्जर ने कहा कि आज इन नौ सालों में एक चाय बेचने वाले गरीब ने वो काम कर दिखाया है, जो काम चांदी की थाली में, कटोरी में खाने वाला नहीं कर सका। जरूरी नहीं प्रधानमंत्री कोई खानदानी नेता हो या बड़े घर में से बनने वाला ही देश की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाएं। एक चाय बेचने वाला भी पूरी दुनिया में भारत के गौरव को बढ़ा सकता है। यह प्रधानमंत्री मोदी ने कर दिखाया है, जिसे यह सारा देश और दुनिया देख रही है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में प्रदेश में साइकिल पर यात्राएं करके कपड़े बचने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार गरीब परिवारों के हितों की रक्षा करते हुए अनेक जनहितैषी फैसले लेकर गरीबों के कल्याण के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं को लागू करने का काम कर रही है। गरीब परिवारों की सालाना आय 120000 से बढ़ाकर 180000 रुपये की गई है। जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार रुपये है उन्हें फ्री में राशन, पीला राशन कार्ड और उनके परिजनों का पांच लाख रुपये की धनराशि का सालाना मुफ्त में इलाज करवा जा रहा है। अभिनंदन समारोह को विनोद अवाना, ओपी रैक्सवाल, रवि भड़ाना ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर चौधरी अंतलाल पहलवान, बेदी भड़ाना, किरन पाल अवाना, राजे नेता, सतपाल, सुखराज प्रधान, राम कुमार भड़ाना, विजय पाल अवाना, ओम प्रकाश रेक्सवाल निवर्तमान पार्षद, रवि भड़ाना, विनोद अवाना, मंगत राम अवाना, पप्पी चेयरमैन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# वाईएमसीए के वालंटियर नीतीश चौरसिया को मिला राज्य पुरस्कार

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनएसएस वालंटियर नीतीश चौरसिया को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा पुरस्कार 2020-21 से सम्मानित किया गया है। हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 एवं 2021- 22 के लिए घोषित एनएसएस पुरस्कारों को चैधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह में दिया गया। जिसमें कुल 28 अधिकारियों एवं वालंटियर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे।

जेसी बोस विश्वविद्यालय में बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग के छात्र नीतीश चौरसिया विश्वविद्यालय की एनएसएस विंग में वर्ष 2019 से 22 तक वालंटियर रहे तथा जयपुर, राजस्थान में आयोजित प्री-गणतंत्र दिवस परेड कैंप 2021 में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था। समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए नीतीश को विश्वविद्यालय द्वारा उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार 2020-21 तथा 2021-22 से भी सम्मानित किया जा चुका है।

विश्वविद्यालय एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने नीतिश को पुरस्कार के लिए शुभकामनाएं दी हैं। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक आत्माराम ने कहा कि यह पुरस्कार राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा तथा भविष्य में उन्हें समाज के लिए और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई की जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों जैसे पोलियो अभियान, स्वच्छता अभियान, जागरूकता अभियान, विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूकता अभियान, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में भागीदारी रहती है।

# कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन




**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को दिए गए 33 प्रतिशत आरक्षण को तुरंत प्रभाव से लागू करने तथा उसमें ओबीसी को अलग से कोटा देने की मांग की। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मंडल रोजगार कार्यालय में आज लगाया जाएगा जॉब मेला

**फरीदाबाद।** मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा 29 सितंबर को जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार इस रोजगार मेले में सभी प्रकार के बेरोजगार प्रार्थियों जैसे मैट्रिक, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर आदि को निजी संस्थापनाओं में समायोजन हेतु रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। मंडल रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडल रोजगार कार्यालय फरीदाबाद द्वारा सुबह 10 बजे होगा।

# राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास नेशनल बुक ट्रस्ट की मोबाइल प्रदर्शनी वैन यानी हरियाणा सचल पुस्तक परिक्रमा, पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-16 फरीदाबाद पहुंची। जिसका उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर रुचिरा खल्लर ने किया। प्राचार्य ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को किताबों के महत्व के बारे में बताया और किताबों को मानव का सबसे सच्चा दोस्त भी बताया। नेशनल बुक ट्रस्ट की इस यात्रा की शुरुआत न्यास के निदेशक कर्नल युवराज मलिक और संयुक्त निदेशक अमित सिंह के प्रयासों से शुरू हुई। इस पुस्तक यात्रा को हरियाणा के पंचकूला में चार सितंबर को शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने हरी झंडी दिखाई थी। इस परिक्रमा के संचालक सुरेश कुमार और अन्य सहयोगी सिद्धार्थ, धर्मपाल, गजराज सिंह मोबाइल वैन के साथ उपस्थित थे। यह यात्रा तीन अक्टूबर को मथुरा रिफाइनरी पहुंचेगी। इस मौके पर महाविद्यालय का स्टाफ भी मौजूद था। जिसमें डॉ. एसके. यादव, डॉ. तनुश्री, डॉ. राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# महिला और लड़की का एक साथ बायलेटरल कॉकलियर इंप्लाट किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अमृता** अस्पताल फरीदाबाद ने दो महिला रोगियों में एक साथ बायलेटरल कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी की है, जिससे उनकी सुनने की क्षमता बहाल हो गई है। दिल्ली की रहने वाली एक 23 वर्षीय महिला और चार वर्षीय लड़की, सुनने में परेशानी से पीड़ित थीं। महिला को बचपन से ही धीरे-धीरे सुनने की समस्या से जूझना पड़ा, जब तक उसकी सुनने की क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हो गई। दूसरी ओर, युवा लड़की को जन्म के एक साल बाद बहरेपन का पता चला। जब मरीजों की सुनने की शक्ति बहाल करने के सभी विकल्प विफल हो गए तो उन्हें फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल में लाया गया।

ईएनटी और कॉकलियर इंप्लांट विभाग के एचओडी डॉ. एनएन माथुर ने कहा, मरीजों के दोनों कानों में सुनने की क्षमता को अधिकतम करने के लिए बायलेटरल कॉकलियर प्रत्यारोपण महत्वपूर्ण है। बायलेटरल कॉकलियर प्रत्यारोपण न केवल सुनने की क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि श्रवण हानि वाले व्यक्तियों के लिए ध्वनि स्थानीयकरण, भाषण स्पष्टता और जीवन की समग्र गुणवत्ता में भी सुधार करते हैं। यह उस गहराई और आयाम के समान है, जो त्रिविम दृष्टि प्रदान करती है, जो एक समृद्ध और अधिक संपूर्ण श्रवण अनुभव की अनुमति देती है।

फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पातल के ईएनटी एवं कॉकलियर इम्प्लांट्स विभाग के सीनियर कंसलटेंट डॉ. शोमेश्वर सिंह ने कहा, डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार, बहरापन भारत की लगभग छह प्रतिशत आबादी को प्रभावित करती है, जो लगभग 63 मिलियन लोग हैं। प्रत्येक एक हजार जीवित जन्मों में से 4-8 बच्चे बहरेपन के साथ पैदा होते हैं। गंभीर बहरेपन वाले लोगों में कॉकलियर इंप्लांट की आवश्यकता होती है। हालांकि, इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द किया जाना चाहिए, क्योंकि यदि इसे स्थगित कर दिया जाता है, तो मस्तिष्क शांत हो सकता है और दृश्य संकेतों पर अधिक निर्भर हो सकता है।

फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल के ईएनटी विभाग की कंसलटेंट डॉ. अपर्णा महाजन ने कहा, समय पर जांच महत्वपूर्ण है, क्योंकि शिशु की सुनने की क्षमता में कमी पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है। श्रवण यंत्र या कॉकलियर इंप्लांट के साथ शुरुआती हस्तक्षेप से परिणामों और बच्चे की सुनने की क्षमता में काफी सुधार होता है। कॉकलियर इंप्लांट 8-9 महीने की उम्र तक सबसे प्रभावी है।

कॉकलियर इंप्लांट्स छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हैं, जो आंतरिक कान के कॉकलियर में रखे गए इलेक्ट्रोड के माध्यम से श्रवण तंत्रिका को उत्तेजित करते हैं। इन्हें एक कान (एकतरफा) या दोनों कानों (द्विपक्षीय) में रखा जा सकता है। एक साथ द्विपक्षीय कॉकलियर इंप्लांटेशन में, एक ही सर्जिकल सेशन में मरीज के दोनों कानों में कॉकलियर इंप्लांट लगाया जाता है।

चार घंटे तक चलीं दोनों सर्जरी अमृता अस्पताल की टीम द्वारा की गईं, जिसमें डॉ. शोमेश्वर सिंह, डॉ. अपर्णा महाजन और ऑडियोलॉजिस्ट दिव्या चौहान शामिल थीं। प्रक्रिया सफल रही और सर्जरी के तीन सप्ताह बाद कान में लगे उपकरणों को चालू करने से दोनों मरीज बिना किसी हानि के आवाज सुनने में सक्षम हो गए।

डॉ. शोमेश्वर सिंह ने कहा, एक साथ द्विपक्षीय कॉकलियर इंप्लांट सर्जरी के लिए एनेस्थेटिक जटिलताओं को कम करने के लिए विशेषज्ञ कौशल, विशेष प्रशिक्षण और शीर्ष बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। सर्जनों को टेंपोरल हड्डी के माध्यम से ड्रिल करना पड़ता है, यह कठोर हड्डी जिसे आप एक ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप और चेहरे की तंत्रिका मॉनिटर के तहत कान के पीछे महसूस करते हैं।

वे लक्ष्य से आधा मिलीमीटर भी दूर नहीं रह सकते, क्योंकि इससे चेहरे का पैरालाइसिस हो सकता है। हालांकि, तकनीक अच्छी तरह से विकसित है और अनुभवी हाथों में, किसी भी जटिलता की संभावना एक प्रतिशत से भी कम है। बायलेटरल कॉकलियर इंप्लांट प्राप्तकर्ता ध्वनि के स्रोत का पता लगाने और बहुत अधिक आराम और आसानी से ध्वनि सुनने में सक्षम होता है। केवल एक कान से सुनने की क्षमता होने से थकान नहीं होती।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**जो सूरज के उदय होने से पहले जाग जाते हैं**
**जो घर आते हैं तो नभ में सितारे जगमगाते हैं**
**वो जिनके घर तिजोरी सब भरे हैं उनसे मत पूछो**
**कभी उनकी भी सुध लो जो कमाकर रोज खाते हैं**

# होमर्टन ग्रामर स्कूल ने छात्रवृत्ति परीक्षा की घोषणा की




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**होमर्टन** ग्रामर स्कूल सेक्टर 21ए द्वारा 14 अक्टूबर को स्वामी विवेकानंद होमर्टन अकादमिक छात्रवृत्ति एसवीएचएएस का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य अकादमिक क्षेत्र में असाधारण प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है।

संभावित उम्मीदवारों को सात अक्टूबर तक छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। स्वामी विवेकानंद होमर्टन अकादमिक छात्रवृत्ति एसवीएचएएस टेस्ट मेधावी छात्रों को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पहल शैक्षणिक प्रतिभा को बढ़ावा देने और योग्य छात्रों के लिए वित्तीय बोझ को कम करने के लिए होमर्टन ग्रामर स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रबंधन का मानना है कि यह परीक्षा छात्रों को अपनी शैक्षणिक कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करती है और संभावनाओं से भरे भविष्य के द्वार खोलेगी। होमर्टन ग्रामर स्कूल स्वामी विवेकानंद होमर्टन अकादमिक छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्साही छात्रों का स्वागत करने के लिए उत्सुक है और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी हैं।



# एसजीएम नगर में जल्द दूर होगी पेयजल किल्लत



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एसजीएम नगर में पेयजल से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। नगर निगम ज्यादा पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में ट्यूबवेल लगाने जा रहा है। निगम बड़खल विधानसभा में करीब 39 ट्यूबवेल लगवाने जा रहा है। इस पर करीब 406.20 लाख रुपये खर्च होंगे। शहर में पेयजल की सप्लाई यमुना नदी के किनारे लगे रेनीवेल लाइनों से होती है। पुरानी रेनीवेल लाइनें होने से एनआईटी और बड़खल की कई कॉलोनियों में पानी की सप्लाई में दिक्कत आती है। ऐसे में लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं होता है। इसमें एसजीएम नगर, एनआईटी क्षेत्र, सैनिक कॉलोनी और सेक्टर 21 समेत अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इन लोगों को अक्सर नगर निगम में पानी की समस्या की शिकायत मिलती रहती है। ऐसे में नगर निगम इन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बेहतर करने के लिए ट्यूबवेलों की संख्या बढ़ाने जा रहा है। निगम ने बड़खल और एनआईटी क्षेत्र में ज्यादा पेयजल संकट वाले सेक्टरों में ट्यूबवेल लगाने जा रहा है। इससे लोगों को रेनीवेल पर पूरी तरह से निर्भर नहीं करना होगा। जरूरत के अनुसार ट्यूबवेलों से बूस्टरों में पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। निगम की योजना हैं कि ट्यूबवेलों को बूस्टरों से जोड़ दिया जाएगा ताकि कॉलोनियों और सेक्टरों में सभी को पानी मिल सके।

> **एसजीएम** नगर में अक्सर पानी की समस्या रहती है। ऐसे में इस क्षेत्र के लिए अलग से पानी का इंतजाम होना चाहिए। शिकायत करने पर पानी की समस्या का समाधान नहीं होता। नए ट्यूबवेल लगने से राहत मिलने की उम्मीद है।
>
> -प्रेमो देवी, एनआईटी

> **बड़खल** विधानसभा क्षेत्र के सेक्टरों और कॉलोनियों में करीब 39 ट्यूबवेल लगाने की तैयारी है। इसमें कुछेक पर जल्द काम शुरू होने वाला है। इससे क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर हो सकेगी। इस पर करीब 406.20 लाख रुपये खर्च होंगे।
>
> -ओमदत्त, कार्यकारी अभियंता

### इन जगहों पर लगेंगे ट्यूबवेल

**वार्ड-19** सेक्टर 21 डी में 10.62 लाख रुपये से एक ट्यूबवेल, वार्ड-15 स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में एक ट्यूबवेल पर 10.09 लाख रुपये, मिनी रोज गार्डन में एक ट्यूबवेल 10.62 लाख रुपये, वार्ड 21 गुरुकुल इंडस्ट्री में एक ट्यूबवेल लगेगा और 8.03 लाख रुपये खर्च होगा। वहीं, वार्ड 19 एनआईटी में एक ट्यूबवेल पर 11.43 लाख रुपये खर्च होगा। वार्ड 15 में अलग-अलग जगहों पर 5 ट्यूबवेल लगेंगे और 59.11 लाख रुपये खर्च होंगे। वार्ड- 12 एनआईटी एक में 35.12 लाख से तीन, वार्ड 15 में 74.25 लाख से 5 ट्यूबवेल, एसजीएम नगर ब्लॉक बी व ई में 31.13 लाख से तीन ट्यूबवेल, आनंगपुर गांव में 62.26 लाख से आठ, सैनिक कॉलोनी सेक्टर 49 में 10.43 लाख से एक, वार्ड 19 में 10.73 लाख से एक, वार्ड 17 एसजीएम नगर में सी ब्लॉक में 20.68 लाख से दो और भांखरी और सैनिक कॉलोनी में 51.70 लाख रुपये से पांच ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। करीब 39 ट्यूबवेलों पर 406.20 लाख रुपये खर्च होंगे। इसमें पांच के कार्य ठेकेदार को दे दिया गया है। अन्य के लिए टेंडर जारी किया गया है।

### 125 एमएलडी की कमी

**शहर** में करीब 425 एमएलडी पानी की जरूरत होती है। करीब 300 एमएलडी पानी की सप्लाई हो रही है। दूसरी ओर रेनीवेल की पुरानी लाइनें होने से बूस्टिंग स्टेशनों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पता है। पानी की समस्या सबसे ज्यादा एनआईटी क्षेत्र में होती है। पानी की कमी को पूरा करने के लिए, नगर निगम को ट्यूबवेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में नगर निगम नए ट्यूबवेल के साथ बूस्टिंग स्टेशन लगाने पर काम कर रहा है।

# घर से बुलाकर दोस्तों ने की हत्या, मामला दर्ज

### परिजनों को दी एक्सीडेंट की सूचना



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**एक** युवक को दोस्त घर से बुलाकर ले गए और उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद आरोपियों ने मृतक की मौत एक्सीडेंट होने की भाई और साले को जानकारी दी। लेकिन, पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना के अनुसार, बाड़का गांव निवासी मौसम ने दी शिकायत में कहा है कि उसका पति लोकेश घर पर था। उसी दौरान गांव के ही धर्मेंद्र, हरेंद्र व सिहंराज उन्हें अपने साथ बुलाकर ले गए। उनके साथ उनके अन्य साथी भी थे। जिसके बाद पूरी रात कोई सूचना उन्हें नहीं दी कि लोकेश कहां है, सुबह जब युवकों के घर जाकर देखा तो उनमें से कोई नहीं मिला। आरोपियों ने लोकेश के साले व बड़े भाई प्रदीप को बताया कि लोकेश का एक्सीडेंट हो गया है और अस्पताल में है। पीड़ित मौके पर जब अस्पताल पहुंचे तो लोकेश की मौत हो चुकी थी। मृतक की पत्नी का कहना है कि उसके पति की मौत सड़क दुर्घटना में नहीं हुई, बल्कि उन लोगों ने उसकी हत्या की है।

उस समय लोकेश के पास 20-25 हजार रुपए थे, जो गायब हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर बादशाह खान अस्पताल फरीदाबाद में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं, पुलिस ने मृतक की पत्नी मौसम की शिकायत पर गांव के ही धर्मेंद्र, हरेंद्र व सिहंराज सहित अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शहीदे आजम भगत सिंह को भूल गई भाजपा : धर्मवीर भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मात्र** 23 वर्ष में हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ जाने वाले भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की सबसे प्रभावशाली क्रांतिकारी शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती फरीदाबाद के तमाम हिस्सों में मनाई गई। शहर के पांच नंबर स्थित सहित भगत सिंह चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण पर करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने हरियाणा की भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि इस चौक पर तीन प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, लेकिन जन्मोत्सव के दिन वहां ताला लगाया गया है और ऐसा लगता है कि कई महीने से यहां सफाई हुई ही नहीं। उन्होंने कहा कि लगता है कि भाजपा सरकार शहीद ए आजम भगत सिंह को भूल चुकी है।

धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि लिव फॉर नेशन संस्था सहित शहर की तमाम संस्थाओं के युवा यहां शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे, लेकिन यहां साफ-सफाई की बजाय सरकार ने पुलिस तैनात कर रखी है। उन्होंने कहा कि प्याली चौक के पास भी सैकड़ों युवा इकट्ठे थे, तिरंगा रैली को इजाजत न देकर वहां भी सरकार की तानाशाही देखी गई। वहां भी भारी मात्रा में पुलिस तैनात किया गया था और वहां से युवाओं के काफिले को नहीं निकलने दिया गया। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह को हर धर्म के लोग मानते हैं और हर धर्म के लोग यहां माल्यार्पण करने पहुंचे थे, लेकिन सरकार का रवैया ठीक नहीं रहा।

जिससे साबित हुआ कि ये सरकार न जनता के लिए कुछ कर रही है, न ही शहीदों के लिए। उन्होंने कहा कि पूरे देश के युवा आज भी शहीद ए आजम भगत सिंह को अपना आदर्श मानते हैं, क्योंकि भगत सिंह को भारत के सबसे महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक माना जाता है। उनके बलिदान और साहस ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया। भगत सिंह के विचार और आदर्श आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से दो अक्टूबर को सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही है। इसी क्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा फरीदाबाद ने देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में जिले की सभी छह विधानसभाओं में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तिगांव विधानसभा की वीरों की भूमि तिगांव के राजकीय माध्यमिक स्कूल में प्रथम विश्वयुद्ध के शहीदों की याद में बने स्मारक जीतगढ़ पर स्वच्छता कर स्वच्छता अभियान चलाया गया और शहीदों को याद कर नमन किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रंजीत सेन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती से आगे बढ़ रहा है, उसका कारण यही है कि नरेंद्र मोदी देश हित में हर छोटे से छोटे बिंदु का ध्यान रखते हैं। उसी अनुसार उन्होंने देश में स्वच्छता की पहल करते हुए स्वच्छ भारत मिशन की नई दिल्ली, राजपथ पर शुरुआत करते हुए दो अक्टूबर 2014 को सभी देशवासियों से स्वच्छता रखने के लिए आह्वान किया था और देश के लोगों ने उनका भरपूर समर्थन किया। जिससे आज देश में स्वच्छता का स्तर बढ़ा है और जागरूकता आई है। भारतीय जनता पार्टी मोदी के जन्मदिवस को अब सेवा पखवाड़े के रूप में मनाती है और कई प्रकार के सेवा कार्य कार्यकर्ताओं के द्वारा किये जाते हैं। इस स्वच्छता अभियान में भाजपा तिगांव मंडल के अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा फरीदाबाद जिला महामंत्री रेशम सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देव जॉर्ज, अल्पसंख्यक मोर्चा तिगांव मंडल अध्यक्ष राम सिंह आदि मौजूद थे।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम गौरव उर्फ शाका है। आरोपी मूल रूप से राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव रसिये का हाल में फरीदाबाद के तिगांव की करीराम कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को गश्त के दौरान नीलम बाटा रोड पर स्थित आकाश होटल के सामने देखा तो आरोपी टीम को देखकर भागने लगा तो। जिसको क्राइम ब्रांच टीम ने तुरंत काबू कर लिया और मोटरसाइकिल का दस्तावेज मांगा, जो वह पेश नहीं कर सका। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर पूर्व में थाना सिटी बल्लभगढ़ और थाना सेक्टर-8 में चोरी के दो मामले दर्ज हैं। आरोपी नशा करने का आदी है, नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है।

# राज्य की उत्पत्ति के सिद्धांत विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**फरीदाबाद।** राज्य व राज्य की उत्पत्ति कैसे हुई, इसे विद्यार्थी जानें, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा राजनीति शास्त्र फोरम के अंतर्गत राज्य की उत्पत्ति के सिद्धांत विषय पर अतिथि व्याख्यान कराया गया। अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से महाविद्यालय में समय-समय पर अनेक कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए कराए जाते हैं। इसी श्रृंखला में यह व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. रानी सांगवान एसोसिएट प्रोफेसर, सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल द्वारा दिया गया। मुख्य वक्ता का स्वागत राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ. रितु द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता ने राज्य की उत्पत्ति, उसकी संरचना व उसके विभिन्न सिद्धांतों की विस्तार से व्याख्या और विवेचना की। उन्होंने बताया कि कैसे ये सिद्धांत सामाजिक संरचना और शक्ति के प्रति हमारे दृष्टिकोण को प्रभावित करते हैं। व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों के सवालों का संतोषजनक जवाब मुख्य वक्ता ने दिया। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक रहा। इस व्याख्यान से 83 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

# एसआईटी करेगी 11वीं के छात्रों की मौत के मामले की जांच

**फरीदाबाद।** सिद्धदाता आश्रम के पीछे जंगल में एक पेड़ पर फंदे से लटके मिले 11वीं के दोनों छात्रों की मौत मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया है। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने इस मामले में वैज्ञानिक पहलुओं के साथ तेजी से जांच करने के निर्देश देते हुए डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के देखरेख में एसीपी क्राइम अमन यादव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन किया है।एसीपी क्राइम अमन यादव की अध्यक्षता में थाना प्रबंधक सूरजकुंड, क्राइम ब्रांच प्रभारी बड़खल, एवं चौकी प्रभारी सेक्टर 46 टीम के सदस्य होंगे। पुलिस उपायुक्त एनआईटी अमित यशवर्धन की देखरेख में एसआईटी की टीम के द्वारा साइंटिफिक पहलुओं के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। घटनास्थल से उठाए गए साक्ष्यों की बारीकी से जांच की जा रही है। दोनों बच्चों के घरों से जंगल तक के रास्तों के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज व वैज्ञानिक एवं तकनीक पहलुओं का अध्ययन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर में मूक बधिर बच्चों की जांच की



**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी स्थित सोनी पब्लिक स्कूल में एसोसिएशन फॉर दा वेलफेयर ऑफ हैंडिकैप्ड, डबुआ कॉलोनी संस्था द्वारा मूक बधिर सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष कामेश कुमार है। इस स्कूल में इस तरह के लगभग 155 बच्चे पढ़ते हैं। स्पीच थेरेपिस्ट मोहित कुमार ने हियरिंग मशीन द्वारा कुछ बच्चों का कानों के सुनने की शक्ति का टेस्ट लिया तथा कुछ हकलाने वाले बच्चों का भी टेस्ट किया। उन्होंने ये भी कहा कि अगर आसपास इस तरह के बच्चों का पता चले तो उन्हें इस संस्था के बारे में जागरूक किया जाए। इस संस्था से आए अफजल और सुजल बच्चों ने राष्ट्रगान, अंग्रेजी वर्णमाला को अपने इशारे की भाषा में समझकर दिखाया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के चेयरमैन अमित जैन एडवोकेट ने संस्था से आए सभी लोगों को बुक्के और स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद किया।

### महाविद्यालय में अंग्रेजी ओलंपियाड-2023 का आयोजन




**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल के अंग्रेजी विभाग द्वारा नेशनल इंग्लिश ओलिंपियाड का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी की देखरेख में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी साहित्य व अंग्रेजी व्याकरण से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम की संचालक व अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. सोनिया भारद्वाज ने छात्र-छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंग्रेजी विभाग की डॉ. शुचि दीवान, पारूल जैन, डॉ. रेखा तेवतिया, सुमन मोर, बबीता सिंह, अदिति शर्मा, निर्मल, प्रियंका प्राध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### जीजीडीएसडी कॉलेज में लगा रोजगार पर सेमिनार



**पलवल।** गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कॉलेज में कंप्यूटर विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन नई दिल्ली से आए अक्षित सिंह, यूथ ट्रेनर एवं शिवम प्रोजेक्ट मैनेजर रहे। कंप्यूटर विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने अतिथियों का स्वागत किया एवं मंच का संचालन किया। मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा आए अक्षित सिंह, यूथ ट्रेनर ने बच्चों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन बच्चों को रोजगार देने के अवसर प्रदान करती है और वह एक ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाती है। जिससे बच्चे ट्रेनिंग लेकर भविष्य में अपने रोजगार को प्राप्त कर सकें। विद्यार्थियों को अलग-अलग कंपनी के बारे में बताया बैंकों के बारे में आईआईटी कंपनी के बारे में बताया, जहां पर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्या प्रतिभा सिंगला ने बच्चों को इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में डॉ. कुसुम, डॉ. भावना, कनिका, कंचन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कंप्यूटर विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सूचना दी कि अगले सप्ताह से निशुल्क ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा।

### लापता महिला व दो नाबालिग बच्चों को बरामद कर सौंपा



**फरीदाबाद।** थाना सदर बल्लभगढ़ प्रभारी महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी आईएमटी की टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुजरात के सूरत से महिला को दो नाबालिग बच्चों सहित बरामद किया है। महिला अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ बिना बताए घर से निकल गई थी। परिजनों द्वारा महिला की काफी तलाश की गई। महिला के नहीं मिलने पर, महिला के परिजनों ने स्थानीय पुलिस चौकी में महिला और दो बच्चों के लापता होने के संबंध में सूचना दी थी। महिला 21 सितंबर को घर से निकल गई थी। पुलिस टीम द्वारा सूचना पर महिला का गुजरात के सूरत का पता चला। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी इंचार्ज ने महिला बरामद के लिए एक टीम गठित कर गुजरात के लिए भेजा। वहां से महिला को बरामद कर फरीदाबाद लाया गया। महिला से परिजनों के सामने पूछताछ की गई, जिसमें महिला ने बताया कि उसकी उसके पति के साथ अनबन हो गई थी।

विश्व हृदय दिवस

# युवाओं में हार्ट अटैक का सबसे बड़ा कारण तंबाकू और सिगरेट : डॉ. ऋषि गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिले** में हृदय रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इनमें युवाओं की संख्या काफी ज्यादा है। तंबाकू और सिगरेट का सेवन करने वाले लगभग 20 प्रतिशत युवाओं का दिल जवानी में ही दगा दे रहा है। ये युवा धमनियों में ब्लॉकेज के कारण हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। विश्व हृदय दिवस पर ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने इसे एक गंभीर समस्या बताया है।

वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ने बताया कि युवाओं में हार्ट अटैक का सबसे बड़ा कारण तंबाकू और सिगरेट है, युवा इसे नजरअंदाज करते हैं। जबकि, तंबाकू और सिगरेट धीरे-धीरे हृदय पर असर करते हैं। इनके सेवन से शरीर की धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं। खून न पहुंचने से दिल का दौरा पड़ता है। ऐसे युवा मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ़ती जा रही है। पिछले साल एक्टिव लाइफस्टाइल जीने वाले 40-45 साल के कई सेलिब्रिटी सहित दो पायलट की हार्ट अटैक से मौत हो गई, जो काफी चिंताजनक है।

डॉ. गुप्ता ने कहा-भारत में युवाओं में हार्ट अटैक होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके लिए जिम्मेदार विभिन्न फैक्टर्स में से कुछ आनुवंशिक फैक्टर्स भी होते हैं। इससे भारतीयों में तेजी एथेरोस्क्लेरोसिस होता है। प्रमुख कार्बोहाइड्रेट और फैट वाला खानपान, बदलती आदतें और गतिहीन लाइफस्टाइल और विभिन्न प्रकार के रोजमर्रा के तनाव इसमें प्रमुख भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा सीएडी और इसके जोखिम फैक्टर्स के प्रति जागरूकता की कमी और देरी से पहचान तथा मैनेजमेंट की वजह से भी युवा भारतीय नागरिकों में हार्ट अटैक से मृत्यु दर बहुत ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि तनाव वह फैक्टर होता है, जिस पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है और इस वजह से भारत में कार्डियोवैस्कुलर मृत्यु दर ज्यादा है।

किसी भी प्रकार का तनाव, चाहे शारीरिक या मानसिक तनाव हो, ये तनाव विभिन्न हार्मोनों को रिलीज करते हैं। जो हार्ट को ऑक्सीजन की मांग को कई गुना बढ़ा सकता है और हार्ट में आपूर्ति कम हो जाती है। इससे हार्ट में ऑक्सीजन की मांग और आपूर्ति बेमेल हो सकती है, जो हानिकारक हो सकता है। इसलिए तनाव नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन, कंसल्टेशन, नियमित एक्सरसाइज से हार्ट की समस्याओं से बचा जा सकता है।

हार्ट प्रॉब्लम लोगों को एक्सरसाइज के दौरान हार्ट पेन, भारीपन, बाएं कंधे में दर्द, गले में दर्द व पीठ में दर्द जैसे लक्षणों को कभी नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। इनमें से कोई भी लक्षण नजर आए तो एक्सरसाइज तुरंत बंद कर दें। इसके अलावा नियमित रूप से आपके डॉक्टर की सलाह पर सीटी कोरोनरी एंजियोग्राफी जरूर करवानी चाहिए। जिससे कि बिमारी समय रहते पहचान हो सके और इलाज शुरू किया जा सके।

# स्वस्थ जीवनशैली से दिल की बीमारियों से बचाव संभव : डॉ. एसएस बंसल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हर** साल 29 सितंबर को हम विश्व हृदय दिवस को मनाते हैं। यह दिन हृदय रोग के बारे में जागरूकता फैलाने के एक अंतरराष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है, क्योंकि दुनिया में हर साल 1.7 करोड़ लोग हृदय अटैक की वजह से मर जाते है। जिसमें सबसे अधिक मौतें भारत में होती हैं। दुनिया के अधिकांश हिस्सों में आधुनिक जांच और उपचार के तौर-तरीके उपलब्ध होने के बावजूद यह पूरी दुनिया में हो रहा है।

हृदय रोग की शीघ्र पहचान और समय पर इलाज से इसे आसानी से रोका जा सकता है। बीमारी की मूक प्रकृति और इसके जोखिम कारकों के कारण लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। यह जानकारी देते हुए एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के सीएमडी एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएस बंसल ने बताया कि हार्ट अटैक की अचानक और शांत प्राकृतिकता व जांच में देरी मौत के मुख्य कारण हैं। भारत में हर साल हार्ट अटैक की वजह से लाखों लोग अपना जीवन खो देते हैं। जिनमें 16 प्रतिशत लोग हार्ट अटैक के एक घंटे के भीतर ही मर जाते हैं। इससे पहले कि वे या उनके परिवारजन यह जान पाएं कि उन्हें हार्ट अटैक हुआ है, वे अक्सर अचानक ही मर जाते हैं। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक कभी कभी सोते समय भी आ जाता है और मरीज को उसकी जांच या इलाज करवाने का भी मौका नहीं मिलता। इसमें बिना किसी लक्षण के अचानक मृत्यु होना एक आम बात हो गयी है।

कोलेस्ट्रॉल ब्लॉक वर्षों तक मानव हृदय में चुपचाप तब तक बनता रहता है, जब तक ब्लॉक 70 प्रतिशत या उससे अधिक तक नहीं पहुंच जाता। हृदय रोग से पीड़ित लगभग 30 से 40 प्रतिशत लोगों में, विशेष रूप से मधुमेह रोगियों में, 90 प्रतिशत से अधिक मरीजों के गंभीर ब्लॉक भी कोई लक्षण नहीं दिखाते। हालांकि दिल का दौरा 50 प्रतिशत ब्लॉक के साथ भी हो सकता है, जो जोरदार शारीरिक गतिविधि या व्यायाम में अचानक वृद्धि के कारण हो सकता है।

# एरोबिक व्यायाम हृदय के लिए ज्यादा फायदेमंद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



विश्व स्तर पर लोगों को हृदय रोगों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। खासकर जिम में एक्सरसाइज करने वाले युवा लोगों में हार्ट अटैक की समस्याएं ज्यादा देखने को मिल रही हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद के कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. गजिंदर कुमार गोयल ने कहा कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए ब्रिस्क वॉकिंग, साइकलिंग, रनिंग, स्विमिंग, बैडमिंटन खेलना जैसी एरोबिक व्यायाम पर ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए, क्योंकि ये व्यायाम हार्ट डिजीज, स्ट्रोक, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हाई कोलेस्ट्रॉल के खतरे को कम करती हैं। ये व्यायाम हमारे फेफड़ों की क्षमता बढ़ाती हैं। वहीं हार्ट की मसल्स को मजबूत बनाती हैं। पुश-अप, वेट लिफ्टिंग जैसी रेजिस्टेंस एक्सरसाइज कई बार हार्ट के लिए हानिकारक हो सकती हैं। सामान्य तौर पर एक घंटे का व्यायाम काफी होता है। अगर आप इससे अधिक समय तक तेज स्पीड में एक्सरसाइज करते हैं तो इससे कई बार हार्ट की मसल्स को नुकसान पहुंचने का जोखिम बढ़ जाता है। जिम करते हुए किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक का आना इतना आम नहीं है। अगर किसी व्यक्ति को छाती में दर्द हो रहा है, सांस लेने में तकलीफ हो रही है तो उस समय जिम में एक्सरसाइज करने से बचना चाहिए। ऐसा न हो कि कुछ हार्ट डिजीज के लक्षण चल रहे हों और उसके बीच में आप जिम में एक्सरसाइज कर लें। इसलिए इसका बात का खास ध्यान रखें। दो-तीन घंटे तक नियमित एक्सरसाइज करना खतरनाक हो सकता है। अगर आप अधिक समय तक एक्सरसाइज करते हैं तो हार्ट के किसी भी छोटे या बड़े ब्लॉकेज में क्रैक आने से हार्ट की आर्टरी के अंदर गतिरोध जमा होने का रिस्क होता है। इससे हार्ट अटैक आ सकता है।

# भौली भौली सूरत दादा समाधवाले की, लागै स घणी प्यारी...

## सुण्डाणा धाम में दादा समाधवाले की स्मृति में जागरण व भंडारे का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**जिले** के गांव सुण्डाना में वामन द्वादशी के शुभ अवसर पर सुण्डाणा एवं जेठपुर के श्रद्धालुओं द्वारा हर वर्ष की भांति दादा समाधवाले की स्मृति में जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जागरण में कलाकारों ने दादा समाधवाले व बाबा गिरनारी की महिमा का गुणगान किया।

कलाकारों ने भौली भौली सूरत दादा समाधवाले की, लागै स घणी प्यारी, भक्तों के प्यारे दादा सबके मन को भागै, भक्ता म छागै दादा समाधवाले, भक्ता म छागै, बल्ले बल्ले मौज फकीरा की, फकीरा की रै पीरा की, बल्ले बल्ले मौज फकीरा की, श्रीराम नाम का सुमिरन करलै, पार हो ज्यागा, तेरी भीड़ पड़ी मै साथी पवन कुमार हो ज्यागा, जननी चीज बड़ी अनमोल, इसका नहीं हैं कोई मोल जैसे भजनों से कलाकारों ने दादा समाधवाले की महिमा का गुणगान किया।


दादा समाध वाले की स्मृति में आयोजित जागरण में भजनों पर नृत्य करते कृष्ण बने कलाकार।

उल्लेखनीय है कि दादा समाधवाले की स्मृति में हर वर्ष जागरण एवं भंडारे का आयोजन होता है। रात्रि जागरण में बुजुर्ग दीपचंद भट्टी ने दादा समाधवाले की ज्योत प्रज्वलित की और दादा समाधवाले से पूरे परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। बवानीखेड़ा से आए कलाकार बबलू राठी ने गणेश वंदना से जागरण की शुरुआत की। इसके बाद बबलू राठी ने- भौली भौली सूरत दादा समाधवाले की, लागै सै घणी प्यारी रै, भक्तों के प्यारे दादा सबके मन को भागै, भक्ता मै छागै दादा समाध वाले...भजन सुनाया।

कलाकार सुदेश हिसार ने गुरुजी मनै बाहर काड लै हो, मनै हो लिए बारह साल...की सुंदर प्रस्तुति दी। मां की महिमा का सारंगपुर से आए कलाकार रघुबीर लांबा ने गुणगान किया। इसके बाद दादा समाधवाले की याद में हवन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु बुजुर्ग, महिला, पुरुष व बच्चों ने आहुति डालकर दादा समाध वाले से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। जागरण में कलाकारों ने शिव पार्वती, श्रीकृष्ण राधा सहित अनेक मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी। सुमित फौजी, कलाकार सतनाम माजरा ने भी भजनों का रसपान कराया। इस मौके पर दीपचंद भट्टी, महाबीर भट्टी, दिलबाग सिंह, महेंद्र भट्टी, रामफल, रविंद्र गिलासी, मामचंद, रामकिशन, राजकुंवार, रामनिवास, राजेश भट्टी, करतार सिंह, राकेश भट्टी, ललित लोकेश, केशव कृष्ण, मनजीत, राहुल, सुमित सहित सुण्डाणा व जेठपुर गांव से अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# नशा रोकने के हरियाणा में हुक्का बार पर पूरी तरह से प्रतिबंध

## सीएम मनोहर लाल के आदेश पर की गई है कार्रवाई

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**नशे** पर चोट करते हुए गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में हुक्का बार पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आदेशों पर अब आबकारी विभाग भी सख्त हो गया है। विभाग की ओर से हुक्का बारों पर कार्रवाई करने के लिए टीमें बना दी गई हैं। अब सभी पब, बार की जांच की जाएगी। अगर कहीं भी हुक्का बार चलता दिखाई दिया तो खैर नहीं होगी।

नशीली चीजों की बिक्री पर प्रतिबंध के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कार्रवाई की जा रही है। सरकार नशा ना करने के प्रति जहां जागरुकता अभियान चला रही है, वहीं नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्ती भी दिखा रही है। इस कड़ी में


हुक्का बार में हुक्का पीती एक युवती। सांकेतिक तस्वीर।

सरकार ने हुक्का बारों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सख्त आदेश हैं कि इन पर प्रतिबंध में कोई कोताही ना हो। मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद अब गुरुग्राम का आबकारी विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग की ओर से जिला के सभी रेस्तराओं, पब और बार को आदेश जारी करके कहा गया है कि किसी भी कीमत पर हुक्का बार चलाने की अनुमति नहीं है। अगर कोई चोरी-छिपे यह काम करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसी को भी हुक्का रखने, हुक्के का प्रयोग करने की सख्त मनाही है।



उप-आबकारी आयुक्त अमित भाटिया का कहना है कि गुरुग्राम में कुल 270 पब, बार हैं। काफी संख्या होटलों, रेस्तराओं की भी है। काफी जगह पर हुक्का बार चलाए जाते हैं। काफी पब, बार शहर के वेस्ट जोन में हैं। 270 में से 81 पब, बार वेस्ट जोन में हैं। प्राथमिक तौर पर इनमें चेकिंग के लिए आबकारी विभाग की ओर से छह टीमें गठित की गई हैं। ईस्ट जोन में संचालित किए जा रहे 190 पब, बार को भी सख्त हिदायत जारी करके कहा गया है कि वे हुक्का बार जैसे क्रियाकलापों को संचालित ना करें। सरकार की सीधी नजर है। अगर कहीं पर भी ऐसा होता पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**युवाओं में हुक्का बार के प्रति दीवानगी** : गुरुग्राम जैसे-जैसे विकसित होता गया है, जैसे-जैसे यहां मॉल संस्कृति बढ़ी है, वैसे ही यहां के युवाओं में पाश्चात्य संस्कृति हावी हो गई है। अब यहां युवक-युवतियां मॉल संस्कृति के चलते खुलेआम नशा, स्मोकिंग करते हैं। यहां तक कि हुक्का-बार आदि में भी इन युवाओं की अच्छी-खासी संख्या देखी जा सकती है। कारपोरेट कार्यालयों में स्मोकिंग आदि खुलेआम करना वहां की अपनी संस्कृति बन गई है। ऐसे में युवाओं को सही मार्ग पर लाने, उनकी ऐसे नशों की आदत को छुड़ाने के लिए सरकार ने कदम बढ़ाया है।

# श्री दुर्गा रामलीला के लिए जैकबपुरा में हुआ भूमि पूजन


श्रीदुर्गा रामलीला जैकबपुरा में भूमि व मंच पूजन करते कमेटी के पदाधिकारी व कलाकार।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**श्री दुर्गा** रामलीला कमेटी की ओर से गुरुवार को इस साल की रामलीला के मंचन के लिए पूर्ण विधि-विधान से जैकबपुरा स्थित रामलीला स्थल पर भूमि, मंच पूजन किया गया। इसी के साथ ही रामलीला का मंच बनाने का भी काम शुरू हो गया।

श्री दुर्गा रामलीला के चेयरमैन बनवारी लाल सैनी एव प्रधान कपिल सलूजा (लवली) ने बताया कि भूमि पूजन के साथ ही रामलीला की तैयारियां और जोरो से शुरू हो गई हैं। आगामी 13 अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू होगा। जैसे-जैसे रामलीला की यह तारीख निकट आएगी, वैसे-वैसे तैयारियों को और तेज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष रामलीला में मनमोहक संवाद के माध्यम से झाकियां भी दिखाई जाएगी। रामलीला कमेटी के निर्देशक अशोक सौदा व गोपाल जलिंद्रा, रामलीला के महासचिव अशोक प्रजापति ने बताया कि दिन में ड्यूटी, कार्यालय, व्यापार से फ्री होकर कलाकार देर रात तक हुनरमंद बन रहे हैं। राम लीला का मंचन करने के लिए कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रबंधन समिति भी दिन-रात एक करके तैयारियों में जुटा है। रामलीला कमेटी के मीडिया प्रभारी राज सैनी बिसरवाल ने बताया कि इस वर्ष भी दर्शकों को रामलीला का सीधा प्रसारण फेसबुक, यूट्यूब के माध्यम से दिखाया जाएगा। इसी तरह आप इंस्टाग्राम पर भी रामलीला के बेहतरीन संवाद देख सकते है। जिसके लिए कलाकार दिन-रात हुनरमंद बनकर राम लीला का मंचन करने के कड़ा अभ्यास कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम में पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल पर लगाई गई रोक



**गुरुग्राम।** त्योहारी सीजन में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन ने सक्रियता शुरू कर दी है। गुरुवार देर शाम जिलाधीश की ओर से आदेश जारी कर दिए गए कि गुरुग्राम जिला मं पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि जनहित में ग्रीन पटाखों, बेरियम साल्ट को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिलाधीश निशांत कुमार यादव ने कहा कि विस्फोटक नियम के तहत ग्रीन पटाखों को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों और सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, इस्तेमाल पर एक नवम्बर 2023 से 31 जनवरी 2024 की अवधि के लिए प्रतिबंध रहेगा। आदेशों में विशेष अवसरों पर ग्रीन पटाखे के इस्तेमाल को लेकर हिदायत दी गई है। कहा गया है कि दिवाली के दिन या किसी अन्य त्यौहार जैसे गुरुपर्व आदि पर जब ऐसी आतिशबाजी की जाती है तो वह रात 8 बजे से रात 10 बजे तक होगी। क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या पर जब ऐसी आतिशबाजी आधी रात के आसपास शुरू होती है, जो कि रात 11:55 बजे से 12:30 बजे तक रहेगा। फ्लिपकार्ट, अमेजन आदि ई-कॉमर्स कम्पनियां पटाखों के किसी भी ऑनलाइन ऑर्डर को स्वीकार नहीं करेंगी। क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड गुरुग्राम को भी निर्देश दिए हैं कि नियमित रूप से वायु गुणवत्ता की निगरानी करें। सर्वोच्च न्यायालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों के अनुसार संबंधित वेबसाइटों पर डेटा अपलोड करें। पुलिस आयुक्त गुरुग्राम, आयुक्त, नगर निगम गुरुग्राम और मानेसर, सभी एसडीएम, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीपीओ, डीसीपी, एसीपी, ईओ, सचिव, नगरपालिका समितियां, सभी पुलिस स्टेशनों के एसएचओ, अग्निशमन अधिकारी गुरुग्राम और अन्य अग्निशमन कार्यालय के कर्मचारी इस आदेश की पालना जिला में सुनिश्चित कराएंगे। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिला में इस आदेश को लागू करने के लिए छापेमारी करें और दैनिक आधार पर इसकी रिपोर्ट जिलाधीश कार्यालय में जमा करें।

### रविवार को श्रमदान दिवस के तहत बड़े पैमाने पर होगी सफाई

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर रविवार 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक पूरे देश में मनाए जाने वाले श्रमदान दिवस के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सभी क्षेत्रों में बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें विधायकगण, निवर्तमान मेयर टीम एवं पार्षदगण, एनजीओ व आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, औद्योगिक संस्थान सहित शहर के गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता के साथ शहर की सफाई सुनिश्चित की जाएगी। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता तथा निदेशक डा. यशपाल यादव ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बैठक में नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा तथा संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. नरेश कुमार ने आश्वस्त किया कि प्रत्येक वार्ड में बेहतर सफाई की जाएगी, जिसका प्रभाव भी दिखाई देगा। इसके तहत सभी गार्बेज वरनेबल प्वाइंटों, सड़कों, मार्केट क्षेत्रों सहित अन्य स्थानों की सूची तैयार की गई है। नगर निगम गुरुग्राम की टीमें अलग-अलग सेंकड़ों स्थानों पर कचरा उठान करने सहित पर्याप्त सफाई सुनिश्चित करेंगी। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रमदान दिवस की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

### दिव्यांग आयोग के आयुक्त आज लगाएंगे खुला दरबार

**गुरुग्राम।** हरियाणा दिव्यांग आयोग के प्रांतीय आयुक्त राजकुमार मक्कड़ 29 सितंबर को स्थानीय लोक निर्माण विश्रामगृह में सुबह दस बजे खुला दरबार लगाकर जिला के दिव्यांगों की समस्याएं सुनेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि दिव्यांग आयोग के प्रांतीय आयुक्त राजकुमार मक्कड़ सुबह दस बजे जिला के दिव्यांगजन की समस्याएं सुनेंगे। दस बजे से 11.30 बजे तक इस खुला दरबार का आयोजन होने के बाद आयुक्त राजकुमार मक्कड़ विश्रामगृह परिसर में ही दोपहर दो बजे जिला के अधिकारियों से मिलेंगे और दिव्यांग की शिकायतों को दूर करने के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर सीएमओ, एलडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कल्याण अधिकारी, रेडक्रॉस सचिव, जीएम रोडवेज, नगर निगम अधिकारी, पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**गुरुग्राम।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल सिविल लाइंस स्थित जिला परिषद के स्वतंत्रता सेनानी सभागार में 29 सितंबर शुक्रवार को सुबह 11 बजे जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और परिवादों की सुनवाई करेंगे। नगराधीश दर्शन यादव ने बताया कि कष्ट निवारण समिति की बैठक में कृषि मंत्री के समक्ष 16 परिवाद रखे जाएंगे। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, ताकि शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा सके।

### ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय संगठन सचिव बने कृपाल सिंह

**फरीदाबाद।** सामाजिक कार्यों के प्रति इमानदारी, निष्ठा, लगनशीलता एवं जुझारू व संगठन को विगत वर्षों में दिए गए योगदान की दृष्टिगत रखते हुए कांग्रेस के युवा नेता एवं पूर्व ग्रीवेंस कमेटी सदस्य कृपाल सिंह को अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय संगठन सचिव के पद पर नियुक्त किया है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनिवाल ने राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के हाथों से यह नियुक्ति पत्र कृपाल सिंह को सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनिवाल ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि आप संगठन के संविधान का पालन करते हुए नियमों और अप नियमों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ पेशेवर समाज के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# नवरात्र मेले के लिए शीतला माता मंदिर परिसर को दिया जाएगा भव्य रूप

**गुरुग्राम।** अश्विन नवरात्रों के अवसर पर गुरुग्राम के प्रसिद्ध धाम श्री शीतला माता मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मेले के दौरान यहां की सफाई व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। यह बात शीतला माता मंदिर बोर्ड के मुख्य प्रशासक व डीसी निशांत कुमार यादव ने नवरात्र मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर के साथ-साथ पार्किंग स्थल पर भी सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए। इसके लिए नगर निगम की ओर से अलग-अलग साइटों पर आठ घंटे की ड्यूटी बांट कर सफाई कर्मचारियों को तैनात रखा जाए। उन्होंने कहा कि शौचालयों की पूरी सफाई रखी जाए। बैठक में मंदिर बोर्ड के सदस्यों ने मेला प्रबंधन को लेकर अपने-अपने सुझाव मुख्य प्रशासक के सामने रखे। सदस्यों के सुझाव सुनने के बाद डीसी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को कहा कि मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए मिनी बसें चलाई जाएं। जिन पर मेला बसें होने का बोर्ड भी लगा होना चाहिए। उन्होंने एसीपी नवीन कुमार व एसीपी ट्रैफिक सुखबीर सिंह को निर्देश दिए कि 15 से 23 अक्टूबर तक जारी रहने वाले इस धार्मिक आयोजन के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की यहां तैनाती की जाए। मेले के दौरान गुमशुदा की तलाश में


गुरुग्राम के श्री शीतला माता मंदिर परिसर में नवरात्र मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी निशांत कुमार यादव।

आम जन को सूचना देने के लिए तीन स्थानों पर माइक लगाया जाएगा। डीसी ने कहा कि मेला परिसर को सुंदर बनाने के लिए यहां सुंदर लाईटें लगाई जाएं, स्वागत द्वार बनाए जाएं और जगह-जगह बड़े डिस्पले बोर्ड लगाए जाने चाहिए। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि मंदिर प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 24 घंटे चिकित्सा सेवा मुहैया करवाई जाए। बोर्ड सदस्यों के कहने पर डीसी ने बोर्ड के सीईओ व पटौदी के एसडीएम प्रदीप सिंह को निर्देश दिए कि मंदिर की डिस्पेंसरी को बाहर स्थापित कर दिया जाए, जिससे कि किसी श्रद्धालु की अचानक तबियत खराब हो जाए तो उसे स्वास्थ्य सेवा को लेकर परेशानी ना आए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान बिजली-पानी का पूरा प्रबंध रहना चाहिए।

# नागरिक अस्पताल में लगा एक दिवसीय आर्युवैदिक कैंप में 205 लोगों ने उठाया लाभ

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** नागरिक अस्पताल में लगा एक दिवसीय आर्युवैदिक कैंप में 205 लोगों ने अपनी बीमारियों का उपचार लिया। कैंप में आने वाले रोगियों को योग के माध्यम से रोग भागने के तरीके व सुझाव दिए गए। ताकि रोगी अपनी बीमारी से जल्द से जल्द छुटकारा पाने के लिए होम्योपैथिक व आर्युवैदिक दवाइयों के माध्यम से पा सके।

गुरुवार को स्थानीय नागरिक अस्तपाल परिसर में पौषण माह के तहत कैंप लगाया गया। जिसका उद्देश्य लोगों को एलोपैथिक दवाइयों से बचने के लिए आयुर्वैधिक व होम्योपैथिक दवाइयों का उपयोग करते हुए अपने शरीर को निरोग बनाए। क्योकि आर्युवैदिक व होम्योपैथिक दवाइयां शरीर के अंदर पनप रही जाने लेवा बीमारियों से बचा सके। इस कैंप का उद्घाटन जिला


गुरुवार को सोहना के नागरिक अस्पताल में आर्युवैदिक विंग के माध्यम से लगाया गया कैंप।

आर्युवैदिक अधिकारी डॉक्टर मंजू बांगड़ ने रिबन काटकर किया। इस शिविर में 205 रोगी अपना उपचार कराने के लिए पहुंचे।

इस अवसर पर डॉक्टर मंजू बांगड़ ने रोगियों को बताया कि एलयोपैथिक दवाइयों से उपचार नहीं राहत मिलता है। यें दवाइयां रोगी के अंदर चल रही बीमारियों को देर से ही सही लेकिर उनको जड़ से समाप्त करती है। इनके माध्यम से किसी प्रकार की चिड़फाड़ नहीं की जाती है। लेकिन रोगी को सही समय पर सही उपचार मिलता है। डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि आर्युवैदिक व होम्योपैथिक नियम से उपचार लेने वालों ने केंसर तक की जान लेवा बीमारी को बॉय-बॉय बोल जाती है। इस कैंप में दवाइयां भी रोगियों को फ्री में दी गई।

# गुरुग्राम में फर्जी जीपीए तैयार करके एनआरआई व्यक्ति की 40 करोड़ की जमीन हड़पी

## 15 कनाल 2 मरला जमीन को 6.6 करोड़ में खरीदने की बात कहकर कराई जीपीए


## आरोपियों की मदद करने में शामिल पुलिस का एसआई भी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में एक एनआरआई व्यक्ति की करीब 40 करोड़ रुपये की 15 कनाल 2 मरला जमीन के फर्जी कागजात तैयार करके उसकी रजिस्ट्री कराने का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में पुलिस के एक एसआई समेत 5 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। संभवत: गुरुग्राम में अब तक की यह एक ही व्यक्ति की जमीन के फर्जी वाड़े में सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा है। आरोपियों ने इस 40 करोड़ की जमीन को मात्र 6.6 करोड़ रुपये में खरीदना दिखाकर जीपीए तैयार करवा ली।

जानकारी के अनुसार एक मार्च 2022 को पूर्ण मनचन्दा नाम व्यक्ति ने पुलिस आयुक्त गुरुग्राम को शिकायत दी थी कि कुछ लोगों ने एसपीआर रोड स्थित गांव बेगमपुर खटोला जिला गुरुग्राम में उनकी जमीन के फर्जी कागज तैयार करके उन्हें पंजीकृत कराया है। उनकी करोड़ों की जमीन को हड़प लिया है। इस शिकायत पर गुरुग्राम पुलिस ने जांच की और 16 मार्च 2022 को आरोपियों के खिलाफ थाना बादशाहपुर में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

**एसआईटी की जांच में पता चला रिकॉर्ड रजिस्टर से फाड़ा गया पेज** : वर्तमान पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने इस केस में एक एसआईटी गठित की व एसआईटी को इस केस से संबंधित दस्तावेज, आरोपियों के बारे में जानकारी एकत्रित करने के दिशा-निर्देश दिए। एसआईटी द्वारा जीपीए के रिकॉर्ड की असल बही व जीपीए के रिकॉर्ड रजिस्टर की जांच की तो जीपीए के


भीम राठी | सुभाष चंद | संजय गोस्वामी | टोनी

रिकॉर्ड रजिस्टर का वह पेज फटा मिला, जिसमें इस जमीन की जीपीए का इंद्राज किया गया था।

**एसआई समेत पांच आरोपियों को किया है गिरफ्तार** : एसआईटी ने कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए चार आरोपियों को इस केस में गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान सुभाष चंद निवासी गांव टोडापुर हेलीमंडी जिला गुरुग्राम, टोनी निवासी गांव टोडापुर, संजय गोस्वामी रिकॉर्ड कीपर तहसील कालकाजी दिल्ली व गुरुग्राम के सूर्य विहार निवासी भीम सिंह राठी के रूप में हुई है।

आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध भी कबूल कर लिया है। इनमें से आरोपी सुभाष चंद ने कहा है कि वह एनआरआई व्यक्ति को जानता था। वह अधिकतर विदेश में रहते हैं। ऐसे में उनकी जमीन को हड़पने की योजना बनाई। आरोपी सुभाष ने अपने भतीजे एडवोकेट टोनी को कहा कि यदि इस जमीन के कागजात अपने नाम हो जाएं तो अच्छा मुनाफा हो सकता है। योजनानुसार सबसे पहले सुभाष चन्द द्वारा जमीन का सजरा, मुटेशन व सेलडीड इत्यादि दस्तावेज हासिल की गई। टोनी ने कालकाजी तहसील में अपनी जान-पहचान का फायदा उठाकर रिकॉर्ड रूम में अस्थायी कर्मचारी संजय से मिला। अक्टूबर-2021 में संजय ने टोनी को वर्ष-1996 की असल बही दे दी। इसके बाद फर्जी जीपीए तैयार की गई और फर्जी जीपीए की कॉपी वर्ष 1996 की असल बही में लगा दी।

**दिल्ली कालकाजी तहसील के कर्मचारी को भी दिए 5 लाख** : आरोपी संजय ने इस काम के बदले 5 लाख रुपये लिए। आरोपियों द्वारा इस फर्जीवाड़े में मेजर पीके मेहता नामक व्यक्ति को गवाह भी बनाया गया। पीके मेहता की वर्ष 2001 में एक हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो चुकी है।

दूसरा गवाह एडवोकेट संदीप था, जिसके हस्ताक्षर आरोपी टोनी द्वारा किए गए। इसके बाद आरोपियों ने फर्जी जीपीए के आधार पर शिकायतकर्ता की 15 कनाल 2 मरले जमीन को भीम सिंह राठी, शैल नारंग व ओम भाटी द्वारा बताए गए विनोद नामक व्यक्तियों के नाम करा दी। इस तरह से इन्होंने करीब 40 करोड़ रुपये कीमत की जमीन को 6.6 करोड़ रुपये में खरीदना दिखाकर एनआरआई व्यक्ति को चूना लगाया। पीड़ित मनचन्दा की शिकायत पर इस केस में जांच के दौरान जालसाजों को फायदा पहुंचाने वाले ईओडब्ल्यू शाखा में तैनात एसआई प्रदीप द्वारा भी आरोपियों से रुपये लेने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने एसआई प्रदीप समेत सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# नई रिपोर्ट में सामने आया कि सामाजिक समस्याएं हल करने वाले एआई और क्लाउड-इनेबल्ड स्मॉल बिज़नेसेज़ द्वारा 2030 तक भारत में रूपए 1.6 ट्रिलियन का व्यापार और 45.9 मिलियन नौकरियों का सृजन किए जाने की उम्मीद है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अमेज़न.कॉम** कंपनी, अमेज़न वेब सर्विस (एडब्लूएस) ने आज एक नई रिपोर्ट जारी की, जिसमें खुलासा हुआ है कि भारत में क्लाउड-इनेबल्ड टेक्नोलॉजीज अपनाने वाले स्मॉल बिज़नेसेज़ द्वारा 2030 तक स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कृषि क्षेत्रों में रूपए 1.6 ट्रिलियन तक का वार्षिक उत्पादकता लाभ प्राप्त किए जाने और 45.9 मिलियन नौकरियों का सृजन किए जाने की उम्मीद है, जो भारत में 9% नौकरियों के बराबर होगा।

एडब्लूएस ने सामाजिक समस्याओं को हल करने वाले स्मॉल बिज़नेसेज़ (250 से कम कर्मचारियों वाले बिज़नेस) के लिए क्लाउड पर जाने के संभावित लाभों का परीक्षण करने के लिए ''क्लाउड-इनेबल्ड इकोनॉमी : हाउ क्लाउड ड्राइव्स इकोनॉमिक एंड सोसायटल इंपैक्ट थ्रू स्मॉल बिज़नेसेज़'' नामक रिपोर्ट को कमीशन किया। ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विसेज़ फर्म, एक्सेंचर तैयार इस रिपोर्ट में 2030 में क्लाउड-इनेबल्ड इकोनॉमी 1 का पूर्वानुमान लगाने के लिए क्लाउड एडॉप्शन लेवल की ऑर्गेनाइज़ेशन



फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) परिभाषा का उपयोग किया गया है, जिसमें 90% व्यवसाय कम से कम एक बुनियादी स्तर की क्लाउड टेक्नोलॉजी अपनाते हैं। इस रिपोर्ट में सामने आया कि भारत में सभी व्यवसायों के लिए कम से कम बुनियादी क्लाउड, जैसे कि वेब-आधारित ईमेल सेवाओं या क्लाउड-आधारित स्टोरेज समाधान का उपयोग करने की मौजूदा दर 28% है। हालाँकि यह रिपोर्ट इंटरमीडिएट एप्लिकेशंस जैसे कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट या एंटरप्राइज़ रिसोर्स प्लानिंग टूल्स के उपयोग और जटिल टास्क जैसे फ्रॉड डिटेक्शन या सप्लाई चैन फ़ोरकास्टिंग के लिए जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी उन्नत एप्लिकेशंस के उपयोग द्वारा उत्पन्न होने वाले अवसरों पर प्रकाश डालती है।

**क्लाउड-इनेबल्ड स्मॉल बिज़नेसेज़ का आर्थिक और सामाजिक प्रभाव** : इस रिपोर्ट में सामने आया कि क्लाउड पर मूव करके छोटे व्यवसाय अर्थव्यवस्था और समाज को ठोस लाभ पहुंचा सकते हैं। क्लाउड पर मूव करने से रिमोट चिकित्सा परामर्श संभव हो सकता है, शिक्षा की उपलब्धता में सुधार हो सकता है, कृषि क्षमता में वृद्धि हो सकती है एवं अन्य लाभ मिल सकते हैं, जिनसे संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (यूएन एसडीजी) प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।कृषि क्षेत्र में, क्लाउड-इनेबल्ड स्मॉल बिज़नेस एआई जैसी क्लाउड टेक्नोलॉजी द्वारा डेटा-आधारित विधियों का क्रियान्वयन कर भोजन की कमी की समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक़ भारत में स्मॉल बिज़नेस 2030 तक कृषि क्षेत्र में रूपए 1.1 ट्रिलियन का वार्षिक उत्पादकता लाभ प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।

# प्रत्येक ग्रामीण में देशभक्ति का भाव पैदा कर रही अमृत कलश यात्रा : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

**'अमृत कलश यात्रा' से घर-घर से एकत्र किए की जा रही मिट्टी**

**मेरी माटी-मेरा देश अभियान को लेकर गांव किरा, खानपुर घाटी सहित अन्य गांवों में घर-घर से की गई मिट्टी एकत्रित**

**पायनियर समाचार सेवा। मेवात**

**उपायुक्त** धीरेंद्र खड़गटा के निर्देशानुसार जिला के सभी खंडों से मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मिट्टी एकत्रित की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि आजादी अमृत काल में देश की वीर-शहीदों को समर्पित मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा के दौरान जिला में आगामी 30 सितंबर तक गांव स्तर पर प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर से अमृत कलश में मिट्टी या चावल का संग्रह पूरे सम्मान जनक तरीके से किया जा रहा है।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अहलावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के वीर शहीदों और वीरांगनाओं के सम्मान में जिला में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत 'अमृत कलश यात्रा' निकाली जा रही है जो प्रत्येक देशवासी के अंदर देशभक्ति की भावना जागृत करते हुए उन्हें भावनात्मक रूप से एकता के सूत्र में पिरोने का काम कर रही है। इसी कड़ी में जिला नूंह के सातों खंडों में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांवों गांवों से मिट्टी एकत्रित कर कलश में रखी गई है।

यह अमृत कलश यात्रा हर व्यक्ति में देशभक्ति की भावना जागृत कर रही है। शहीद देश की आन वान शान हैं। हरियाणा के वीरों ने देश के आजादी की लडाई में अहम योगदान रहा है।

यह यात्रा पूरे जिले में जोश एवं उत्साह और उमंग के साथ निकाली जा रही है। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर तक अमृत कलश के लिए जिला के हर गांव से मिट्टी एकत्रित किए जा रही है।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में अमृत कलश यात्रा निकल रही हैं,जिसमें ग्रामीण बढचढ कर भाग लेते हुए अपने अपने गांव की मिट्टी कलश में डालकर अपने आप में गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। प्रदीप अहलावत ने बताया कि आगामी 30 सितंबर तक ग्रामीण स्तर पर व इसके बाद 2 अक्टूबर को खंड स्तर पर अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत एकत्रित मिट्टी को कलशों में भरा जाएगा।

उन्होंने बताया कि वीरवार को खंड पुन्हाना के गांव गुलालता,सिंगार, ब्लाक पिनगवां के गांव बसईखानजदा, माहलाका, वाजीदपुर, पिनगवां, खानपुर घाटी, झारोकड़ी, संगेल, उजीना, किरा आदि गांवों में कलश यात्रा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक ने पुलिस को सौंपे 10 बैरिकेड




**मेवात।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय नूंह की ओर से वीरवार को थाना शहर नूंह को नवनिर्मित 10 ट्रैफिक बैरिकेड सौंपे गए। इस अवसर पर बैंक की और से क्षेत्रीय प्रबंधक जय भगवान श्योराण, वरिष्ट प्रबंधक अक्षय बेनीवाल, विकाश यादव व नूंह शाखा प्रबंधक शैलेंद्र चौमिया उपस्थित रहे। बैंक द्वारा सामाजिक उतरदायित्व निर्वहन योजना के तहत विशेष रूप से बनवाये गए 10 बैरिकेड को को शहर थाना प्रभारी नूंह ओमवीर सिंह को सौपे गए। क्षेत्रीय प्रबंधक जय भगवान श्योराण ने बताया कि ट्रैफिक जाम व् सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में बैरिकेड सहायक साबित होंगे तथा यातायात वयवस्था को सुचारु बनाये रखने में मददगार होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस के साथ साझा संकल्प में यह एक छोटा सा कदम है, और सुनिश्चित करते हैं की आगे भी हम साथ मिलकर दुर्घंटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। वहीं कहा कि सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक 680 शाखाओं के साथ प्रदेश का सबसे बड़ा बैंक है। बैंक द्वारा सामाजिक कॉर्पोरेट दायित्वों का निर्वहन करते हुवे आमजन की मदद के लिए ये बैरिकेड सौंपे गए है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत कुंडली मानेसर एक्सप्रेस वे पर गांव धुलावत सीमा में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार युवक की मृत्यु होने का मामला सामने आया है,मृतक नौकरी मोटरसाइकिल पर सवार होकर नौकरी की तलाश में घर से निकला था।पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ किसी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गडिमा थाना अचमेरा जिला आगरा उत्तर प्रदेश के रहने वाले ओमवीर सिंह ने बताया कि छोटा भाई सत्यपाल बुधवार को मोटरसाइकिल पर सवार होकर नौकरी की तलाश में गुरुग्राम के लिए निकला था,देर शाम उन्हें सूचना मिली कि भाई सत्यपाल की केएमपी मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही वह तोरो के लिए रवाना हुए।सदर पुलिस ने मृतक सत्य प्रकाश के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है,तो वहीं अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सहित युवक काबू, केस दर्ज

**तावडू।** अपराध जांच शाखा टीम ने अवैध देसी कट्टा सहित एक युवक को दबोचा है।जिसके खिलाफ सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। तावडू अपराध जांच शाखा प्रभारी सुभाष ने बताया कि गस्त के दौरान एक टीम सोहना बाईपास पर मौजूद थी,तभी सूचना मिली कि फारूक निवासी बड़वा थाना रोजका मेव अवैध हथियार लेकर धुलावट पुल के पास सवारी के इंतजार में खड़ा है,जिसे दबिस देकर काबू किया जा सकता है।सूचना के मुताबिक पुलिस ने मौके पर पहुंच एक युवक को काबू कर लिया,तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक देसी कट्टा बरामद हुआ।पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान फारूक पुत्र अस्लउप निवासी बड़वा थाना रोज का मेव बताई।पुलिस ने अवैध हथियार अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सीआईए पुलिस का दावा है कि पकड़ा गया युवक अपराधिक प्रवर्ति का है। जिसकी अन्य आपराधिक मामलों में संलिप्त होने के आशंका है।इस बारे में पूछताछ की जा रही है।

### टोल प्लाजा पर फर्जीवाड़े का खुलाशा, 101 वर्ष का पास किया तैयार



**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर एनएचएआई का घामडौज में बना टोल प्लाजा पर वाहन चालक ने मात्र 330 रुपये जमा कर 2124 तक का मासिक पास बनाये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि एक अन्य वाहन चालक ने 2085 तक 62 वर्ष का मासिक पास फर्जी बनाने का खुलाशा हुआ है और एक हजार वाहन चालकों ने 330 रुपये ऑनलाइन जमा कर एक साल तक फ्री पास बना डाले। घामडौज टोल प्लाजा पर एनएचएआई को मासिक पास बनाने की ऑनलाइन प्रक्रिया इतना बड़ा घोटाला बन जाएगी। यह कभी देश की सबसे बड़ी ऑथर्टी ने नहीं सोचा होगा। घामडौज टोल प्लाजा पर वाहनों चालकों द्वारा मासिक पास में फर्जीवाड़ा किए जाने का खुलाशा उस समय हो गया। जब टोल प्लाजा पर वाहन मासिक पास बनाने के लिए दोबार से आईडी सबूत जुटाने शुरु कर दिए। सबूत जुटाने के दौरान एक नहीं, दो नहीं, तीन नहीं 10, 20, 50, 100 नहीं बल्कि एक हजार वाहन चालकों द्वारा मात्र 330 रुपये में ऑनलाइन जमा करते हुए एक-एक साल का मासिक फ्री पास बना डाले। जिनका वाहन चालक पिछले कई महीनों से उपयोग कर रहते आ रहे है। दो वाहन चालकों ने तो 62 व 101 वर्ष का मासिक पास ऑनलाइन बनाया लिया। वाहन नंबर एचआर 98 जे 0024 के मालिक ने 31 जुलाई 2023 को ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाते हुए 101 वर्ष का मासिक पास बना लिया। जबकि वाहन नंबर एचआर 72 जी 1057 के चालक/मालिक ने मात्र 330 रुपये जमा करके 2085 तक का मासिक पास बनाया हुआ है। घामडौज टोल पर मासिक पास फिर से तैयार करने के दौरान फर्जी आई बनाने के दौरान देश की अलग-अलग सेनाओं में भर्ती सैनिकों के नाम को भी नहीं बक्सा। इसके अलावा दिल्ली व हरियाणा पुलिस का अपने आपको मुलाजिम बनाकर फर्जी आईडी तैयार करके मासिक पास बना लिए है। जांच के दौरान फर्जी आधार कार्ड से लेकर राशन, मतदाता प्रमाण पत्र, फेमिली आईडी आदि का खुलाशा हुआ है। जैसे ही टोल प्लाजा पर मासिक पास में फर्जीवाड़ा होने का खुलाशा होना शुरु किया। वैसे ही पास वाली लाइन को बंद करते हुए सामान्य लाइन में मासिक पास की जांच शुरु कर दी है। अभी एक हजार वाहनों के फर्जी मासिक पास पकड़े गए है।

# जंगल में संदिग्ध हालत में मिला महिला का शव, पास में खेल रहा था मासूम

**पायनियर समाचार सेवा। मेवात**



मृतक महिला का बच्चा व मौके पर भीड़।

**पुन्हाना** उपमंडल के गांव बिसरू के जंगल में एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है। बिछोर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया मांडीखेड़ा अस्पताल भिज दिया गया है । महिला की नाक से बह रहा खून इस बात की गवाही दे रहा है कि महिला की किसी ने हत्या की है । पुलिस इस मामले को लेकर कई एंगल से जांच में जुट गई है वहीं महिला के पास 8 महीने का एक बच्चा भी मिला है जो जिंदा है। महिला की पहचान सकुनत पत्नी वकील निवासी कोंतलाका के रूप में हुई है ।

फिलहाल पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टम करा कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दिए पुन्हाना गुबराड़ी रोड बिसरू गांव के जंगलों में एक महिला की डेडबॉडी की सूचना मिली थी । पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला की डेड बॉडी को अपने कब्जे में ले लिया है और घटना स्थल पर एक जिंदा बालक 8 महीने का मिला है । पुलिस के मुताबिक महिला के गले पर एक स्वापी मिली और नाक से खून बह रहा है । इस महिला की किसी ने बेरहमी से हत्या की है,हो सकता है किसी शख्स ने इसकी आबरू लूटने के लिए इस हरकत को अंजाम दिया हो।

मामले की सच्चाई का तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच के बाद ही पता चल पाएगा, पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। कुल मिलाकर इस हरकत से मेवात क्षेत्र में सनसनी है और पुलिस के लिए इस ब्लाइंड मर्डर को खोलना किसी चुनौती से कम नहीं है। महिला की उम्र करीब 24 साल है। जिसने गुलाबी रंग का शूट - सलवार पहनी हुई है। अशोक कुमार डीएसपी ने बताया कि आज सुबह महिला के परिजन यहां पहुंचे हैं जिन्होंने महिला की पहचान सकुनत पत्नी वकील निवासी कोंतलाका के रूप में बतलाई है। उन्होंने कहा कि जिस अवस्था में महिला की डेड बॉडी मिली है पूरी आशंका है कि महिला की किसी ने हत्या की है। जिस आधार पर मृतक महिला के परिजनों की तरफ से शिकायत मिलेगी पुलिस उस आधार पर कार्रवाई करेगी। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

बता दे की सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना पाकर महिला के परिजन आज सुबह घटनास्थल पर पहुंचे जिन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि महिला सकुनत कल घर से अपनी लड़की से यह कह कर निकली थी की बेटी मेरे गले में दर्द है , में इसको दिखाने के लिए जा रही हूं मेरा भाई मुझे लेने आ रहा है । उसके बाद व अपने गांव नहीं पहुंची तो उसे ढूंढने का प्रयास किया जा रहा था। आज सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली शकुनत की बिसरू गांव के पास किसी ने हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि हमें पूरी आशंका है की किसी ने सकुनत की हत्या की है। यह तो पुलिस ही खुलासा करेगी कि किसने महिला को बुलाया था और इसकी हत्या क्यों की। इतना जरूर है कि किसी दरिंदे ने महिला की हत्या कर उसके तीन बच्चों के सर से मां का साया हमेशा के लिए छीन लिया।

# टेलीग्राम ऐप पर यूट्यूब बेस्ड टास्क के नाम पर 42 लाख रुपये की ठगी

**रुपये इन्वेस्ट करवाकर फ्रॉड करने वाले दो आरोपी काबू**



पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए ठगी के आरोपी।

**गुरुग्राम।** टेलीग्राम ऐप पर यूट्यूब बेस्ड टास्क पूरा करने के नाम पर रुपए इन्वेस्ट करवाकर फ्रॉड करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। इन्होंने पीड़ित से 42 लाख रुपये का फ्रॉड किया। थाना साइबर अपराध पश्चिम ने जांच के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की।

जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल 2023 को पीड़ति ने ने थाना साईबर अपराध पश्चिम में एक शिकायत देकर कहा था कि 25/26 मार्च 2023 को टेलीग्राम पर यूट्यूब टास्क पूरा करने के नाम पर रुपए इन्वेस्ट कराकर उससे 42 लाख रुपए का फ्रॉड किया गया है। इस सम्बन्ध में थाना साईबर अपराध पश्चिम ने केस दर्ज करके जांच शुरू की। थाना साईबर अपराध पश्चिम के निरीक्षक सवित कुमार की टीम ने तकनीकी की सहायता से इस केस में यूट्यूब टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी करने वाले 2 आरोपियों को गुरुग्राम से ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपियों की पहचान नवदीप कुमावत (22 वर्ष) निवासी गांव पीसागन, जिला अजमेर (राजस्थान) व सचिन नामा (23 वर्ष) गांव अकोला जिला उदयपुर (राजस्थान) के रूप में हुई है।

आरोपियों से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि उन्होंने ने टेलीग्राम ऐप को माध्यम बनाकर यूट्यूब पर वीडियो लाइक करने के टास्क को पूरा करने पर अच्छा मुनाफा कमाने का प्रलोभन दिया था। पीड़ित को अपने विश्वास में लेकर रुपये इन्वेस्ट करवा दिए।

पीड़ित से बड़ा अमाउंट इन्वेस्ट कराने के लिए शुरू में आरोपियों ने पीड़ित के खाते में मुनाफे/कमीशन के तौर पर रुपए भी ट्रांसफर कराए। बाद में अधिक मुनाफे का लालच देकर उससे 42 लाख रुपए इन्वेस्ट करवाकर उसके साथ ठगी करने की वारदात को अंजाम दिया। पूछताछ में यह भी पता चला है कि आरोपी नवदीप कुमावत के बैंक खाता में पीड़ित से ठगी गई राशि को ट्रांसफर किया था, जिसे आरोपी सचिन नामा ऑपरेट कर रहा था। खाते में रुपए ट्रांसफर करवाने के लिए आरोपी नवदीप कुमावत को आरोपी सचिन नामा द्वारा 25000 रुपये कमीशन के तौर पर दिए थे।

# एसडीएम अंगरक्षक को ओवरलोड वाहन को रुकवाने का इशारा पड़ा भारी

**चलती गाड़ी का डाला खोला, बाल-बाल बचे एसडीएम**

**पायनियर समाचार सेवा। तावडू**

**नूंह** मार्ग पर आरोही स्कूल के नजदीक एसडीएम के अंगरक्षक द्वारा रोडियों से भरे एक ओवरलोड वाहन को रुकवाने का इशारा करना ही भारी पड़ गया।एसडीएम के आदेश पर ओवरलोड वाहन को रुकवाने की कोशिश की गई तो चालक ने तेज गति से भागते हुए वाहन का डाला खोल दिया।जिससे सरकारी वाहन में सवार एसडीम, चालक एवं अंगरक्षक बाल बाल बच गए।हालांकि एसडीएम के अंगरक्षक ने फुर्ती दिखाते हुए एक आरोपी को काबू कर पुलिस को सौंप दिया,जबकि चालक वाहन सहित फरार हो गया।पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तावडू उपमंडल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि बुधवार को सरकारी वाहन से चालक और अंगरक्षक के साथ नूंह से तावडू आ रहे थे। बावला सीमा में आरोही स्कूल के नजदीक पहुंचे तो एक ओवरलोड वाहन दिखाई दिया।उनके आदेश पर अंगरक्षक टीकम सिंह ने ओवरलोड वाहन को रुकवाने की कोशिश की तो चालक गलत तरीके से वाहन को भगाने लगा।

वह भी पीछा करते हुए पचगांव में पहुंच गए।जहां चालक के सहयोगी ने चलते वाहन का डाला खोल दिया।जिसमें भरी रोड़िया सरकारी वाहन के सामने गिरने लगी। इस दौरान सरकारी वाहन को टक्कर मारने की भी कोशिश की गई ,लेकिन किसी तरह उनकी टीम ने अपना बचाव किया नही तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।उन्होंने बताया कि ओवरलोड वाहन चालक खेतों के रास्ते से भागने लगा तो अंगरक्षक टीकम सिंह ने फुर्ती दिखाते हुए ओवरलोड वाहन चालक के सहयोगी को काबू कर लिया।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करें बैंक : एसडीएम

**मेवात ।** उपमंडल अधिकारी (ना.) तावडू संजीव कुमार की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर की जा रही कार्यवाही के संबंध में बैठक हुई, जिसमें लीड बैंक मैनेजर, कैनरा बैंक, नूंह सहित सभी बैंको के शाखा प्रबंधकों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एसडीएम ने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत विभागों के माध्यम से ऋण आदि के लिए उनकी ब्रांच में जो भी आवेदन आए हैं, उन सभी पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं तथा प्रार्थी का ऋण मंजूर कर योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इसके सफल क्रियान्वयन के लिए बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# सेक्स रैकेट में संलिप्त एक महिला सहित तीन युवक गिरफ्तार

**सेक्स रैकेट चलाने वाला मकान मालिक मौके से फरार**

**पिनगवां में सालों से चल रहा है वेश्यावृत्ति का धंधा**

**पायनियर समाचार सेवा। मेवात**




**पिनगवां** पुलिस ने वेश्यावृत्ति के धंधा में संलिप्त एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारो आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जहां महिला को रात के समय ही अदालत में पेश किया जिसे भोंडसी जेल भेज दिया गया है जबकि तीन युवा आरोपियों को अदालत में पेश किया गया उनको भी जेल भेज दिया गया है।

वही देह व्यापार का धंधा कराने वाला मकान मालिक मौके से फरार है। पिनगवां थाना प्रभारी निरक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि पिनगवां के रहपुआ रोड से अवैध तरीके से वेश्यावृत्ति के धंधा होने की शिकायते मिल रही थी।

पहले इसकी आसपास के लोगों और महिला पुलिसकर्मी को इसकी जांच में लगाया गया। जब पुख्ता जानकारी मिली कि पिनगवां रहपुआ रोड़ आजाद नगर भाट कालोनी इत्यादि अन्य जगहों पर बाहर की कुछ महिलाएं आकर वेश्यावृत्ति के अवैध कार्यों को अंजाम दे रही है। इस गलत धंधे को जुबेर उर्फ मुच्छल निवासी मुंढेता हाल भाट कालानी रहपूआ रोड पिनंगवा में बने अपने मकान में वैश्यावृति का धन्धा कराता है, जिसके शिकार नाबालिग बच्चों से लेकर पढ़ने वाले बच्चे भी हो रहे हैं। जिससे समाज में गलत असर पड़ रहा है। महिला सब इंस्पेक्टर रेखा व अपनी टीम के साथ बताए हुए जगह पर छापा मारा।

इस दौरान एक मकान से एक महिला व 3 लड़को को रंगे हाथों गलत काम करते हुए पकड़ा गया। मकान मालिक जुबेर उर्फ मुच्छल निवासी मुंढेता मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अदालत द्वारा महिला समेत चारो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में नामजद मकान मालिक अभी फरार है, उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी धूम-धाम से मनाई गई

**पायनियर समाचार सेवा। मेवात**



**नूंह** जिले के मूढ़ेता -ढाणा गांवों में पैगम्बर साहब का जन्म बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। मूढ़ेता में जुलूस निकाला गया और पैगम्बर मोहम्मद के जन्म दिवस के अवसर पर जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी बड़े धूम-धाम से मनाया गया। इस मौके पर गांव के सरकारी स्कूल से फिरनी के रास्ते होते हुए पूरे गांव में यह जुलूस निकाला गया ।

नवी के जन्मदिन के मौके पर देश दुनिया की तरक्की व अमन भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई । आज मुस्लिम समाज के लोगों ने नए कपड़े व इत्र लगाकर नबी के जन्मदिन में लवरेज दिखाई दिए । आपको बता दें कि मक्का शहर में 571 ईसवी को पैगम्बर साहब का जन्म हुआ था , उसी की याद में ईद मिलादुन्नबी का त्योहार पूरी दुनिया में मनाया जाता है। रसूल पाक सल्लाहुअलैहिवसल्लम इस्लाम के आखिरी नबी थे, जानकारों की मानें तो अब क़यामत तक कोई और नबी नहीं आने वाला है। इस्लामी जगत में यह त्योहार ईद उल-फितर और ईद अल-अजहा के बाद सबसे बड़ा धार्मिक त्योहार माना जाता है। इस दिन परंपरागत रूप से नबी के जीवन और कार्यों को याद किया जाता है, नमाज़ अदा की जाती है ,और इस्लामी धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मीलाद उन-नबी इस्लाम धर्म के मानने वालों के कई वर्गों में एक प्रमुख त्योहार है। इस शब्द का मूल मौलिद (Mawlid) है, जिसका अर्थ अरबी में जन्म है। अरबी भाषा में मौलिद-उन-नबी का मतलब है, हजरत मुहम्मद का जन्म दिन है।

गत 1588 में उस्मानिया साम्राज्य में इस त्योहार का प्रचलन जन मानस में सबसे अधिक प्रचलन हुआ था । वही नबी के जन्मदिन के मौके पर शहर व गांव की मस्जिदों को सजाया गया। जुलूस में बूढ़े-बच्चे जवान सभी अपने हाथों में झंडा थामे हुए और नारा-ए-तकबीर कहते हुए चले। जुलूस में आसपास के गांव के लोगो ने भाग लिया

मौलाना जाहिर ने कहा कि यह त्यौहार आपसी भाई चारे को बढ़ावा देता है। शहरों में जलूस निकालकर ख़ुशी का इजहार किया जाता है। मस्जिदों को भी खूब सजाया जाता है। आसपास के गांव से बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी बढ़चढ़ कर इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं। खास बात तो यह की इस बार जिला लेवल पर कोई बड़ा प्रोग्राम परमिशन न मिलने की वजह से नहीं मनाया गया , मुस्लिम समाज के लोगों ने गांव स्तर पर ही यह त्यौहार बड़े धूमधाम मनाया गया।

# आकांक्षी खंडों में संकल्प सप्ताह का शुभारंभ 30 सितंबर को करेंगे प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा। मेवात**

**उपायुक्त** धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि नीति आयोग, भारत सरकार की ओर से आकांक्षी खंडों में आगामी 3 से 9 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 30 सितंबर दोपहर 12 बजे नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से करेंगे। उन्होंने बताया कि नूंह जिला के आकांक्षी खंड नूंह व पुन्हाना में भी वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का आयोजन होगा। इन कार्यक्रम के लिए नूंह व पुन्हाना खंड के बीडीपीओ सभी प्रकार के प्रबंध सुनिश्चित करेंगे। इस संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अहलावत ओवरआल इंचार्ज होंगे तथा संबंधित एसडीएम अपनी देखरेख में सभी तैयारियां सुनिश्चित कराएंगे। उपायुक्त ने बताया कि 3 से 9 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में तीन अक्टूबर को संपूर्ण स्वास्थ्य-एक संकल्प कार्यक्रम होंगे, जिसके तहत स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन खंड पीएचसी या वेलनेस सेंटर में होंगे। इसके नोडल अधिकारी सिविल सर्जन नूंह, एसएमओ नूंह व पुन्हाना होंगे। इसी प्रकार 4 अक्टूबर को सुपोषित परिवार-पोषण मेला कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण व न्यूट्रीशन मेलों का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस नूंह, सीडीपीओ नूंह व पुन्हाना नोडल अधिकारी होंगी।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**नाम परिवर्तन**

I, Krishan Kumar Talwar S/o Sh. S.D. Talwar R/o H.No-552, Sector-29, Faridabad-121008, have changed my name from Krishan Kumar to Krishan Kumar Talwar for all future purposes.

**बेदखली सूचना**

मैं, राजु (आधार नम्बर 5811 6067 0380) पुत्र श्री नानक चंद व आशा पत्नी श्री राजु निवासी मकान नम्बर-02सी-जेके-478, एन.आई.टी., फरीदाबाद ब्यान करता हूं, कि सुमित (आधार नम्बर 5066 3848 4663) मेरा पुत्र व मिली पुत्रवधु है, वह दोनों हमारी आज्ञा में नहीं है, इसलिए मैं अपने पुत्र सुमित व पुत्रवधु मिली को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, भविष्य में इनसे कोई व्यक्ति लेन-देन करता है तो वह उसके लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा तथा इनके द्वारा किए गये किसी कार्य, लड़ाई-झगड़ा, मार-पीट, कोर्ट केस, पुलिस केस, आदि से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्य का कोई सम्बन्ध नहीं होगा।

**बेदखली सूचना**

मैं, जिलेसिंह पुत्र श्री धर्मवीर निवासी मकान नम्बर-62, ब्लाक नम्बर-02, लोहिना, तहसील व जिला पलवल ब्यान करता हूं, कि मेरी शादी उषा पुत्री जगदीश निवासी गांव अहरवां, तहसील व जिला पलवल के साथ हुई थी, जो शादी के बाद से मेरे कहने अनुसार नहीं है। अपनी मनमर्जी करती है तथा अपनी मर्जी से कई दिन घर से बाहर रहती हैं, बच्चों की भी देखभाल नहीं करती है, इसने मेरे घर में से सारा जेवरात सोने-चांदी चोरी करके अपने पिता को दे दिये है। जिसका रिकार्ड मेरे घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में है। मेरी इज्जत भी नहीं करती है, अब मैं इसके व्यवहार से तंग व परेशान होकर अपनी पत्नी उषा को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं तथा आज के बाद इसके द्वारा किये गये किसी भी गैर कानूनी कार्य की कोई जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की नहीं होगी। आज के बाद से मेरी पत्नी उषा का मुझ से व मेरी जायदाद से कोई ताल्लुक वास्ता या कोई हक ना होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## महिला क्रिकेट
### उल्लेखनीय उपलब्धि

**एशियाई खेलों** के फाइनल में महिला क्रिकेट टीम को स्वर्ण पदक मिलना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। भारत को महिला क्रिकेट टीम के कारण चीन के हॉगझाऊ में चल रहे एशियाई खेलों में पहला स्वर्ण पदक मिला है। अटूट प्रतिबद्धता, अदम्य भावना तथा बेजोड़ कौशल का प्रदर्शन करते हुए महिला क्रिकेट अीम ने एशियाई खेलों के क्रिकेट फाइनल में ऐतिहासिक विजय प्राप्त की है। देश ने बड़े गौरव के साथ देखा कि हमारी प्रतिभाशाली क्रिकेटरों ने अपने शानदार प्रदर्शन से खेलों के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। भारतीय महिलाओं की क्रिकेट टीम ने एशियाई खेल, 2023 में अपने 116 रन के जवाब में श्रीलंका की टीम को 19 रन से हरा कर सफलता पाई। इस मैच में ज्यादा स्कोर नहीं बना। एक कठिन पिच पर टाइटस साधु निश्चित रूप से स्टार की तरह उभरीं। उनकी बालिंग बहुत शानदार रही तथा उन्होंने 6 रन पर तीन विकेट ले लिए, और इस प्रकार श्रीलंका को 20 ओवरों में केवल 97 रनों तक समेट दिया। बात केवल इतनी ही नहीं है। हॉगझाऊ से भारत के लिए और अच्छी खबरें भी आईं। भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने विश्व रिकार्ड तोड़ कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रुद्रांश पाटिल व दिव्यांश सिंह पंवार के साथ स्वर्ण पदक में साझेदारी के बाद ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने व्यक्तिगत रूप से कांस्य पदक प्राप्त किया। भारत की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम को भी कांस्य पदक मिला। ये उपलब्धियां भारतीय टीम के लिए कोई सपना पूरा होने से कम नहीं हैं। लेकिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सबका दिल जीत लिया। दशकों से पुरुषों का क्रिकेट महिला क्रिकेट पर हावी रहा है और महिला खिलाड़ियों को अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में बहुत कम भत्ते और वेतन मिलता है। लेकिन



संभवत: जल्द ही यह स्थिति बदल जाएगी और स्पांसर्स इस ऐतिहासिक व जोरदार विजय के बाद उनके आयोजनों को स्पांसर करने के लिए लाइन लगा देंगे। एशियाई खेलों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विजय भारत में महिला क्रिकेट के मामले में मील का पत्थर है। इससे न केवल हमारे खिलाड़ियों की अदम्य खेल भावना प्रकट होती है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत का काम करती है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम का दर्जा लगातार ऊंचा होता जा रहा है और उसने देश में क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया है।

एशियाई खेलों के फाइनल में उनकी विजय उनके कठोर परिश्रम व प्रतिबद्धता की प्रतीक है। इन खिलाड़ियों ने अपना पूरा कौशल प्रयोग कर शानदार विजय प्राप्त की है। जोरदार बल्लेबाजी से लेकर असाधारण गेंदबाजी तक खेल के हर क्षेत्र में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन किया है। महिला क्रिकेट लीग के उभार, मीडिया में ज्यादा कवरेज तथा ढांचागत संरचनाओं पर ज्यादा निवेश, आदि सभी भारत में खेलों के उज्वल भविष्य का संकेत हैं। एशियाई खेलों के क्रिकेट फाइनल में भारतीय महिला टीम की विजय पूरे देश में उत्सव का विषय है। इन अविश्वसनीय खिलाड़ियों ने न केवल अपनी क्रिकेट शक्ति का प्रदर्शन किया है, बल्कि उन्होंने भारत में महिला क्रिकेट का भविष्य भी उज्वल कर दिया है। इस ऐतिहासिक विजय का आनन्द मनाते समय यह याद रखना चाहिए कि यह केवल क्रिकेट के क्षेत्र में विजय नहीं, बल्कि 'नारी शक्ति' की विजय है। भारतीय टीम ने दिखा दिया है कि प्रतिभा तथा अडिग प्रतिबद्धता से क्या हासिल किया जा सकता है। उम्मीद है कि यह विजय भविष्य में खिलाड़ियों की और सफलताओं का प्रारम्भ होगी और इस प्रकार यह समय सचमुच खेलों का 'अमृत काल' सिद्ध होगा।

# सरल टैक्स व्यवस्था आवश्यक

**अनेक संशोधनों के कारण पुरानी व जटिल टैक्स व्यवस्था से न केवल करदाता भ्रमित होते हैं, बल्कि इसके कारण कर चोरी व भ्रष्टाचार भी फैलता है।**





**सुभाष चंद्र अग्रवाल**
(लेखिका, आरटीआई सलाहकार हैं)



भारत में 6 दशक पुराने आयकर कानून, 1961 में अनेक संशोधन किए गए हैं जिसके कारण एक जटिल टैक्स व्यवस्था हमारे सामने है। इसी प्रकार 1 जुलाई, 2017 से लागू वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी कानून के कारण नियमित रूप से कर ढांचा बदल रहा है। इस भ्रामक जीएसटी व्यवस्था तथा बहुत अधिक भ्रामक एवं जटिल प्रावधानों के कारण पूरी व्यवस्था बहुत जटिल हो गई है। निरर्थक एवं लगातार भ्रमित करने वाली छूटों के बजाय एक पूर्णत: नई कर व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। राजा चेल्लैया समिति ने उच्चतम कर को 30 प्रतिशत पर रखने का सुझाव दिया था जो दुनिया के अधिकांश देशों में लागू है। इसमें काले धन को सफेद धन में बदलने के प्रयास समाप्त करने के प्रावधान भी शामिल थे। लेकिन अनेक सेस व सरचार्जों के माध्यम से इस उच्चतम स्तर को धीरे-धीरे बढ़ाने के प्रयासों से प्राप्त हुए लाभ लगभग नष्ट हो रहे हैं। उच्चतम कर की दर 30 प्रतिशत बहाल की जानी चाहिए ताकि लोग खातों में अपनी पूरी आय दिखाना लाभदायक समझें। इसके साथ ही एक स्थाई स्वैच्छिक घोषणा योजना शुरू की जानी चाहिए ताकि टैक्स रिटर्नों में 30 प्रतिशत उच्चतम टैक्स को शामिल कर आय का स्रोत बताए बिना कोई आय दिखाने पर प्रतिबंध होना चाहिए। इससे खासकर संपत्ति समझौतों में नकदी हस्तांतरण से मुक्ति मिल सकती है। इसके साथ ही संपत्ति के पंजीकरण पर टैक्स घटा कर केवल तीन प्रतिशत किया जाना चाहिए। उच्चतम 30 प्रतिशत कर स्तर के अंतर्गत अपनी आय घोषित करने वाले लोगों के नाम वेबसाइट पर होने चाहिए ताकि अपने रुतबे की चिन्ता करने वाले लोग अपनी आय घोषित करने की दौड़ में शामिल हों।

मूलभूत कर रियायतों को पांच लाख रुपये तक सीमित किया जाना चाहिए जिसमें दान, राजनीतिक पार्टियों को चंदा तथा कृषि आय भी शामिल हो जिसका ज्यादातर दुरुपयोग होता है। एक आम किसान की आय साल में पांच लाख रुपये से अधिक नहीं होती है। इसमें वे सेलेब्रिटीज़ भी शामिल हैं जो अपनी अघोषित आय को कृषि आय बता देते हैं। कुछ लोग गांवों में जमीन इसी उद्देश्य से खरीदते हैं, जबकि उनसे कोई कृषि उत्पादन नहीं होता है।

आयकर के स्लैब 5-10 लाख व 10-15 लाख आय के लिए 10 व 20 प्रतिशत होने चाहिए, जबकि इससे अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगना चाहिए। एलके झा समिति ने कैलेंडर वर्ष को वित्त वर्ष बनाने की संस्तुति की थी। दुनिया के अधिकांश देशों की तरह इसका क्रियान्वयन होना चाहिए। इस प्रकार वर्तमान समय में वित्त वर्ष अप्रैल-मार्च की एक और ब्रिटिश विरासत समाप्त होगी। यह हास्यास्पद है कि टैक्स व कार्पोरेट आडिट में डिप्रीसियेशन की अलग-अलग दरें होती हैं। एक अकेले व एकीकृत टैक्स तथा कार्पोरेट आडिट की व्यवस्था होनी चाहिए। छोटे नकदी हस्तांतरणों पर ध्यान देने के बजाय 10,000 रुपये से ऊपर की सभी खरीद-बिक्री अनिवार्य रूप से बैंक लेनदेन के माध्यम से होनी चाहिए।

इसके लिए क्रेडिट कार्डों पर लगने वाले ट्रांजैक्शन टैक्स को घटा कर केवल आधा प्रतिशत करते हुए जीएसटी को इसके दायरे से बाहर रखना चाहिए। क्रेडिट कार्डों से खरीद पर सभी प्रोत्साहनों को समाप्त कर केन्द्र सरकार को ट्रांजैक्शन टैक्स का वहन स्वयं करना चाहिए। वर्तमान समय में ट्रांजैक्शन टैक्स दो प्रतिशत होने के कारण व्यापारी इसे खासकर कम मुनाफे वाले मामलों में ग्राहकों से अलग से वसूल करते हैं। इस व्यवस्था से सरकार को उच्च कर राजस्व मिलेगा और वह आधा प्रतिशत ट्रांजैक्शन चार्ज का वहन कर सकेगी। आधा प्रतिशत ट्रांजैक्शन चार्ज होने के बावजूद क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंकों को ज्यादा कमाई होगी क्योंकि क्रेडिट कार्डों का प्रयोग कई गुना बढ़ जाएगा। नकदी का प्रयोग करने वाले प्रत्येक जीएसटी पंजीकृत व्यापारी के लिए दो प्रकार की क्रेडिट कार्ड मशीनें रखना जरूरी होना चाहिए ताकि स्वैपिंग मशीन खराब होने के बहाने नकदी लेनदेन से बचा जा सके। क्रेडिट-डेबिट कार्ड से भुगतान लेने से इनकार करने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

विनिर्माण में जीएसटी व्यवस्था में इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट व्यवस्था करापवंचन की भ्रष्ट व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है जहां सामान्य ग्राहकों द्वारा छोड़ी गई जीएसटी-इन्वायसें व्यापारियों को बेच दी जाती हैं जो विनिर्माताओं या उत्पादकों को गलत इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट दावों के लिए प्रेरित करते हैं। इससे जहां व्यापारी बची जीएसटी-इन्वायसों को नकद देकर खरीदते हैं, वहीं वास्तविक ग्राहक भी व्यवस्था में ज्यादा नकदी लाते हैं। इसी कारण नोटबंदी का मुख्य उद्देश्य विफल हुआ है। उम्मीद थी कि इससे नकदी में कमी आएगी, पर वास्तव में यह बढ़ गई है। विनिर्माताओं-उत्पादकों के इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट के दावों पर एक वार्षिक फोरेंसिक आडिट अनिवार्य किया जाना चाहिए क्योंकि इन क्षेत्रों में इन्पुट टैक्स क्रेडिट बहुत है। एक अध्ययन किया जाना चाहिए कि यदि बहुत अधिक 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब समाप्त किया जाए तो विनिर्माण-उत्पादक क्षेत्रों से भी इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट समाप्त कर इसे केवल व्यापार योग्य वस्तुओं तक सीमित किया जाना चाहिए। लेकिन इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट व्यवस्था में यह सुधार व्यावहारिक रूप से तभी संभव होगा जब जीएसटी कर ढांचे में व्यापक सुधार किया जा। शुरुआत में सभी वर्तमान जीएसटी दरों को समाप्त कर केवल 6, 12 व 30 प्रतिशत के स्लैब रखे जा सकते हैं।

धीरे-धीरे 6 और 12 प्रतिशत के स्लैब समाप्त कर केवल 10 प्रतिशत का नया ढांचा लागू किया जा सकता है। शून्य प्रतिशत जीएसटी केवल बिना ब्रांड वाले कच्चे माल तक सीमित होनी चाहिए जिसे बिना परिष्करण के प्रयोग करना संभव न हो। इसमें कृषि उत्पाद, मछली, मांस, सूती धागा, आदि शामिल हो सकते हैं। दीर्घकालीन प्रयोग वाली सभी चीजों, जैसे कार, एयरकंडीशनर, टीवी सेट, रेफ्रीजरेटर, आदि पर 30 प्रतिशत जीएसटी लगना चाहिए, जबकि उनके पुर्जों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगना चाहिए। वर्तमान समय में कन्फेक्शनर्स द्वारा बेची जाने वाली सभी चीजों, जैसे मिठाइयों, बिस्कुटों व नैपकिन, आदि पर अलग-अलग जीएसटी लगता है, जबकि डायबिटीज़ का कारण बनने वाली लक्ज़री मिठाइयों पर केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है।

सोने के जेवरों जैसे उत्पादों पर इन्वायस दो हिस्सों में बनाए जा सकते हैं जिनमें एक धातु तथा दूसरा बनवाई का होना चाहिए। इसमें 12 प्रतिशत केवल बनवाई पर लगना चाहिए। बहुत-शानदार चीजों पर अतिरिक्त जीएसटी 60 प्रतिशत के दायरे में रखा जा सकता है। पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने से सभी राज्यों में पेट्रोल व डीजल की कीमतें समान हो जाएंगी। 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब समाप्त करने की भरपाई 3 व 5 प्रतिशत के जीएसटी स्लैबों को एक 6 प्रतिशत जीएसटी स्लैब में शामिल करने से हो जाएगी। इन्पुट-टैक्स-क्रेडिट-आईटीसी व्यवस्था गैर-व्यापारिक वस्तुओं व सेवाओं पर लागू नहीं होनी चाहिए। इसमें गैर-वाणिज्यिक प्रयोग वाली कारें शामिल हैं। 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब समाप्त होने तथा सेवा क्षेत्र पर केवल 12 प्रतिशत जीएसटी लगने के कारण 10 लाख या उससे अधिक आमदनी वाले लोगों को जीएसटी व्यवस्था में शामिल किया जा सकता है। वकीलों को जीएसटी व्यवस्था से बाहर रखना अनुचित है। जीएसटी के लिए स्रोत पर कर काटने की व्यवस्था व्यवहार में प्रयोग नहीं होती है, इसलिए इसे समाप्त कर देना चाहिए। सभी सरकारी भुगतानों को जीएसटी से बाहर रखना चाहिए। इससे सरकारी खातों में सरकार की एक जेब से टैक्स दूसरी जेब में रखने की अनावश्यक व्यवस्था समाप्त होगी। स्पीडपोस्ट जैसी महत्वपूर्ण डाक सेवाओं पर टैक्स लगाना तथा दूसरों को इससे बाहर रखने का कोई औचित्य नहीं है। इन्लैंड व विदेशी पोस्टल दरों में सुधार होना चाहिए। वर्तमान समय में 200 ग्राम की वस्तु को स्पीड पोस्ट से भेजने पर 30 रुपये, जबकि सामान्य पोस्ट से भेजने पर 50 रुपये लगते हैं। इसी प्रकार विदेश भेजे जानी वाली डाक की दरें 20 ग्राम के आधार पर तय होनी चाहिए फिर चाहे इसे सी-सरफेस मेल से भेजा जाए या एयरमेल पोस्ट से।

# विश्वविद्यालयों में चिकित्सा सुविधाएं आवश्यक



शिवानी शर्मा



निमरत कौर

यह वास्तव में एक गंभीर चिंता का विषय है कि विभिन्न राज्यों के छात्रों को विश्वविद्यालय में चिकित्सा उपचार सुविधाओं तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उचित स्वास्थ्य सेवाओं की कमी उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे विभिन्न बीमारियों हो सकती हैं। छात्रों को अक्सर निजी अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है, जो हर किसी के लिए वहनीय नहीं हो सकता है। इसके अतिरिक्त, भाषा की बाधा समस्या को और बढ़ा देती है, क्योंकि ज्ञान की कमी के कारण छात्रों का फायदा उठाया जा सकता है। इन चुनौतियों के मद्देनजर, विश्वविद्यालय को परिसर के भीतर ही पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं के प्रावधान को प्राथमिकता देनी चाहिए। साइट पर चिकित्सा सेवाएं स्थापित करने से, छात्रों को स्वास्थ्य देखभाल तक आसान पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उनके समग्र कल्याण को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय परिसर के भीतर स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं होने से न केवल छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ होगा, बल्कि उनके मानसिक शांति और शैक्षणिक प्रदर्शन में भी योगदान मिलेगा।

इसके अलावा, इस मुद्दे को संबोधित करके, विश्वविद्यालय छात्रों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है और एक समावेशी और सहायक वातावरण बनाता है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि छात्रों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें पूरी हों, जिससे वे परिसर के बाहर चिकित्सा देखभाल लेने के अतिरिक्त बोझ के बिना अपनी पढ़ाई और व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

विश्वविद्यालय के भीतर उचित चिकित्सा सुविधाओं में निवेश करने से, छात्रों को स्वास्थ्य देखभाल तक सुविधाजनक और किफायती पहुंच प्राप्त होगी। यह कदम छात्र आबादी की विविध आवश्यकताओं को स्वीकार करता है और उनकी भलाई के मूल्य पर जोर देता है। यह एक महत्वपूर्ण पहल है जो एक स्वस्थ, संपन्न विश्वविद्यालय समुदाय को बढ़ावा देती है। विश्वविद्यालय परिसरों में छात्रों को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक अहम मुद्दा परिसर में चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच है। यह कोई रहस्य नहीं है कि विश्वविद्यालय परिसर विशाल और हलचल भरे हो सकते हैं, जिससे छात्रों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच आवश्यक हो जाती है। छात्रों के सामने एक आम चुनौती सुविधाजनक स्वास्थ्य देखभाल विकल्पों की कमी है। कई परिसरों में सीमित चिकित्सा सुविधाएं हैं, या वे छात्र आवासों या शैक्षणिक भवनों से बहुत दूर स्थित हो सकते हैं। इससे कठिनाइयाँ पैदा हो सकती हैं, विशेष रूप से आपात स्थिति में या जब छात्रों को बीमारी या चोटों के लिए तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त, विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता चिंता का विषय हो सकती है। विश्वविद्यालय के छात्र अद्वितीय स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं के साथ विविध पृष्ठभूमि से आते हैं। इन विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परिसरों को कई प्रकार की चिकित्सा सेवाओं की पेशकश करने की आवश्यकता है, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य सहायता, प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी स्थितियों के लिए विशेष देखभाल शामिल है। विचार करने योग्य एक अन्य पहलू स्वास्थ्य देखभाल की लागत है। विश्वविद्यालय के छात्रों को अक्सर वित्तीय तनाव का सामना करना पड़ता है, और चिकित्सा खर्चों का बोझ उनकी चुनौतियों को और बढ़ा सकता है। सुलभ चिकित्सा सुविधाओं को कम लागत वाले परामर्श, दवा और परीक्षण जैसे किफायती या रियायती स्वास्थ्य देखभाल विकल्प प्रदान करके इसे ध्यान में रखना चाहिए।

स्वास्थ्य देखभाल अंतर को पाटने के लिए विश्वविद्यालय सक्रिय कदम उठा सकते हैं। वे छात्रों के व्यस्त कार्यक्रम को समायोजित करने के लिए विस्तारित संचालन घंटों के साथ परिसर में चिकित्सा क्लीनिक या स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कर सकते हैं। इसके अलावा, स्थानीय अस्पतालों या स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझेदारी विशेष सेवाएं या तत्काल देखभाल सुविधाएं प्रदान करके पहुंच बढ़ा सकती है।

छात्रों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय परिसरों में सुलभ चिकित्सा सुविधाओं को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। चुनौतियों का समाधान करके और व्यापक, किफायती और सुविधाजनक रूप से स्थित स्वास्थ्य सेवाओं की पेशकश करके, विश्वविद्यालय छात्रों को अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने और अकादमिक रूप से आगे बढ़ने में सहायता कर सकते हैं।

निष्कर्षत:, विभिन्न राज्यों के छात्रों की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर के भीतर चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान एक तत्काल आवश्यकता है। यह कदम न केवल उनकी शारीरिक भलाई को बढ़ाएगा बल्कि विश्वविद्यालय में उनके समय के दौरान उनकी समग्र सफलता और खुशी में भी योगदान देगा। आइए, हम एक स्वस्थ और अधिक समावेशी शैक्षणिक वातावरण के लिए प्रयास करें जहां छात्रों के स्वास्थ्य पर वह ध्यान दिया जाए जिसका वह उचित हकदार है।

## आप की बात

### भारत की सफलता

**वर्ष 2023** भारत के लिए हर दृष्टि से सफल और ऐतिहासिक वर्ष रहा है। भारत ने अब तक चीन के हांग्झू में आयोजित एशियाई खेलों में 11 पदक जीते हैं- दो स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य। इसी तरह सफल जी20 शिखर सम्मेलन, एशिया कप पुरुष व महिला आदि इन उपलब्धियों में शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट टीम लगातार मैच जीत रही है और अब उसने 5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह हराकर श्रृंखला भी जीत ली है। यह इसके बावजूद हुआ कि प्रमुख खिलाड़ी रोहित शर्मा, विराट कोहली, बुमराह और सिराज आराम कर रहे हैं। इससे भारतीय खिलाड़ियों में साहस बढ़ेगा, आत्मविश्वास बना रहेगा और यह उन्हें आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए तैयारी और उत्साह से भर देगा। उम्मीद है कि यह 2011 की जबरदस्त जीत का एहसास दिलाएगा और राष्ट्र को राहत की सभी सुखद अनुभूतियों का एहसास होगा। भारत में खेलों का विश्वस्तरीय ढांचा तैयार हो रहा है जिससे सुदूर ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों के नौजवानों व नवयुवतियों को भी खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। खेलों में अधिकाधिक लोगों के भाग लेने से सामाजिक एकजुटता, भाईचारा व मेल-मिलाप की भावना भी मजबूत होगी।

– **मोहम्मद तौकीर,** पश्चिमी चंपारण

### बदलती दुनिया

**दुनिया** तेजी से बदल रही है। पुराने मित्र और खेमे अब पहचान नहीं रह गए हैं। व्यापारिक जरूरत एवं आर्थिक संबंध एक दूसरे को करीब लाते हैं या दूर ले जा रहे हैं। वयस्क लोगों के लिए यह कल्पना करना भी असंभव था, लेकिन आज इसराइल के पर्यटन मंत्री संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भाग लेने के पहले सऊदी अरब का दौरा कर रहे हैं। इससे पहले रियाद के राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान ने कहा था कि इजराइल के साथ चल रही बातचीत का अर्थ सामान्य संबंधों की संभावना का निकट आना है। अन्य इस्लामिक देश, जैसे बांग्लादेश, सूडान, ब्रूनेई, सोमालिया, मोरक्को, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात भी इज़राइल के साथ अपने संबंधों को स्थिर करने के लिए काम कर रहे हैं। सवाल है कि ऐसे में अब फिलिस्तीनियों का क्या भविष्य रह जायेगा? इसराइल से साथ नफरत और दूरी वाले पिछले सात दशकों के संबंध से फिलिस्तीनियों को कुछ हासिल नहीं हुआ। फिलिस्तीन समस्या दुनिया की शायद सबसे पुरानी ऐसी समस्या है, जिसका समाधान आज तक नहीं हुआ है। सवाल यह भी है कि भावी दुनिया में दबंग देशों द्वारा उत्पीड़ित जनता व छोटे देशों का क्या हाल होगा?

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### उत्तर प्रदेश की प्रगति

**उत्तर प्रदेश** की प्रगति उल्लेखनीय है। एक बीमारू राज्य की श्रेणी से उठकर निवेशकों की पसंद वाला राज्य बनना निसंदेह एक सुखद समाचार है। फिल्म जगत की बड़ी-बड़ी हस्तियां हों या बैंकों के चेयरमैन या मुकेश अम्बानी जैसे बड़े उद्योगपति, सभी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात करके प्रदेश में हो रहे विकास को सराहा है और वहां निवेश की बात की है। इसके पीछे दो सबसे प्रमुख कारण हैं, सर्वप्रथम सुधरी हुई कानून एवं व्यवस्था और सड़कों व एक्सप्रेसवे का बढ़ता हुआ जाल। इससे अब राज्य के एक शहर से दूसरे शहर में जाना बेहद आसान हो गया है। श्रमिक वैसे भी उत्तर प्रदेश में सस्ते ही मिलते थे जिन्हें अब अपना प्रदेश छोड़कर दूसरे प्रदेश जाने की जरूरत नहीं है। ऐसे परिदृश्य में यह निवेशकों, राज्य और यहाँ के लोगों सभी के लिए अच्छी खबर है। विकास, रोजगार और प्रगति सब एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। प्रदेश की प्रगति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की क्षमता, लगन व दृढ़ता तथा केन्द्र सरकार के संपूर्ण सहयोग का प्रमुख स्थान है। उम्मीद करनी चाहिए कि भविष्य में भी यही स्थिति बनी रहेगी।

–**बाल गोविंद,** नोएडा

### विपक्ष में दरारें

**हरियाणा** के कैथल में चौधरी देवीलाल के जन्म दिवस समारोह पर विपक्षी दलों के जमावड़े के बावजूद इंडिया गठबंधन में स्पष्ट दरारें और अविश्वास भी दिखाई दिया जिसका असर हरियाणा में गठबंधन पर पड़ेगा। विपक्षी एकता के सूत्रधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं पहुंचे, आम आदमी पार्टी का कोई नेता मौजूद नहीं था और कांग्रेस ने इस ऐतिहासिक रैली का बाय काट किया है। हरियाणा में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। हरियाणा में यदि इंडिया गठबंधन कामयाब नहीं होता है तो चार कोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। यह एक ऐतिहासिक रैली थी जिसमें भीड़ की कोई कमी नहीं थी। लेकिन इंडिया गठबंधन के अनेक नेताओं की अनुपस्थिति खटकने वाली है। आने वाले दिनों में स्पष्ट हो जाएगा कि कांग्रेस व आम आदमी पार्टी का अभय चौटाला की पार्टी इनलो से गठबंधन होगा या नहीं। विपक्ष व खासकर इंडिया में दरार का लाभ निश्चित रूप से भाजपा को होगा। इससे मनोहरलाल खट्टर को मुख्यमंत्री का एक और कार्यकाल मिल सकता है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**pioneerhry@gmail.com**
पर भी भेज सकते हैं।

मोनू मानेसर को राजस्थान में एनकाउंटर का डर

# मोनू मानेसर ने जेल बदलने के खिलाफ राजस्थान की अदालत में दायर की याचिका

पायनियर समाचा सेवा। चंडीगढ़



**राजस्थान** के नासिर-जुनैद हत्याकांड के प्रमुख आरोपी मोनू मानेसर को राजस्थान पुलिस से एनकाउंटर का डर सता रहा है। अपनी सुरक्षा को लेकर मोनू ने राजस्थान की कामां कोर्ट में एक याचिका दायर की है। याचिका में कोर्ट की मंजूरी के बिना उसे अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में ट्रांसफर किए जाने को लेकर पुलिस की मंशा पर सवाल उठाए हैं।

अजमेर से कामां की दूरी 223 किलोमीटर है इस दूरी को तय करने में 3 घंटे से अधिक का समय लगता है। मोनू के वकील ने दावा किया है कि मोनू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हो रहा था, लेकिन अब उसे सड़क पर इतनी दूर तक गाड़ी में ले जाने से उसकी जान को खतरा है।

मोनू मानेसर की जमानत याचिका पर 27 सितंबर को सुनवाई रखी गई थी, लेकिन कोर्ट में कार्य बंद होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब कोर्ट ने मोनू की जमानत पर सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तारीख तय की गई है। मोनू को इस दिन सड़क के रास्ते ही सुनवाई के लिए राजस्थान पुलिस अजमेर से कामां की कोर्ट लेकर आएगी।

नासिर-जुनैद हत्याकांड के आरोप में भरतपुर जेल में बंद मोनू मानेसर को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में 22 सितंबर को स्थानांतरित किया गया। भरतपुर पुलिस उसे कड़ी सुरक्षा में अजमेर लेकर के पहुंची थी। मोनू मानेसर को हाई सिक्योरिटी जेल में एकांत सेल में सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया कि जेल में मोनू की सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए हैं। इन दोनों के शव भिवानी में जली हुई गाड़ी में कंकाल के रूप में बरामद हुए थे। मोनू के वकील ने बताया कि मोनू को बिना किसी कारण के दूसरी जेल में शिफ्ट करने पर पुलिस अधिनियम के खिलाफ कोर्ट का रुख किया है।

पुलिस को ऐसा करने से पहले उन्हें कोर्ट की इजाजत लेनी चाहिए थी। वकील ने सवाल उठाया कि रास्ते में किसी मुठभेड़ या पूर्व नियोजित दुर्घटना को अंजाम देने से कौन रोक सकता है ?एक ओर, राजस्थान पुलिस कहती है कि उसके लिए सेल में अन्य कैदियों के साथ रहना या कोर्ट में पेश होना सुरक्षित नहीं है, और दूसरी ओर, उसे देर शाम दूसरी जेल में ले जाते हैं।

गुरुग्राम पुलिस मोनू को प्रोडक्शन वारंट पर जब लेने गई थी तो राजस्थान पुलिस ने पर्याप्त सुरक्षा नहीं होने का हवाला दिया था। राजस्थान पुलिस ने मोनू मानेसर को गुरुग्राम के पटौदी तक ले जाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा कवर की कमी का हवाला दे चुकी है। इसके एक दिन बाद ही उसे अजमेर जेल शिफ्ट कर दिया गया। हालांकि मोनू के प्रोडक्शन वारंट पर अब 7 अक्टूबर को कोई फैसला होगा।

# कैप्टन व धनखड़ की मुश्किलें बढ़ा गया ब्रजभूषण का हरियाणा दौरा

## हरियाणा में जारी कुश्ती विवाद को मिली हवा

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



**पहलवान** बजरंग पुनिया का एशियन गेम्स में बिना ट्रायल खेलने की छूट को लेकर हरियाणा में दो गुटों में बंटे पहलवानों के दिनों दिन मुखर होते विरोध के दौरान पूर्व कुश्ती संघ अध्यक्ष ब्रजभूषण का हरियाणा दौरा आग में घी डालने का काम कर गया। ब्रजभूषण द्वारा खेल मंत्रालय की एडहॉक कमेटी के बिना ट्रायल किसी को भेजने के फैसले पर सवालिया निशान लगाते हुए इसको गलत फैसला करार दिया, वहीं बजरंग पुनिया पर देश व प्रदेश की जनता को गुमराह करने के आरोप जड़ दिए।

उन्होंने बजरंग पुनिया पर तीखे प्रहार करते हुए कहा है कि हमारा मामला न्यायालय में है लेकिन बजरंग यदि वास्तव में योग्य है तो उसे ट्रायल देकर ही आगे जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वो शुरू दिन से ही कह रहे है कि ये धरनाजीवी बिना ट्रायल के खेलने के लिए षड्यंत्र रच रहे हैं। ब्रजभूषण की बजरंग के प्रति तल्ख ब्यानबाजी से इस विवाद में और अधिक गर्मी आ गई है, जिसकी आंच भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ और कैप्टन अभिमन्यु तक जानी तय है क्योंकि ये दोनों सुपर खिलाड़ी इन दोनों वरिष्ठ नेताओं के हलके से संबध रखते हैं। आपको बता दें कि इस मामले में चार बार खाप पंचायतों का भी आयोजन हो चुका है लेकिन धनखड़ खाप प्रधान द्वारा बजरंग पूनिया के पक्ष में आने से पहलवान विशाल के पक्ष में लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

दोनों तरफ खापों पंचायतों के विरोध व समर्थन के चलते महीनों से चल रहे इस विवाद में अभी तक दोनों नेता एकदम चुप्पी साधे बैठे हैं। महिला पहलवानों के आंदोलन के समय भले ही ओमप्रकाश धनखड़, अनिल विज जैसे नेता उनके समर्थन में उनके न्याय मिलने की बात कही हो लेकिन वोट बैंक की राजनीति के चलते इस विवाद में बीजेपी नेताओं के साथ साथ कांग्रेस व अन्य दल का भी कोई नेता कुछ नहीं बोल रहा है।

जैसा कि विदित है बजरंग पुनिया को एशियन गेम्स में बिना ट्रायल के खेलने की अनुमति मिलने के साथ ही विशाल कालीरमन के समर्थकों ने इस फैसले का विरोध शुरू कर दिया था।

कालीरमण को न्याय दिलाने के चलते इस बारे में कई बार खाप पंचायतों को आयोजन भी हुआ लेकिन कोई हल नहीं हुआ। विशाल कालीरमन समर्थकों ने बजरंग पूनिया को कुश्ती लड़ने के लिए एक करोड़ रूपये की ईनामी कुश्ती रखकर खुला चैलेंज देकर आमजन का ध्यान भी इस विवाद पर लाने को मजबूर कर दिया है। बजरंग द्वारा एक करोड़ रूपये की कुश्ती के चैलेंज को एशियन गेम्स के बाद स्वीकार करने से बजरंग पुनिया सोशल मीडिया पर ट्रोल किये जा रहे हैं।

महीनों से जारी इन धरने प्रदर्शनों व पंचायतों के दौर के बावजूद दोनों पहलवानों के हलके से जुड़े नेता एकदम चुप्पी साधे हुए हैं। लेकिन कल ब्रजभूषण द्वारा स्थिति स्पष्ट करने से विवाद को नई हवा मिल गई है। ब्रजभूषण के दौरे के तुरंत बाद विशाल को न्याय दिलवानें के नाम पर संघर्ष कर रहे समर्थकों ने कहा है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वो व्यापक स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। यदि ऐसा होता है तो इन दोनों नेताओं की मुश्किलें बढ़ना निश्चित है।

## सीटी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज ने कपिंग थेरेपी वर्कशॉप की मेजबानी

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर



सीटी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज के फिजियोथेरेपी विभाग ने हाल ही में डॉ. ऋषभ अरोड़ा के सहयोग से कपिंग थेरेपी पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. अरोड़ा ने अपना अनुभव साझा किया। सीटी यूनिवर्सिटी लुधियाना, डीएवी, लायलपुर खालसा कॉलेज सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों और कैंपस में मौजूद छात्रों ने इस विशेष वर्कशाप में भाग लिया।

कार्यशाला की शुरुआत शमा रोशन करने से की गई, जिसमें सीटी ग्रुप के मैनेजिंग डिरेक्टर डॉ. मनबीर सिंह के साथ साथ सीटी ग्रुप की कोर टीम मेंबर तनिका चन्नी, डीन एकेडमिक्स गुरप्रीत सिंह, शाहपुर कैंपस डायरेक्टर डॉ. परमिंदर सिंह नैन, जीएनडीयू कॉलेजों के निदेशक डॉ. कुलदीप कौर ग्रेवाल, सीटी ग्रुप के अनुसंधान एवं योजना निदेशक, जसदीप कौर धामी, सीटीआईएचएस प्रिंसिपल डॉ. सीमा अरोड़ा और फिजियोथेरेपी विभाग के प्रमुख डॉ. अरुण एवं फिजियोथेरेपी संकाय सदस्य उपस्थित थे। डॉ. अरोड़ा ने कपिंग थेरेपी के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया और छात्रों का मार्गदर्शन किया। विभिन्न पहलुओं में फायर कपिंग, डायनामिक कपिंग, ग्लाइडिंग कपिंग और पारंपरिक बांस कपिंग शामिल थे। सीटी ग्रुप के मैनेजिंग डिरेक्टर डॉ. मनबीर सिंह और श्रीमती तनिका ने उत्सुक शिक्षार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल की खोज जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

## जिला स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में छाए लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ी

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



स्कूल पहुंचने पर फूल मालाओं से खिलाडियों का स्वागत करते स्कूल स्टाफ।

पाईनियर टेबल टेनिस एकेडमी में आयोजित जिला स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण पदकए 8 रजत पदक और 6 कांस्य पदक जीते। अंडर-9 बालक वर्ग में रूद्रांश ने स्वर्ण पदक, आरुश ने रजत पदक, अंडर-11 बालक वर्ग मे यज्ञ बत्रा ने स्वर्ण पदक, रूद्रांश ने रजत पदक व सक्षम यादव ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-11 बालिका वर्ग में दृष्टि ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंडर-13 बालक व बालिका वर्ग में साकेत अरोड़ा ने स्वर्ण पदकए यज्ञ बत्रा ने रजत पदक प्राप्त किया व वंश दहिया ने कांस्य पदक प्राप्त किया व बालिका वर्ग में उदि बत्रा ने स्वर्ण पदक व दृष्टि ने रजत पदक प्राप्त किया।

अंडर-15 बालक व बालिका वर्ग में उदि बत्रा व वंश दहिया ने स्वर्ण पदकए साकेत अरोड़ा व सौम्या ने रजत पदक प्राप्त किया व साईमा और ईरा मलिक ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-17 बालक व बालिका वर्ग में आर्यन राणा व उदी बत्रा ने स्वर्ण पदक व दिगविजय ने रजत पदक और तनुज अंतिल और धवल नेमा व साईमा ने कास्य पदक प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाडियों के अभिभावक बहुत खुश थे, उन्होंने इस जीत का श्रेय विद्यालय प्रशासन को दिया और कहा कि विद्यालय द्वारा प्रदान की गई खेल सुविधाओं के कारण ही आज उनके बच्चे इन ऊचाइयों को छू रहे हैं।

## नि: शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का हुआ भव्य आयोजन

**यमुनानगर।** स्थानीय पैंशनर एवं वरिष्ठ नागरीक एसोशिएसन तथा आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन श्री विश्वकर्मा धर्मशाला, बिसनदास कालोनी, नजदीक विश्वकर्मा चौंक, यमुनानगर के प्रांगण में किया गया। वहीं इस शिविर का शुभारम्भ मुख्यातिथि डा. विनोद पुण्डीर, जिला आयुवैदिक अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वहीं इस शिविर में आयुष विभाग की सेवाभावी डा. पूनम शर्मा एवं डा. मीनू, ए.एम.ओ. द्वारा संयुक्त रूप से शिविर में उपस्थित मरीजों का चैकअप कर उचित सलाह मशवरा व स्वास्थ्य जीवन जीने हेतू जानकारी प्रदान की गई तथा आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा उपस्थित रोगियों का उचित परिक्षण कर नि:शुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्लेसमेंट कैंप में 51 उम्मीदवारों का रोजगार के चयन



**जालंधर।** युवाओं को अधिकतम रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, जिला रोजगार और कारोबार ब्यूरो (डीबीईई) ने बुधवार को अपने कार्यालय में एक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया, जिसमें 51 उम्मीदवारो को रोजगार के लिए मौके पर ही चुना गया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो के डिप्टी डायरेक्टर गुरमेल सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में एलआईसी, कियारा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक इंफ्रा सॉल्यूशंस और एसबीआई जीवन बीमा कंपनियों ने भाग लिया और 63 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से 51 उम्मीदवारों को रोजगार के लिए चुना गया। डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन के नेतृत्व में जिला रोजगार एवं व्यवसाय ब्यूरो समय-समय पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार पाने में मदद करने के लिए इस प्रकार के प्लेसमेंट कैंपो का आयोजन करता है ताकि वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकें। युवाओं को डीबीईई उन्होंने इन कैंप में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि युवा रोजगार के अधिक अवसरों के लिए जिला प्रशासकीय परिसर स्थित ब्यूरो के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 90569-20100 पर संपर्क कर सकते हैं।

### फसल अवशेष आपूर्ति श्रृंखला स्थापना हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**यमुनानगर।** सहायक कृषि अभियन्ता यमुनानगर डॉ. विनित कुमार जैन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा फसल अवशेष के एक्स-सीटू प्रबंधन की महत्ता को ध्यान में रखते हुए फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2023-24 के अंतर्गत धान की पराली खरीदकर उपयोग करने वाले उद्योगों को फसल अवशेषों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए फसल अवशेष एवं पराली आपूर्ति श्रृंखला योजना लागू की जा रही है। योजना के अन्तर्गत ऐसे उद्यमी अपने उद्योग में पराली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में कृषि यंत्रों हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत आवेदनकर्ता उद्यमी तथा किसान, किसान समूह, ग्रामीण उद्यमी, किसानों की सहकारी समिति, एफपीओ व पंचायत के मध्य अनुबंध किया जाएगा, जिसमें उद्यमी द्वारा किसान के खेतों से पराली, फसल अवशेष की गांठे एकत्रित करके उद्योग में प्रयोग हेतु खरीदी जाएगी। उन्होंने बताया कि एक सीजन में न्यूनतम 3000 मीट्रिक टन फसल अवशेष सप्लाई के लिए 1 करोड़ रुपये तक की मशीनरी खरीदने के लिए परियोजना तैयार करनी होगी। इसी प्रकार न्यूनतम 4500 मीट्रिक टन फसल अवशेष सप्लाई के लिए 1.5 करोड़ रुपये तक की मशीनरी खरीदने के लिए परियोजना तैयार करनी होगी। परियोजना के कुल लागत खर्च का 65 प्रतिशत खर्च सरकार द्वारा 25 प्रतिशत उद्योग द्वारा व 10 प्रतिशत मशीनरी चलाने वाले किसानों की सहकारी समिति एवं एफपीओ द्वारा वहन किया जाएगा।

## फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**यमुनानगर।** चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र दामला यमुनानगर द्वारा गांव बकाना में यथा-स्थान फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक इंजिनयर कपिल सिंगला ने किसानों को संबोधित करते हुए फसल अवशेष जलाने के बदले तकनीकी विकल्प चुनने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि फसल के आर्थिक उपयोगी भाग के साथ-साथ हमें उसके बचें हुए अवशेषों को भी उतना ही महत्व देना चाहिए। क्योंकि यही फसल अवशेष मृदा की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने में सहयोग करते हैं तथा फसल की उपज व उसकी गुणवत्ता को बढ़ाते हैं।

## नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में सम्पन्न हुई



पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**राष्ट्रीय** न्यास अधिनियम 1999 के तहत गठित लोकल लेवल कमेटी यमुनानगर की बैठक नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसमें दिव्यांग, मंदबुद्धि व्यक्तियों की सहायता के लिए कानूनी अभिभावक नियुक्त किए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के प्रावधानों के तहत 6 दिव्यांग मंदबुद्धि व्यक्तियों के आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें मेंटजल रिटारडेसन रोग से ग्रसित भटोली यमुनानगर निवासी कु. रिबिका के लिए उसके भाई माईकल गिल को उसका कानूनी अभिभावक एवं संरक्षक नियुक्त करने के लिए कमेटी के सामने उपस्थित हुए।

### खेड़ा वतन पंजाब दीया- 2023

## जिला स्तरीय टूर्नामेंट का दूसरा दिन: बाक्सिंग 40- 42 भार वर्ग में निकिता ने पहला स्थान हासिल किया

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर



**राज्य** में करवाई जा रही ' खेड़ा वतन पंजाब दीया- 2023' के अंतर्गत बुधवार को जिला स्तरीय टूर्नामैंट के दूसरे दिन हंस राज स्टेडियम जालंधर में करवाए गए कुश्ती खेल मुकाबलों में रणधीर सिंह धीरा अर्जुन अवार्डी ने मुख्य मेहमान के तौर पर हाजिरी लगवाई। जबकि बाक्सिंग खेल मुकाबलों में जिला खेल अफसर शाश्वत राजदान ने मुख्य मेहमान के तौर पर शिरकत की।

आज करवाए गए कुश्ती अंडर-14 और अंडर- 17 लड़कियां 40 किलोग्राम भार वर्ग मुकाबलों में मानसी वरियाना ने पहला स्थान और मुस्कान एसएस कुश्ती सेंटर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 43 किलो भार वर्ग में गुरसीन कौर जगजीत कुश्ती अकेडमी वरियाना ने पहला, नवजोत चोपड़ा एसएस कुश्ती सेंटर ने दूसरा और श्रेया दानिशमन्दा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर- 14 लड़कियां 42 किलो भार वर्ग में अर्चना ने पहला और रजनी ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह अंडर-14 लड़के 48 किलो भार वर्ग में चिराग़ वरियाना ने पहला और मानवबीर ने दूसरा और पन्नू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बाक्सिंग 40 से 42 भार वर्ग में निकिता पहले और अंशिका दूसरा स्थान पर रही। 42 से 44 किलो भार वर्ग लड़कियों में गरिमा सिरहाली ने पहला और सीधी जूनियर माडल स्कूल ने दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि लवप्रीत काला बाहदिया और कमाकशी ने सांझे तौर पर तीसरा स्थान हासिल किया।

## शिखर धवन की दा वन स्पोर्ट्स अकादमी ने ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार किया

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने अपनी संस्था दा वन स्पोर्ट्स अकादमी के माध्यम से, ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल रोहतक के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार करते हुए छात्रों के समग्र विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। इस वेंचर का उद्देश्य स्पोर्ट्स ट्रेनिंग में क्रांति लाना और छात्रों के में बुनियादी वर्षों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। इसका प्राथमिक लक्ष्य खेल में उत्कृष्टता की संस्कृति का पोषण करते हुए अनुशासन, टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और एथलेटिसि ?म जैसे मूल्यों की स्थापना करना है। शिखर धवन की क्रिकेट विशेषज्ञता और दा वन स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली सुसंगठित पद्धतियों के माध्यम से, यह साझेदारी छात्रों को एक ऐसे खेल प्रशिक्षण अनुभव/ प्रदान करने के लिए तैयार है जो छात्रों में आमूलचूल परिवर्तन लेकर आएगा।

ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक की प्रिंसिपल श्रीमती शैली गांधी कहती हैं, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक में शिखर धवन स्पोर्ट्स अकादमी का स्वागत करते हुए हम बेहद रोमांचित हैं। निस्संदेह यह पहल हमारे छात्रों को अधिक समर्पण और जुनून के साथ खेलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा देगी। समग्र रूप से देखा जाए तो यह पहल अंतरराष्टीय खेल मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम खिड़ाली गने में योगदान देगी।

शिखर धवन की पहल, दा वन ग्रुप के सीईओ अमितेश शाह इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहते हैं, दा वन स्पोर्ट्स ने सोनीपत और अब रोहतक में ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल परिसरों/कैंपसेस के साथ खेल भावना के अनुरूप गौरवपूर्ण साझेदारी की है,

## गौड़ ब्राह्मण में आयोजित हुआ अभिव्यक्ति कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज रोहतक में आज कॉलेज की सांस्कृतिक समिति द्वारा अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा कविता पाठ करके अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक प्राणी के अंदर कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है। हमें अपनी प्रतिभा को पहचानना चाहिए। इसके साथ ही जब भी कोई मंच मिले उसको प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं हमारे व्यक्तित्व में निखार लेकर आती है और हमारे कॉन्फिडेंस लेवल को बढ़ाती है।

सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ अंजू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में हिंदी, हरियाणवी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी में विद्यार्थियों ने कविता पाठ किया। इसके साथ ही भाषण और वाद विवाद भी प्रतियोगिता का हिस्सा रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ मंजू शर्मा और डॉ सुदेश शर्मा रहे। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे।

हिंदी काव्य पाठ में बीएससी का छात्र हर्ष प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ऋतु द्वितीय, एमए अंग्रेजी का छात्र अमन तृतीय, हरियाणवीं कविता पाठ में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी द्वितीय, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सूजी तृतीय रही। मंच संचालन डॉ सीमा अत्री ने किया। इस अवसर पर संयोजिका डॉ अंजू शर्मा, डॉ मनीषा कौशिक, डॉ कपिल कौशिक मौजूद रहे।

## किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स ने सीपीसीबी 4+ कॉम्प्लाएंट जेनसेट्स की नई श्रृंखला लॉन्च की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**बिजली** उत्पादन के उद्योग में अग्रणी, किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स (केओईएल) ने अपने सीपीसीबी 4+ कॉम्प्लाएंट जेनसेट्स की नई श्रृंखला को लॉन्च किया है। उच्च प्रदर्शन वाले, ईंधन के मामले में किफायती और पर्यावरण के लिये जिम्मेदार समाधानों की आपूर्ति पर केन्द्रित, यह नये जेनसेट केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा निर्धारत उत्सर्जन के सबसे नये नियमों को पूरा करते हैं। यह जेनसेट स्थायी रूप से बिजली उत्पादन करने और पर्यावरण के प्रबंधन में किर्लोस्कर की प्रतिबद्धता दिखाते हैं। इन्हें विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की तरह-तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये डिजाइन किया गया है। इस प्रकार सुनिश्चित होता है कि व्यवसायों और समुदायों की पहुंच अधिक विश्वसनीय, शुद्ध एवं बेहतर बिजली तक हो। किर्लोस्कर के जेनसेट डीजल, प्राकृतिक गैस, बायोगैस, आदि समेत ईंधन के कई विकल्पों पर शानदार ढंग से चलने के लिये बनाये गये हैं और उपभोक्ताओं को बेजोड़ लचीलापन देते हैं।

लॉन्च इवेंट में अपने सम्बोधन के दौरान प्रबंध निदेशक गौरी किर्लोस्कर ने जोर देकर कहा कि, डीजल जनरेटिंग सेट्स में बाजार के अग्रणी के तौर पर हमारी अडिग स्थिति हमारी सफलता की यात्रा का प्रमाण है। आसानी से बदलाव के अनुकूल बनने और अभिनव समाधानों की आपूर्ति करने की हमारी योग्यता हमें भरोसेमंद और ईंधन के मामले में किफायती जेनसेट्स के संदर्भ में भारत के सर्वश्रेष्ठ उत्पादक के रूप में स्थापित कर चुकी है। हमारा मानना है कि हमारी नई पेशकश, ऑप्टिप्राइम संस्करण बाजार में हमारी स्थिति को और भी मजबूत करेगा।

# सरकारी खरीद में ढिलाई से धान, बाजरा घाटे में बेच रहा किसान : भूपेंद्र हुड्डा




**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का आरोप है कि बीजेपी-जेजेपी सरकार का मकसद फसल की खरीद करना नहीं बल्कि किसानों को परेशान और बर्बाद करना है। सरकार द्वारा ऐलान किए जाने के बावजूद मंडियों में धान और बाजरा की खरीद नहीं हो रही है। क्योंकि सरकार ने धान खरीद का ऐलान तो कर दिया लेकिन साथ में कई तरह की शर्तें थोप दी गई। ऊपर से हमेशा की तरह खरीद शुरू होते ही पोर्टल ने काम करना बंद कर दिया, जिसकी वजह से जे-फॉर्म और ई-फॉर्म नहीं बन पा रहे।

हुड्डा ने कहा कि मंडियों में फसल की आवक जोरों पर है लेकिन अबतक उठान का कोई बंदोबस्त नहीं किया गया। प्रदेश की सारी मंडियां और मंडियों की तरफ जाने वालीं सड़कें पूरी तरह जाम हो चुकी हैं। फसल उठान के लिए भी सरकार ने जीपीएस की नई शर्त लगा दी, जिनकी वजह से टेंडर लेने वालों को उठान में देरी का बहाना मिल गया है। सरकार द्वारा मंडियों में खरीद, उठान और पेमेंट की कोई तैयारी नजर नहीं आ रही। जानबूझकर किसानों को सड़कों पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। आंकड़े बताते हैं कि मंडियों में करीब 20 लाख क्विंटल धान आ चुकी है लेकिन खरीद बमुश्किल 5 लाख क्विंटल की ही हुई है। यानी लगभग 15 लाख क्विंटल धान मंडियों में पड़ी हुई है। इसी तरह 3.50 लाख क्विंटल बाजरा मंडियों में आ चुका है लेकिन खरीद करीब 40 हजार क्विंटल की ही हुई है। सरकार द्वारा खरीद में की जा रही लेटलतीफी का लाभ प्राइवेट एजेंसियां उठा रही हैं।

मजबूरी में किसानों को एमएसपी से कम रेट पर फसल बेचनी पड़ रही है। उसे धान पर प्रति क्विंटल 200 से 300 रुपए और बाजरे पर 500-600 रुपये का घाटा हो रहा है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि



कांग्रेस ने सरकार से बार-बार जल्द खरीद शुरू करने की मांग की। कांग्रेस द्वारा कहा गया कि वक्त रहते तमाम तैयारियां को पूरा किया जाए और पोर्टल के जंजाल को खत्म करके जल्द से जल्द खरीद, उठान और पेमेंट होनी चाहिए। लेकिन सरकार ने जानबूझकर इन मांगों को नजर अंदाज किया, जिसका खामियाजा प्रदेशभर के किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने सरकार से कपास की फसल में आई बीमारी का संज्ञान लेने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि भिवानी, रोहतक, कैथल, फतेहाबाद, रेवाड़ी और सिरसा आदि जिलों में सुंडी के चलते प्रति एकड़ 5-6 क्विंटल का नुकसान हुआ है। सिरसा में 85 प्रतिशत कर फसल बर्बाद हो गई है। ज्यादातर जिलों में 50 प्रतिशत से ज्यादा का नुकसान है। ऐसे में सरकार को तुरंत गुलाबी सुंडी की रोकथाम के लिए विशेषज्ञों को फिल्ड में उतारना चाहिए। जिन किसानों की फसल बीमारी से प्रभावित हुई है, उसकी गिरदावरी करवाकर जल्द मुआवजा दिया जाए।

## पहल टीम राजौंद में जल्द खोलेगी पुस्तकालय: सुशील

**कैथल।** पहल टीम की ओर से जय वाल्मीकि, जय भीम ट्रस्ट राजौंद द्वारा संचालित वाल्मीकि मंदिर व धर्मशाला में पुस्तकालय खोलने का निर्णय लिया गया ताकि स्कूल, कॉलेज जाने वाले व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को उनके घर के नजदीक, गांव में ही पुस्तकालय की सुविधा मिल सके और वो अपने भविष्य को संवार सकें।

राजौंद का ये ट्रस्ट सामाजिक कार्यों के साथ साथ शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए भी प्रयासरत है। ट्रस्ट के सदस्य सुशील वाल्मीकि पूर्व पार्षद के प्रयासों से ही 23 सितंबर को पहल टीम के संयोजक मास्टर नर सिंह दास अठवाल व सदस्य प्रवीण अठवाल, कुलदीप सिंह, नरेश कुमार ईशम सिंह ने ट्रस्ट के भवन का मुआयना किया व भवन मे स्थित बड़े हाल को पुस्तकालय के लिए उपयुक्त मानते हुए उसमें पुस्तकालय खोलने पर अपनी सहमति जताई। सुशील वाल्मीकि ने बताया कि ट्रस्ट हमेशा समाज हित के कार्यों में लगा रहता है। प्रवीण अठवाल व कुलदीप सिंह ने बताया कि टीम पहले भी कैथल, ढांड, सजुमा, सेरधा, मुंदरी, बरोट, बरटा, छोत, कसान आदि गांवों में भी पुस्तकालय खोल चुकी है जिसमें टीम द्वारा मेज, कुर्सियां, मैट, बुक रैक, महापुरुषों के छायाचित्र व पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाती है।

# शहीद भगत सिंह की जयंती पर तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

### रक्त से शहीद भगत सिंह का चित्र बनाकर सोनीपत में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**शहीद**-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में महलाना रोड़ स्थित तिरंगा चौक से तिरंगा यात्रा की धूमधाम से शुरूआत की गई। शहीद भगत सिंह के पौत्र यादविंद्र सिंह संधू ने तिरंगा यात्रा में बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर कर यात्रा का शुभारंभ किया। सोनीपत पहुंचने पर पुष्पा वर्षा के साथ यादविंद्र सिंह संधू का जोरदार स्वागत किया गया। उनके साथ में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार विशेष रूप से मौजूद रहे।

यात्रा का शुभारंभ करने से पहले सबसे पहले भारता माता के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की, इसके उपरांत यात्रा का आगाज किया गया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने भी अपने रक्त से शहीद भगत सिंह के चित्र बनाने में योगदान दिया।

तिरंगा यात्रा का शहर के ककरोई चौक, गीताभवन चौक, बस स्टैंड, मामा भांजा चौक, दिल्ली रोड़, विवेकानंद चौक, फाजिलपुर, रायपुर कुश्ती अखाड़ा सहि अन्य स्थानों पर फूलमालाओं व पुष्पवर्षा के साथ



रक्त से बनाया शहीद-ए-आजम भगत सिंह का चित्र।

जोरदार स्वागत किया गया। ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए शहीद भगत सिंह के सुंदर चित्र शहीद भगत सिंह बिग्रेड के अध्यक्ष यादविंद्र सिंह संधू ने देखे व विद्यार्थियों की कला की सरहाना की। इसके उपरांत शहीद भगत सिंह का चित्र रक्त से बनाने के लिए रक्तदान करने के लिए यवुाओं की कतार लग गई। कतार में लगकर युवाओं ने शहीद भगत सिंह से खून का रिश्ता जोड़ते हुए अपने रक्त से शहीद भगत सिंह का चित्र बनावाने में ऐतिहासिक योगदान दिया।

इसके उपरांत स्कूली विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से शहीद भगत सिंह के जीवन का सुंदर वर्णन किया। शहीद भगत सिंह बिग्रेड के अध्यक्ष यादविंद्र संधू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बड़ा ऐतिहासिक दिन है। जो हम खुली हवा में सांस ले रहे है, इसमें शहीदों का सबसे बड़ा योगदान है। शहीद भगत सिंह का जन्म 28 सितम्बर 1907 को हुआ था। शहीद भगत सिंह भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे। शहीद चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया।

उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की। अमृतसर में हुए जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड ने शहीद भगत सिंह की सोच पर गहरा प्रभाव डाला था। लाहौर के नेशनल कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर भगत सिंह ने भारत की आजादी के लिए नौजवान भारत सभा की स्थापना की थी। जेल में रहते हुए शहीद भगत सिंह लेख लिखकर अपने क्रान्तिकारी विचार व्यक्त करते रहते थे। उनके उस दौरान लिखे गये लेख व सगे सम्बन्धियों को लिखे गये पत्र आज भी उनके विचारों के दर्पण हैं।

## सांस लेने-छोड़ने के साथ प्राणायाम का अभ्यास करने से शरीर के हर हिस्से को मदद मिलती है: गुलाट



**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के तत्वाधान में पार्क एनक्लेव, सेक्टर तेरह में संचालित योग कक्षा में प्रसिद्ध योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने योग की शिक्षा दी। उन्होंने साधकों को योग के अंतर्गत प्राणायाम व ध्यान की विधि बताई। उन्होंने कहा कि सांस लेने और छोड़ने के साथ प्राणायाम का अभ्यास करने से शरीर के हर हिस्से को मदद मिलती है।

योग से शारीरिक शक्ति सहनशक्ति,एकाग्रता की क्षमता बढ़ती है और मानसिक रूप से अधिक ऊर्जा प्रदान करता है। योग शिक्षक नवीन जिंदल ने यहां विभिन्न तरह के आसनों का अभ्यास करवाया। रोजाना यौगिक क्रियाओं और आसनों को करने से मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। विभिन्न आसन शरीर को अधिक लचीला बनाते हैं। इसके अलावा, योग उपास्थि और जोड़ों को टूटने से बचाता है, रक्त प्रवाह बढ़ाता है और रक्त शर्करा को कम करता है। योग का सबसे महत्वपूर्ण लाभ तनाव, थकान, स्फूर्ति और जीवन शक्ति से राहत दिलाने में इसका उपयोग है। योग इम्युनिटी बूस्टर के रूप में काम करता है और मानसिक शांति देता है।

## 15 अक्टूबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे भूमि पूजन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में बनाए जाने वाले सिविल एन्कलेव का भूमिपूजन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आगामी 15 अक्तूबर (पहला नवरात्र) को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुधवार को ही आरसीएस (रिजनल कनैक्टीविटी स्कीम) उड़ान योजना के तहत जीएलआर (जनरल लैंड रजिस्टर) रिकार्ड में 20 एकड़ भूमि का पंजीकरण अब सिविल एन्कलेव के नाम से हो गया है।


उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय के डिफेंस इस्टेट आफिसर द्वारा सिविल एन्कलेव निर्माण के लिए जीएलआर में भूमि का पंजीकरण किया गया है। पहले इस भूमि का पंजीकरण मिलिट्री डेयरी फार्म के नाम से दर्ज था। उनके प्रयासों से अब यह भूमि उड़ान योजना के तहत सिविल एन्कलेव के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के माध्यम से उपलब्ध हो पाई है।

# हरियाणा में परिषद और पालिका अध्यक्षों के वित्तीय अधिकार कुछ शर्तों के साथ बढ़ाए

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने नगर परिषद और नगर पालिका के अध्यक्षों के वित्तीय अधिकार बढ़ाने के साथ ही कुछ पाबंदी भी लागू की है। शहरी एवं स्थानीय निकाय विभाग द्वारा लागू की गई शर्तों के तहत हर बिल भुगतान का शहरी निकाय द्वारा 10 दिन के भीतर फैसला किया जाएगा। इसके साथ ही भुगतान कमेटी की 10 दिन में एक मीटिंग जरूरी होगी।

नगर परिषद और नगर पालिका अध्यक्ष 50 लाख रुपये तक के भुगतान के लिए शहरी स्थानीय निकाय की भुगतान अनुमोदन कमेटी का प्रमुख बनाया गया है। साथ ही 50 लाख रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट के लिए, संबंधित जिला नगर आयुक्त को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



### हर बिल का भुगतान शहरी निकाय द्वारा 10 दिन के भीतर फैसला किया जाएगा

स्थानीय निकाय विभाग ने ठेकेदारों को भुगतान जारी करने के लिए कुछ शर्तें रखीं हैं। इनमें नगरपालिका कार्यों की ई-टेंडरिंग, सक्षम प्राधिकारी द्वारा भुगतान वृद्धि राशि की मंजूरी, भुगतान की मंजूरी से पहले जिला स्तरीय निगरानी समिति की सिफारिश और कुछ ठेकेदारों के पक्ष में कार्यों का विभाजन न करना शामिल है।

भुगतान जारी करने के लिए नागरिक निकायों के लिए एक समय-सीमा तय की गई है। भुगतान समिति 10 दिनों में कम से कम एक बैठक और एक माह में तीन बैठकें करेगी। जिला मुख्यालय की नगर पालिका परिषद के मामले में मुख्य कार्यकारी अधिकारी या नगर परिषद-नगरपालिका समिति के कार्यकारी अधिकारी समिति के सदस्य होंगे। संबंधित पार्षद, जिनके वार्डों में विकास कार्य हुए हैं, वे भी भुगतान अनुमोदन समिति के सदस्य होंगे।बैठक की तिथि, समय और स्थान तय करने का अधिकार नगर निकाय अध्यक्ष को दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण चेतना रैली का किया आयोजन



**यमुनानगर।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रादौर द्वारा राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल अंटावा में फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत पर्यावरण चेतना रैली का आयोजन किया गया जिसके मुख्यातिथि कृषि विकास अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार रहे। उन्होंने बच्चों को कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फानों को जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए कहा कि 1 टन पराली जलाने से लगभग 5.5 किलोग्राम नाईट्रोजन, 2.3 किलोग्राम फास्टफोरस, 23 किलोग्राम पोटेशियम व 400 किलोग्राम ओरगेनिक कार्बन नष्ट होता है। यदि किसान फानों को जलाने की बजाए, जमीन में मिलाए तो भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकते है। इस मौके पर लगभग 75 बच्चों ने हाथ में बैनर व तख्तिया लेकर गांव के किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जागरूक किया व साथ में यह शपथ भी ली कि हम अपने माता-पिता को फानों को जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जरूर अवगत कराएंगे ताकि पर्यावरण व मनुष्य का स्वास्थ्य बरकरार रहे। इस मौके पर राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल अंटावा की प्रधानाचार्य श्रीमति संजू, सूपरवाईजर सुनील काम्बोज, कर्नल संधू व अन्य अध्यापकों ने इस रैली में भाग लिया।

### आईजी कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग ने लगाया हेल्थ कैंप

**कैथल।** इंदिरा गांधी पी.जी. महिला महाविद्यालय कैथल में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्यातिथि खेमराज असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट एंड ब्रांच मैनेजर, येस बैंक ने शिरकत की। स्टाफ सदस्यों द्वारा मुख्यातिथि,



अतिथियों का स्वागत करते हुए स्टाफ सदस्य।

कॉलेज प्रधान रामबहादुर खुरानिया, राकेश कुमार, डिप्टी मैनेजर येस बैंक व कॉलेज प्राचार्या का स्वागत किया गया। राम बहादुर खुरानिया ने हेल्थ चेकअप करवाया और अपना बॉडी मास इंडेक्स, बैलेंस डाइट आदि की जानकारी प्राप्त की। प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने भी हेल्थ चेकअप करवाया और अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। फिजिकल विभाग की प्राध्यापिका रीना गिल ने विस्तार से बताते हुए कहा कि हेल्थ कैंप में बॉडी मास इंडेक्स, संतुलित आहार, सीपीआर, आसान संबंधी विकृतियों, प्राथमिक चिकित्सा आदि की जानकारी प्रदान की गई है। मौके पर सांयकालीन सत्र की प्रिंसिपल इंचार्ज सुरभि शर्मा व स्टाफ सदस्यों में श्वेता तंवर, राधिका, अमरनाथ गोयल, हेमलता, नंदिता, नंदिनी, नीलम, सीमा सुनेजा, नवनीत, छवि, कोमल, मोनिका मित्तल आदि ने भी अपना हेल्थ चेकअप करवाया।

# गणपति बप्पा मोरया, अगले वर्ष जल्दी आना

### श्रद्धालुओं ने यमुना में किया गणपति बप्पा की प्रतिमा का विर्सजन

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**मिशन** चौक स्थित नवनिर्माण जय बालाजी मंदिर में गणपति पूजन का आयोजन किया गया। गुरुवार को सुबह 10 बजे गणपति विसर्जन बैंडबाजे ढोल के साथ किया गया।

इससे पहले मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। हवन यज्ञ के बाद मंदिर में बालाजी महाराज की गदा व उनके बालाजी की प्रतिमा का स्वरूप स्थापित किया। दस दिवसीय गणेशोत्सव का आज विधिपूर्वक



नवनिर्माण जय बालाजी मंदिर में हवन-यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु।

समापन किया गया।

गणपति बप्पा को ट्रैक्टर-ट्राली में विराजमान कर यमुना तक ले जाया गया और मंत्रोंच्चारण एवं भव्य पूजन विधि के द्वारा सभी भक्तों ने गणपति को विसर्जित किया। पंडित रामज्वारी ने बताया कि नवनिर्माण जय बालाजी मंदिर में प्रथम बार गणेश महोत्सव मनाया गया। मिशन रोड निवासी व आसपास के लोग बड़ी श्रद्धा के साथ गणपति विसर्जन के लिए सोनीपत शहर में शोभा यात्रा निकालते हुए यमुना पर पहुंचे और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद गणपति देव की प्रतिमा का विर्सजन किया।

## खालसा कॉलेज में शहीद ए आजम भगत सिंह को किया नमन

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**गुरु** नानक खालसा कॉलेज में शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने सर्वप्रथम भगत सिंह की तस्वीर पर माल्यापर्ण किया और उन्हें नमन किया। प्राचार्य ने बताया कि लिटरेरी सोसाइटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि भगत सिंह ने 12 वर्ष की आयु में अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया था। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया था। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि आज सभी विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित करें और अपने मुकाम को हासिल करें।

आज बलिदान की नहीं बल्कि मेहनत और रचनात्मकता की जरूरत है। राष्ट्रभक्ति सर्वोपरि होनी चाहिए। जिस विद्यार्थी में राष्ट्रभक्ति की भावना होगी वो जीवन में अवश्य सफलता को प्राप्त करते हैं। लिटरेरी सोसाइटी के इंचार्ज डॉ. बीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के साथ प्रत्येक प्राध्यापक का भी यह दायित्व है कि अपने कार्य और कर्तव्य की निष्ठा और समर्पण से पूर्ण करें और उन्होंने कहा कि देश के बलिदानियों की वजह से हम आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

## भगत सिंह की विचारधारा हमारे लिए मार्गदर्शनः खुशप्रीत

**कैथल।** शहीदे आजम सरदार भगत सिंह के जन्मदिन के अवसर पर पूंडरी के संभावित विधान सभा उम्मीदवार खुशप्रीत सिंह फरल ने उनकी प्रतिमा को सरोपा और फूल माला डालकर नमन किया। खुशप्रीत ने कहा कि भगत सिंह की विचारधारा हमारे लिए मार्गदर्शन है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।

उन्होंने देश के लिए जो कुर्बानी दी उसे शब्दों में नही आंका जा सकता। हंसते हंसमे फांसी का फ्ऍदा क्रूमने वाले इस जांबाज को हम शत शत प्रणाम करते हैं। देश के मौजूदा हालात पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा कि आज देश में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का बोलबाला है जिसके कारण युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़ रही है।

# वी पेश करते हैं वी ऐप पर अनूठा ऑफर 'रीचार्ज एण्ड फ्लाय'!

### 5000 तक कीमत की एक मुफ्त डोमेस्टिक फ्लाइट टिकट जीतने का मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम / हिसार

**त्योहारों** के सीजन में खुशियों को और अधिक बढ़ाते हुए जाने-माने दूर संचार सेवा प्रदाता वी ने आज ईज माय ट्रिप के सहयोग से अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए स्पेशल सेलेब्रेटरी ऑफर 'रीचार्ज एण्ड फ्लाय' की घोषणा की है।

इस प्रस्ताव के तहत 26 से 30 सितम्बर 2023 के बीच वी ऐप के जरिए रीचार्ज करने वाले वी के उपभोक्ताओं को हर घण्टे रुपये 5000




तक कीमत की एक मुफ्त डोमेस्टिक फ्लाईट टिकट जीतने का मौका मिलेगा, वैकल्पिक रूप से यूजर जयादा कीमत की फ्लाइट टिकट बुक कर रुपये 5000 का डिस्काउन्ट पा सकते हैं। साथ ही 5 दिनों की ऑफर की अवधि के दौरान उपभोक्ता इंटरनेट का अधिक लाभ उठा सकेंगे क्योंकि वी लेकर आए हैं वी ऐप के जरिए चुनिंदा रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 50 जीबी तक डेटा के फायदे। इसके अलावा के वी के यूजर अन्य रिवॉर्ड्स के साथ-साथ फ्लाईट टिकट पर ई? माय ट्रिप द्वारा रु 400 तक के स्पेशल डिस्काउन्ट कूपन भी जीत सकते हैं। वी ऐप के जरिए जितने यादा रीचार्ज किए जाएंगे, उतना ही फ्लाइट टिकट और अतिरिक्त डेटा जीतने की संभावना बढती चली जाएगी। उपरोक्त ऑफर एक्सक्लुवि रूप से वी ऐप पर उपलब्ध हैं।

# बाजारों में दुकानों के आगे रेहड़ी लगवाने वाले दुकानदारों के काटे जायेंगे चालान

### जिला व्यापार मंडल और शहर की विभिन्न मार्केट एसो. के प्रधानों के साथ निगम कार्यालय में की बैठक

**पायनियर समार सेवा।** सोनीपत

**मेयर** निखिल मदान वीरवार को निगम कार्यालय में पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम अधिकारियों और शहर के व्यापारियों के साथ मिलकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मेयर निखिल मदान और संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा ने शहर के अति व्यस्ततम बाजारों में व्यापारियों द्वारा अपनी अपनी दुकानों के बाहर निश्चित जगह से आगे जाकर सामान रखकर या रेहड़ी लगाकर किए जा रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए व्यापारियों से सुझाव मांगे। जिस पर सभी व्यापारियों ने कहा कि ऐसे दुकानदारों के चालान काटे जाने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। सभी व्यापारी अतिक्रमण को हटाने के पक्ष में है, ताकि बाजार में पैदल



चलने वाले लोगों को जगह मिले और फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी आसानी से आ सके। जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि शहर के अंदर स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों के चौक चौराहों पर अवैध रूप से पोस्टर बैनर लगाए जाते हैं, जो बेहद गलत है। उनकी संस्था हर रविवार को ऐसे चौकों की सफाई करती हैं। उनकी संस्था के सभी पदाधिकारियों की यही मांग है कि ऐसे पोस्टर लगाने वाले और लगवाने वाले लोगों के ऊपर कार्यवाही की जाए, ताकि शहर साफ सुथरा बन सके।

जिस पर निगम संयुक्त आयुक्त ने कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। कच्चे क्वार्टर प्रधान राकेश चोपड़ा ने बाजारों में सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग रखी, जिस पर मेयर निखिल मदान ने बताया कि निगम कर्मचारियों द्वारा बाजारों में रात को नियमित तौर पर सफाई की जाती है, लेकिन आगामी त्योहारों के मौसम को देखते हुए इस विषय में और ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। प्रधान जवाहर चांदना ने बाजारों में स्ट्रीट लाइट ना होने की बात रखी। जिस पर मेयर निखिल मदान ने बताया कि अगले माह में निगम को नई स्ट्रीट लाइट मिल जायेगी, जिसके बाद सभी बाजारों में आवश्यकता अनुसार लाइट लगवाई जाएंगी। लाइट लगवाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, साथ ही निगम की फाइनेंस कमेटी बैठक में इसके लिए आवश्यक बजट 2 करोड़ 40 लाख रुपए को मंजूरी दी जा चुकी है। निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा ने कहा कि आगामी एक अक्टूबर को निगम प्रशासन द्वारा 40 विभिन्न जगहों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसमे सभी दुकानदारों को अभियान में शामिल किया जाएगा और जागरूक किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त स्थानीय पार्षदों, व्यापारियों, पुलिस प्रशासन, निगम अधिकारियों की टीम भी बनाई जाएगी जो अतिक्रमण सहित सभी अन्य विषयों पर मिलकर कार्य करेगी। बैठक में व्यापार मंडल जिला प्रधान संजय सिंगला, मार्केट प्रधान जवाहर चांदना, नरेश छाबड़ा, राकेश चोपड़ा, सुशील स्याल, हिमांशु कुकरेजा, आरपी हुड्डा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### वीडियो कॉल पर था, शराब पी रखी थी, इंजन में घुसा और बैग थ्रोटल पर रख दिया

# लाइटिंग स्टाफ के कर्मचारी की लापरवाही से प्लेटफार्म पर चढ़ी थी ट्रेन

**एजेंसी।** मथुरा

**मथुरा** में मंगलवार देर रात हुए ट्रेन हादसे में इंजन के अंदर का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि लोको पायलट सीट से उठ जाता है, फिर लाइटिंग स्टाफ का एक कर्मचारी वीडियो कॉल पर बात करते हुए ईएमयू के इंजन में दाखिल होता है। अपनी पीठ से बैग उतारकर इंजन में थ्रोटल (एक्सलरेटर) पर रख देता है।

बस यहीं लापरवाही होती है। थ्रोटल पर बैग रखते ही ट्रेन चलने लगती है। चूंकि ट्रेन डेड एंड पर थी यानी उसके आगे पटरी नहीं थी बल्कि बैरियर था जिसे तोड़ते हुए वह प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर 30 मीटर ऊपर चढ़ जाती है। फिर बिजली के पोल से टकराकर रुकती है। इस दौरान प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों में भगदड़ मच जाती है।

सिर्फ यही नहीं, ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में बैग रखने वाले लाइटिंग स्टाफ सचिन के हल्के नशे में होने की पुष्टि हुई है। उसके खून की जांच के लिए सैंपल भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर पता चलेगा कि नशा किस स्तर का और कितना था।

आगरा मंडल प्रबंधक तेजप्रकाश अग्रवाल का कहना है कि ट्रेन आने के बाद इंजन के केबिन



की चाबी वहां पहले से मौजूद सहायक स्टाफ को देनी होती है। मंगलवार रात ट्रेन आने पर चाबी सचिन को दी गई थी। फिलहाल, रेलवे की 28 पेज की मिली जांच रिपोर्ट के आधार पर लोको पायलट सहित 5 रेल कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित किए गए रेल कर्मियों में लोको पायलट गोविंद हरी शर्मा, हेल्पर इलेक्ट्रिक सचिन, टेक्नीशियन कुलजीत, बृजेश और हरवन कुमार हैं। दिल्ली शकूर बस्ती स्टेशन से उत्तर रेलवे की श्वरू ट्रेन रोज मथुरा के लिए चलती है। रेलवे के अधिकारियों को दी गई प्राथमिक रिपोर्ट में घटना के बारे में जानकारी दी गई है। इसमें लिखा है कि गाड़ी संख्या 04446 मथुरा स्टेशन पर रात 10:49 बजे पहुंची। लोको पायलट के उतरने के बाद चाबी लाइटिंग स्टाफ सचिन को दी गई, वह अंदर गया।

इसी समय लगभग एक मिनट के अंदर ही गाड़ी डेड एंड को तोड़ते हुए प्लेटफॉर्म नंबर-2 के ऊपर चढ़ गई। जो कि ह्॥श्व खंभा संख्या 1002 को हिट और डैमेज करके उसी के ऊपर रुक गई।

#### मोबाइल पर थी नजर, लापरवाही में हादसा हुआ

**जांच** रिपोर्ट के दूसरे पेज पर लिखा है कि सीसीटीवी की वीडियो क्लिप के अनुसार ट्रेन आने के बाद कार्यरत चाबी लाइटिंग स्टाफ सचिन लगातार मोबाइल देख रहा था। मोबाइल देखते हुए यानी वीडियो कॉल पर ही वह इंजन में अंदर प्रवेश करता है। लापरवाही से अपने बैग को केबिन के आगे रखकर फिर से मोबाइल में व्यस्त हो जाता है। इसी बीच अपना बैग अंदर रखता है। जिससे गाड़ी का खाली रैक बैग के दबाव से मूव कर गया।

## अतीक अहमद गिरोह का इनामी बदमाश दिल्ली से गिरफ्तार

**एजेंसी।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अतीक अहमद गिरोह के सक्रिय सदस्य और एक लाख रुपए के इनामी अपराधी अब्दुल समद उर्फ सद्दाम को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के सूत्रों के मुताबिक प्रयागराज के पूरामुफ्ती के रहने वाले अपराधी सद्दाम को 27128 सितंबर की दरमियानी रात करीब दो बजे दिल्ली के मालवीय नगर से गिरफ्तार किया गया।

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक सद्दाम, अतीक अहमद गिरोह का सक्रिय सदस्य और अतीक के भाई अशरफ का साला है। बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक ने उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख का इनाम घोषित किया था। उसके खिलाफ प्रयागराज और बरेली में धोखाधड़ी तथा साजिश रचने समेत विभिन्न आरोपों में कुल छह मुकदमे दर्ज हैं। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की इसी साल 15 अप्रैल को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एसटीएफ सूत्रों ने सद्दाम से की गई पूछताछ के हवाले से बताया कि वह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली, कर्नाटक और महाराष्ट्र में जगह बदल-बदल कर रह रहा था। एसटीएफ सूत्रों के अनुसार, वह आज अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए जा रहा था, तभी उसे पकड़ लिया गया।

# कैंसर की 90 में से 42 दवाएं सबसे सस्ती दरों पर देता है भारत: मंडाविया

### एमबीबीएस और स्नातकोत्तर मेडिकल सीटों और कॉलेजों की संख्या बढ़ाई

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कहा कि भारत सबसे सस्ती दरों पर कैंसर की 90 दवाओं में से 42 दवाएं देता है। वह नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा, हम कैंसर अस्पतालों और तृतीयक देखभाल सुविधाओं की संख्या बढ़ा रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रति हमारा समग्र दृष्टिकोण है। हमने एमबीबीएस और स्नातकोत्तर मेडिकल सीटों और कॉलेजों की संख्या बढ़ाई है और चिकित्सा शिक्षा संसाधन तैयार किए हैं। आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन इस दिशा में काम कर रहा है। हमने मंगलवार को फार्मा पॉलिसी लॉन्च की। हम जेनेरिक दवाओं में दुनिया की फार्मेसी हैं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य न ही कभी भी राजनीतिक विषय हो सकता है और न ही व्यावसायिक। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए सेवा है। मंडाविया ने कहा, समय के साथ बीमारियों का पैटर्न बदल जाता है। इस क्षेत्र के प्रति समग्र दृष्टिकोण रखना महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य कभी भी राजनीतिक विषय नहीं हो सकता। हमने 2014 से स्वास्थ्य को विकास के साथ मिला दिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हमने सिर्फ डिस्पेंसरी खोलने के बजाय स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने पर फोकस किया है। उन्होंने कहा कि देश अपने सभी नागरिकों का है और इसकी भलाई की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति की है। यह साझा जिम्मेदारी और सामूहिक प्रयास ही था जिसने कोविड-19 से पैदा हुई चुनौतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में राष्ट्र को सक्षम बनाया।

उन्होंने कहा कि संजीवनी पहल का प्राथमिक लक्ष्य जागरूकता को बढ़ावा देना, मूक कैंसर महामारी के बारे में चर्चा को बढ़ावा देना और बीमारी से जुड़े आम भय को दूर करना है। संजीवनी पहल, चर्चा और विचार-विमर्श का नेतृत्व करेगी।

हमें इस पर एक नोट भेजें, ताकि हम लोगों से आने वाले सुझावों को ट्रैक कर सकें। (नरेंद्र) मोदी सरकार हितधारकों के परामर्श में भरोसा करती है। सार्वजनिक भागीदारी भारत के स्वास्थ्य मॉडल का अभिन्न अंग है। अपने विचारों को हमारे साथ साझा करें, ताकि हम बीमारियों से लड़ सकें।

#### डेंगू की रोकथाम के लिए नियमों का सख्ती से पालन हो

**देश** में डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर केंद्र ने राज्यों को दिशा निर्देशों का सही तरह से पालन करने की सलाह दी है। बुधवार को उच्च स्तरीय बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने कहा कि डेंगू की रोकथाम, नियंत्रण के लिए केंद्र की ओर से दिशा निर्देशों को जारी किया गया। कुछ राज्यों से डेंगू के मामले बढ़ने की सूचना मिली है। हालांकि राज्यों को इसके नियंत्रण के लिए दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिए। बैठक में अधिकारियों ने मंडाविया को देश भर में डेंगू की स्थिति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को डेंगू के लिए पूरी तरह से तैयार रहने और रोकथाम उपायों को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि केंद्र ने स्क्रीनिंग किट के लिए राज्यों की सहायता की है। फॉगिंग और आईईसी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता भी की गई है।

## हेली ने टिकटॉक के मुद्दे पर रामास्वामी की कटु आलोचना की

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद की दावेदार निक्की हेली ने पार्टी की प्रायमरी की दौड़ में अपने प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी के चीनी ऐप टिकटॉक से जुड़ने के लिए उनकी आलोचना की और कहा कि जितनी बार आपको सुनती हूं, मुझे और बेकफूक लगते हैं।


दक्षिण कैरोलिना से दो बार गवर्नर रहीं और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत हेली 38 वर्षीय बायोटेक उद्यमी रामास्वामी की कटु आलोचक हैं और दोनों के बीच रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद की दूसरी प्रायमरी बहस के दौरान तीखी झड़प हुई थी। यह प्रायमरी बुधवार को कैलिफोर्निया में सिमी वैली स्थित रीगन लाइब्रेरी में आयोजित की गई थी।

इस बहस के दौरान हेली ने रामास्वामी से कहा, जितनी बार भी आपको सुनती हूं आप और बेवकूफ लगते हैं। यह इसलिए गुस्सा दिलाने वाला है क्योंकि टिकटॉक सबसे अधिक खतरनाक सोशल मीडिया ऐप है। रामास्वामी से टिकटॉक इस्तेमाल करने के बारे में एक सवाल पूछा गया था जिसका वह जवाब दे रहे थे तभी हेली (51) ने यह टिप्पणी की। टिकटॉक वीडियो साझा करने वाला एक ऐप है जिस पर भारत सहित कई देशों ने प्रतिबंध लगाया है।

# महिला आरक्षण विधेयक भाजपा का जुमला : कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे

### खड़गे ने दावा किया कि यह विधेयक वर्ष 2034 तक भी लागू नहीं होगा

### महिला आरक्षण विधेयक के भीतर ओबीसी को कोटा मिलना चाहिए



**एजेंसी।** रायपुर

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बृहस्पतिवार को कहा कि महिला आरक्षण विधेयक एक जुमला है क्योंकि भाजपा सोचती है कि लोग उसे वोट देंगे और कुछ समय बाद पार्टी (भाजपा) द्वारा किए गए वादों को भूल जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक वर्ष 2034 तक लागू नहीं होगा।

छत्तीसगढ़ के भाटापारा जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 15 साल में वह नहीं कर सकी जो सत्ताधारी दल कांग्रेस ने राज्य में पांच साल में किया है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में किसानों, मजदूरों, महिलाओं और बच्चों के हित में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए कल्याणकारी कार्यों को देखकर भाजपा आश्चर्यचकित हो गई होगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, महिला आरक्षण विधेयक, जो हाल ही में संसद में पारित हुआ, कोई नई बात नहीं है क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंचायत निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए संविधान में 73वां और 74वां संशोधन का मार्ग प्रशस्त किया था। उन्होंने कहा, महिला आरक्षण विधेयक भी एक जुमला है क्योंकि वे (भाजपा) सोचते हैं कि लोग उन्हें वोट देते हैं और कुछ समय बाद उनके द्वारा किए गए वादों को भूल जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीट आरक्षित करने का लक्ष्य रखने वाला यह विधेयक 2034 तक लागू नहीं होगा। कहा कि कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की जनगणना चाहती है क्योंकि इससे विस्तृत जानकारी मिलेगी, जिसके आधार पर कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा, हमने संसद में भी कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक के भीतर ओबीसी को कोटा मिलना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि भाजपा गरीबों को तबाह कर रही है और अमीरों को बढ़ावा दे रही है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पांच प्रतिशत लोगों के पास देश की 62 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि 50 प्रतिशत लोगों के पास केवल तीन प्रतिशत संपत्ति है। उन्होंने भाजपा पर संविधान को नष्ट करने और उसके स्थान पर दूसरा संविधान लागू करने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया।

# ताइवान गए ऑस्ट्रेलियाई सांसदों का इस्तेमाल कर रहे हैं अलगाववादी: चीनी राजदूत

**एजेंसी।** कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)



**ऑस्ट्रेलिया** के लिए चीन के राजदूत ने ताइवान जाने वाले आस्ट्रेलियाई नेताओं की बृहस्पतिवार को आलोचना की और कहा कि स्वशासित द्वीप के अलगाववादी उनका इस्तेमाल कर रहे हैं। राजदूत शिआओ किआन ने यह बात इस सप्ताह ताइवान गए ऑस्ट्रेलियाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल के संदर्भ में सिडनी में कही। इस यात्रा के अलावा एक पूर्व प्रधानमंत्री की अगले माह ताइपे में भाषण देने की भी योजना है। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है।

शिआओ ने कहा कि ताइवान जाने वाले ऑस्ट्रेलियाई सांसद तथा पूर्व प्रधानमंत्री का राजनीतिक महत्व है। चीनी राजदूत ने कहा, ताइवान में राजनीतिक शक्तियां अपने अलगाववादी अंदोलन के लिए इसका आसानी से इस्तेमाल कर लेंगी और मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि वे एक चीन नीति को मानेंगे और ताइवान के साथ किसी भी तरीके से कामकाज करने से दूरी बनाएंगे ताकि वे राजनीतिक उद्देश्य रखने वाले द्वीप के लोगों द्वारा राजनीतिक तौर पर इस्तेमाल नहीं हों। एक चीन नीति के अनुसार कम्युनिस्ट पार्टी चीन की सरकार है और ताइवान देश का हिस्सा है।

चीन की सरकार ने ताइवान की सत्तारुढ़ पार्टी पर बुधवार को स्वतंत्रता हासिल करने की कोशिश का आरोप लगाया था। इससे एक दिन पहले राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने दौरे पर आए छह ऑस्ट्रेलियाई सांसदों के साथ बैठक में एक क्षेत्रीय व्यापार समझौते में शामिल होने के लिए ऑस्ट्रेलिया के समर्थन की पैरवी की थी।

## व्हाइट हाउस के 15 फेलो में भारतीय अमेरिकी चिकित्सक शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतवंशी कैंसर चिकित्सक कमल मेंघराजानी समेत 15 लोगों को व्हाइट हाउस फेलो की 2023-2024 श्रेणी के लिए चुना गया है।

मेंघराजानी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय में तैनात किया गया है। मेंघराजानी अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के वरिष्ठ कर्मचारियों, कैबिनेट सचिवों और अन्य शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों के साथ काम करते हुए एक साल बिताएंगी। व्हाइट हाउस ने 20 सितंबर को एक बयान में कहा कि न्यूयॉर्क में रहने वालीं मेंघराजानी व्हाइट हाउस फेलो की 2023-2024 श्रेणी के लिए चुने गए 15 उल्लेखनीय रूप से प्रतिभाशाली, समर्पित और निपुण लोगों में से एकमात्र भारतीय अमेरिकी हैं। मेंघराजानी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान में कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस फेलो के रूप में मेरी नियुक्ति की घोषणा की। अब तक चुने गए पहले कैंसर विशेषज्ञ के रूप में मैं कैंसर उपचार और स्वास्थ्य परिणाम टीम के साथ इस नई भूमिका में हमारे रोगियों के लिए नेतृत्व, सेवा और नवाचार करने को लेकर उत्साहित हूं।

# निर्वाचन आयोग का दल चुनावी राज्य राजस्थान और तेलंगाना का दौरा करेगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग का एक उच्च स्तरीय दल राजस्थान में चुनावी तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार से राज्य का तीन दिवसीय दौरा करेगा। इसी प्रकार तीन अक्टूबर से एक दल तेलंगाना का भी दौरा करेगा और वहां की चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेगा। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने जयपुर में बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक जयपुर में रहेंगे।

इस दौरान वे राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। गुप्ता ने एक बयान में बताया कि 29 सितंबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त, आयुक्त व अन्य वरिष्ठ अधिकारी जयपुर में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके पश्चात आयोग राज्य पुलिस, आयकर, आबकारी, परिवहन, वाणिज्यिक कर विभाग, रेलवे तथा एयरपोर्ट आदि के नोडल अधिकारियों से चर्चा करेंगे। अगले दिन यानी 30 सितंबर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी एवं केन्द्रीय पुलिस बल के नोडल अधिकारियों द्वारा तैयारियों को लेकर टीम के सामने प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा। इसके पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस महानिरीक्षकों, जिला पुलिस अधीक्षकों और चुनाव से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव पूर्व तैयारियों का जायजा लेंगे। एक अक्टूबर को यह दल राज्य की मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगा और संवाददाताओं से बातचीत करेगा।

आधिकारिक सूत्रों ने यहां नई दिल्ली में बताया कि चुनाव तैयारियों का जायजा लेने के लिए निर्वाचन आयोग का दल तीन अक्टूबर से तीन दिनों तक तेलंगाना में रहेगा। राजस्थान और तेलंगाना के अलावा छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, और मिजोरम में नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। माना जा रहा है कि राजस्थान और तेलंगाना के दौरे के बाद निर्वाचन आयोग अक्टूबर के पहले सप्ताह में इन राज्यों के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है।




# पंजाब: कांग्रेस विधायक खैरा 2015 के मादक पदार्थ मामले में गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**पंजाब** पुलिस ने 2015 के मादक पदार्थ मामले में कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा को बृहस्पतिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मंजीत सिंह के नेतृत्व में पंजाब पुलिस की एक टीम ने सुबह करीब छह बजे खैरा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर छापा मारा।

विधायक के बेटे ने फेसबुक पर लाइव आकर दिखाया कि पंजाब पुलिस की एक टीम खैरा को पकड़ने के लिए उनके आवास पर पहुंची है। वीडियो में खैरा पुलिस टीम के साथ बहस करते और गिरफ्तारी वारंट दिखाने को कहते देखे जा सकते हैं। भोलाथ के विधायक पुलिस दल में शामिल अधिकारियों से उनके पहचान कार्ड दिखाने के लिए कहते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने खैरा को बताया कि उन्हें स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम मामले में गिरफ्तार किया जा रहा है। जब खैरा ने पुलिस दल से पूछा कि उन्हें कहां ले जाया जा रहा है, तो एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें फाजिल्का के जलालाबाद ले जाया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, अप्रैल 2023 में पुलिस उप महानिरीक्षक स्वप्न शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था और 2015 के मामले की जांच के आधार पर खैरा को गिरफ्तार किया गया है। भगवंत मान सरकार की आलोचना करते हुए कांग्रेस विधायक ने दावा किया कि उन्हें फर्जी मामले में पकड़ा जा रहा है और राज्य में जंगल राज चल रहा है।

# हरित क्रांति के प्रणेता, प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन नहीं रहे

**एजेंसी।** चेन्नई

**देश** की हरित क्रांति में अहम योगदान देने वाले प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का बृहस्पतिवार को यहां निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे। उनके परिवार में तीन बेटियां हैं। उनकी एक बेटी डॉ. सौम्या स्वामीनाथन विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक हैं। स्वामीनाथन का कुछ वक्त से उम्र संबंधी बीमारियों के लिए इलाज चल रहा था। उन्होंने आज यहां उनके आवास पर सुबह सवा 11 बजे अंतिम सांस ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामीनाथन के निधन पर दुख जताया और कहा कि कृषि क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदला और राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के निदेशक एके सिंह ने कहा कि स्वामीनाथन के निधन से कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार के एक ऐसे युग का अंत हो गया जो आसान नवाचार से भरा हुआ था। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और पीआर पांडियन सहित किसान संगठनों के नेताओं ने स्वामीनाथन के निधन पर शोक जताया। कांग्रेस ने उन्हें हरित क्रांति का प्रमुख वैज्ञानिक वास्तुकार बताया और कृषि क्षेत्र में उनके योगदान की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन से गहरा दुख हुआ।

हमारे देश के इतिहास में एक बहुत ही नाजुक दौर में, कृषि में उनके अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और हमारे राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की।

#### स्वामीनाथन को कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन के लिए सदा याद रखा जाएगा : राकेश टिकैत

**किसान** नेता राकेश टिकैत ने स्वामीनाथन को याद करते हुए कहा कि कृषि और किसानों की दशा में सकारात्मक परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा में उनकी भूमिका के लिए देश सदैव उन्हें याद रखेगा। एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन ने कहा कि भारत में हरित क्रांति के जनक स्वामीनाथन का चेन्नई स्थित उनके आवास पर पूर्वाह्न सवा 11 बजे निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे। स्वामीनाथन लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता टिकैट ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मशहूर कृषि वैज्ञानिक और हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन की खबर से बहुत दुख हुआ।

#### जूलॉजी पढ़ रहे थे पर बंगाल में अकाल देख कृषि में आए

**ख्यात** कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का जन्म मद्रास प्रेसिडेंसी में साल 1925 में हुआ था। स्वामीनाथन 11 साल के ही थे जब उनके सिर से पिता का साया उठ गया। उनके बड़े भाई ने उन्हें पढ़ा-लिखाकर बड़ा किया। उनके परिजन उन्हें मेडिकल की पढ़ाई कराना चाहते थे लेकिन उन्होंने अपनी पढ़ाई की शुरुआत प्राणि विज्ञान से की। इसी बीच दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा जिसने उन्हें झकझोर कर रख दिया। इसके बाद स्वामीनाथन ने तय किया कि देश में खाने की कमी नहीं हो इस उद्देश्य से कृषि की पढ़ाई की। 1944 में उन्होंने मद्रास एग्रीकल्चरल कॉलेज से कृषि विज्ञान में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की।



## नागोर्नो काराबाख की अलगाववादी सरकार 2024 तक खुद को भंग कर देगी

**एरेवान (आर्मीनिया)।** नागोर्नो-काराबाख की अलगाववादी सरकार ने ऐलान किया कि एक जनवरी 2024 तक खुद को भंग कर देगी।

हाल ही में अजरबैजान ने अपने से अलग हुए क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने के लिए आक्रामक कार्रवाई की थी और नागोर्नो-काराबाख में आर्मीनियाई सैनिकों से अपने हथियार डालने तथा अलगाववादी सरकार से खुद को भंग करने के लिए कहा था। नागोर्नो-काराबाख की अलगाववादी सरकार की ओर से यह ऐलान किया गया है। नागोर्नो-काराबाख पर लगभग 30 वर्षों तक अलगाववादियों का शासन था। नागोर्नो-काराबाख पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने के बाद अजरबैजान ने बुधवार को कहा, क्षेत्र की अलगाववादी सरकार के पूर्व प्रमुख को आर्मेनिया में घुसने की कोशिश के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।

## बिधूड़ी को चुनाव की जिम्मेदारी सौंपकर भाजपा ने नफरत को इनाम दिया: दानिश अली

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) के सांसद दानिश अली ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने वाले लोकसभा सदस्य रमेश बिधूड़ी को राजस्थान के टोंक जिले में चुनाव की जिम्मेदारी सौंपकर नफरत को इनाम दिया गया है। लेकिन साथ ही उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भाजपा सांसद के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे।

भाजपा ने बिधूड़ी को राजस्थान के टोंक जिले में चुनावी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिले में बड़ी संख्या में गुर्जर आबादी होने के कारण भाजपा मानती है कि बिधूड़ी गुर्जर वोट उसके पक्ष में ला सकते हैं क्योंकि बिधूड़ी भी गुर्जर समुदाय से आते हैं। इस जिले में विधानसभा की चार सीट हैं जिनमें से एक सीट टोंक का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट कर रहे हैं।

पायलट भी गुर्जर हैं। भाजपा के इस कदम के बारे में पूछे जाने पर दानिश अली ने कहा, कम से कम थोड़ी मर्यादा तो रखनी चाहिए थी। खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा से जनता इतनी उम्मीद करती है कि अगर उसने कारण बताओ नोटिस जारी किया था तो यह भी सार्वजनिक कर देती कि जवाब क्या है या फिर सीधा कह दे कि हम नफरत को जायज ठहराते हैं और इसका इनाम देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, आपके (भाजपा के) लोग अब तक नफरत सड़क पर फैला रहे थे, वही काम उन्होंने (बिधूड़ी ने) लोकतंत्र के मंदिर में किया।

# नोएडा में नहीं चलेगा डीजल जनरेटर, 95 सोसाइटी को नोटिस

## एक अक्टूबर से ग्रेप ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू होने जा रहा, जनरेटर चलाने पर लगेगा जुर्माना



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**दिल्ली-नोएडा** और गाजियाबाद पूरे एनसीआर में एक अक्टूबर से डीजल जनरेटर पर रोक लगने जा रही है। ग्रेप ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू होने जा रहा है। इसके तहत हाइराइज सोसाइटी, मॉल और अस्पतालों और इंडस्ट्री में ऐसे जनरेटर को ही चलाने की इजाजत होगी, जो पीएनजी या बायो फ्यूल पर चलते हो।

नोएडा प्राधिकरण ने इस मामले में नोएडा की 95 हाईराइज सोसाइटी को नोटिस जारी किया है। इसके तहत 30 सितंबर तक सभी सोसाइटी को 800 केवी के डीजल जनरेटर डियूल फॉर्म 70 प्रतिशत गैस और 30 प्रतिशत डीजल में कंवर्ट कराना होगा। बिना इसे कंवर्ट कराए। वह जनरेटर को नहीं चला सकते है। इस नोटिस को नहीं मानना कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट और एनजीटी के नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। ऐसे में सोसाइटी की एओए पर जुर्माना और सीलिंग की कार्यवाही की जाएगी। नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि 1 अक्टूबर से लागू किया जा रहा है। इसमें डीजल जनरेटर और वायु प्रदूषण कारक को बढ़ने से रोका जाता है। नोएडा में इसके लिए कई अहम फैसले लिए जा रहे है। इस क्रम में सेक्टर-76 जेएम आर्चिड, अजनारा ग्रांड हेरिटेज सेक्टर-74, सेक्टर-168 थ्री सी, सेक्टर-75 इको सिटी, सेक्टर-75 गोल्फ एवेन्यू-1, सेक्टर-135 टूडे होम्स नोएडा, सेक्टर-77 बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-76 आम्र पाली सिलिकॉन समेत सभी 95 सोसाइटी को नोटिस जारी किया गया है।

30 सितंबर तक जनरेटर को डियूल फ्यूल में कंवर्ट कराना ही होगा। बगैर इसके यदि वे जनरेटर चलाते है तो हमे सीलिंग की कार्यवाही करनी होगी।

बता दे नोएडा में अब भी कई ऐसी सोसाइटी है जहां बिजली का स्थाई कनेक्शन नहीं है। वहां जनरेटर से ही सप्लाई की जा रही है। ऐसे में वहां रहने वाले निवासियों को दिक्कत होगी। उन्होंने बताया, इसके लिए प्राधिकरण के प्रबंधक आरके शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया जा रहा है। इनकी अगुआई में कई टीमों का गठन किया जा रहा है। ये टीम 1 अक्टूबर से सोसाइटी का निरीक्षण करेंगी। जहां भी जनरेटर चलता मिला उसके खिलाफ मौके पर ही एक्शन लिया जाएगा। इसे अंतिम नोटिस ही माना जाए। इसके बाद न तो नोटिस जारी किया जाएगा और न ही समय। दरअसल, प्रदूषण से जुड़े सभी मामलों से निपटने के लिए प्राधिकरण ने हाल ही में अपना पर्यावरण एनवायरन्मेंटल सेल बनाया है। डीजीएम ने बताया कि जो भी टीम बनेगी इसी सेल की गाइडेंस के अनुसार अपना काम करेगी। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नोएडा की सोसाइटी में पावर बैकअप के लिए जनरेटर का प्रयोग किया जाता है। यहां रहने वाले निवासियों से इसके एवज में 25 से 30 या इससे अधिक रुपए प्रति यूनिट ली जाती है। यहां तभी जनरेटर चलते है जब बिजली सप्लाई नहीं होती। हालांकि पिछली बार भी जनरेटर को ड्यूल जनरेटर में कंवर्ट कराने के लिए कहा गया था। लेकिन नियम के तहत सोसाइटी ने ऐसा नहीं किया।

## ईद-ए-मिलाद उन नबी पर ग्रेनो व नोएडा में निकाला जुलूस



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ईद-ए**-मिलाद उन नबी के मौके पर नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष शाहबुद्दीन ने बताया कि ईद ए मिलाद उन नबी पर नोएडा के सेक्टर-8, 9 व 10 में जुलूस निकाला गया। शाहबुद्दीन ने बताया कि ईद ए मिलाद उन नबी दुनिया भर में मुसलमानों द्वारा मनाए जाने वाले सबसे अहम त्योहारों में से एक है। ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। उनका जन्म इस्लामिक चंद्र कैलेंडर के मुताबिक तीसरे महीने रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मक्का में हुआ था। उन्होंने बताया कि मोहम्मद साहब इस्लाम धर्म के अंतिम पैगंबर थे।
शिया समुदाय का मानना है कि इसी दिन पैगंबर ने हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी चुना था। उन्होंने कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब ने दुनिया को मानवता की राह दिखाई उनकी दया, सहनशीलता मानव सेवा तथा भाईचारे का उनका संदेश सदैव समाज के लिए प्रेरणादाई रहेगा।

### मुखर्जी नगर अग्निकांड : पेइंग गेस्ट के मालिक पर केस

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में महिलाओं के लिए पेइंग गेस्ट (पीजी) आवास के मालिक के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस पीजी आवास में बुधवार शाम को आग लग गई थी और एक चार साल की बच्ची सहित 35 लोगों को बचाया गया था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि अस्पताल में भर्ती कराए गए पांच लोग खतरे से बाहर हैं।

## दुष्प्रचार करने वालों पर होगी कार्रवाई: वीके सिंह

● केंद्रीय मंत्री ने दुष्प्रचार पर दी सफाई, बोले- पाकिस्तान का डोजियर रख सकता हूं तो यहां भी सबके हैं, गड़बड़ पर उजागर कर दूंगा



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में भाजपा के अंदर लगातार चल रही गुटबाजी पर केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद जनरल वीके सिंह 9 साल में पहली बार खुलकर बोले। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा, यहां हो रही गतिविधियों पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से गहन चर्चा हुई है। दुष्प्रचार करने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा।

दरअसल, केंद्रीय मंत्री का पूरा इशारा उनके समकक्ष जनप्रतिनिधि और कुछ विधायकों की तरफ था। दरअसल, सेना से जुड़ी गोपनीय बातों को किताबों के जरिये लीक करने के आरोप में भारतीया सेना की सिग्नल रेजिमेंट के ऑफिसर मेजर जनरल विकास कुमार सिंह पर लंबे वक्त से कोर्ट केस चल रहा है। दो दिन पहले इस केस को जनरल वीके सिंह से जोड़कर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर खबरें वायरल कर दीं।

इन्हीं खबरों को लेकर सांसद जनरल वीके सिंह ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता बुलाकर सफाई दी। उन्होंने कहा, इस केस में किसी ने अपना कुटिल दिमाग लगाया है। केस कोई और है, मेरा नाम फ ोटो का गलत इस्तेमाल करके दुष्प्रचारित करने का प्रयास किया गया। जनरल वीके सिंह ने साफ तौर पर कहा, मैं जब पाकिस्तान के सारे डोजियर रख सकता हूं तो यहां भी मेरे पास सबके डोजियर हैं। जिस दिन गड़बड़ हुई, उस दिन आपको मीडिया को सारे डोजियर दे दूंगा।

गाजियाबाद में पिछले एक साल से कुछ लोग गलतफहमी, दुष्प्रचार की कोशिश कर रहे हैं। उन लोगों के अस्तित्व को खतरा है तो वो दूसरों के अस्तित्व पर प्रहार करना चाहते हैं।

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस बात से अवगत है। जो लोग अपने फायदे के लिए दुष्प्रचार कर रहे हैं, उनके खिलाफ पार्टी सख्त एक्शन लेगी। केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने कहा, साल.2014 में जब से नरेंद्र मोदी पीएम बने हैं, तब से राजनीति की परिभाषा बदली है। जनता ये देखती है कि काम जमीन पर कितना है।

बड़ी-बड़ी बातें करने से काम दिखाई नहीं देता। गाजियाबाद की जनता को पता है कि क्या काम हुआ है और क्या होने वाला है।

### भतीजे ने चाचा पर लोहे की रॉड से किया हमला

**नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दादूपुर गांव में रात के वक्त सीटी बजाने की शिकायत करने पर भतीजे ने चाचा पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने दो आरोपी भाइयों को नामजद करते हुए गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है। गांव निवासी रघुराज ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि पिछले कई दिनों से उनका भतीजा रात के वक्त गांव की गलियों में जाकर सीटी बजा रहा था।

## पुलिस और वकीलों में फिर बने टकराव के हालात

● जिले में धारा 144 लगने के बावजूद आज होनी है अधिवक्ताओं को महासम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

एक बार फिर से पुलिस व वकीलों में टकराव की स्थिति बन सकती हैं। यह बात इसलिये कही जा रही है क्योंकि जहां वकीलों ने हापुड़ में अधिवक्ता महासम्मेलन करने की तिथि पहले से ही 29 सितंबर मुकर्रर कर रखी है वहीं अब पुलिस प्रशासन ने क होने वाले महासम्मेलन पर धारा 144 का हवाला देकर रोक लगा दी है।

एसडीएम के द्वारा जारी किये गये नोटिस में बताया गया है कि एक तो हापुड़ में धारा 144 लगी हुई है और दूसरे कल जैन धर्म के अनुनाईयों के द्वारा जैन रथ शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से होकर निकाली जाएगी। ऐसी स्थिति में किसी अप्रिय घटना के घटित होने और जाम लगने की स्थिति में लोगों के परेशान होने की आशंका है। इसके चलते प्रशासन ने अधिवक्ताओं के आहूत किये गये महासम्मेलन पर रोक लगाने के आदेश की जानकारी बार एसोसिएशन से लेकर संबंधित पक्षों व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को दे दी गई है। उधर अधिवक्ताओं का कहना है कि चाहे सूरत कोई भी हो लेकिन कल हापुड़ में स्थित फ्रीगंज रोड पर होने वाला अधिकवक्ताओं का महासम्मेलन, जिसमें पूरे प्रदेश की बार एसोसिएशनों की अगुवाई में हजारों अधिवक्ता शामिल होंगे, होकर रहेगा।

महासम्मेलन की निषेधाज्ञा का नोटिस जारी करने के बाद जहां पुलिस प्रशासन ने इस आयोजन को ना होने देने की रणनीति बनाकर अपनी कवायद शुरू कर दी है वहीं अधिवक्ताओं ने भी अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार



पंचशील सोसाइटी के लोगों ने डॉग्स लवर के खिलाफ थाने में की शिकायत।

### आरडब्ल्यूए ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**नोएडा।** सेक्टर-19 में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर आरडब्ल्यूए सेक्टर-19 का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आरसी गुप्ता और महासचिव लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम से मिला। इस दौरान सेक्टर.19 से संबंधित 5 प्रमुख समस्याओं का एक ज्ञापन सीईओ को सौंपा। सीईओ को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि सेक्टर के बीच में होकर गुजर रहे गंदे नाले ड्रेन नं 2 की उचित ढंग से सफाई की जाए तथा इसका अच्छे ढंग से नवीनीकरण किया जाए। डाक खाने के पास वाले संजय गांधी बाल विद्यालय ग्राउंड की नियमित सफाई हो। इसके अंदर अवैध गतिविधियों को रोका जाए। आवारा पशुओं के जमावड़े को रोकने के लिए इसकी फेंसिंग की जाए।

### यूपी में पहली बार हुई हार्ट मिनिमली इनवेसिव सर्जरी

**नोएडा।** मेट्रो हार्ट इंस्टीट्यूट नोएडा के डॉक्टरों ने पहली बार हार्ट से जुड़ी मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की है। इसमें जापानी कंपनी की तकनीक एनाकोंडा ग्राफ्ट का इस्तेमाल करते हुए एब्डोमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म की ये सर्जरी की गई है। डॉक्टर ने बताया कि 58 वर्षीय पुरुष मरीज को गंभीर हार्ट की समस्या थी एब्डोमिनल एओर्टिक एन्यूरिज्म जिसे एडवांस तकनीक की मदद से ठीक किया गया। मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा में चीफ कार्डियक सर्जन डॉक्टर जीवन पिल्लई के नेतृत्व में मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी यानी बाइपास सर्जरी की गई थी। ये सर्जरी कुछ महीने पहले हुई थी और मरीज ने पूरी तरह से रिकवर कर लिया।

### स्वामीनाथन को सदा याद रखा जाएगा : राकेश टिकैत

**नोएडा।** किसान नेता राकेश टिकैत ने बृहस्पतिवार को मशहूर वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को याद करते हुए कहा कि कृषि और किसानों की दशा में सकारात्मक परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा में उनकी भूमिका के लिए देश सदैव उन्हें याद रखेगा। एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन ने कहा कि भारत में हरित क्रांति के जनक स्वामीनाथन का चेन्नई स्थित उनके आवास पर पूर्वाह्न सवा 11 बजे निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे। स्वामीनाथन लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता टिकैट ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मशहूर कृषि वैज्ञानिक और हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन की खबर से बहुत दुख हुआ।

### लोकदल की जिला एवं महानगर कार्यकारिणी घोषित

**गाजियाबाद।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार आज राष्ट्रीय लोकदल की जिला एवं महानगर कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। कार्यकारिणी की घोषणा आज पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में रालोद के मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर सिंह भाटी ने की। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष अमित त्यागी ने बताया कि जिला कमेटी में नीरज चौधरी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हाजी अल्ताफ, सुनील चौधरी एडवोकेट, प्रदीप मुखिया, इंद्रपाल सिंह, अमित आरके, अमर सिंह मलान को कमेटी में उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महासचिव पद पर योगेश चौधरी, इंद्रपाल डायरेक्टर, विजयपाल शर्मा, प्रदीप त्यागी, उम्मेद भाम्ब्रिक, ललित सैन, फरमान अली, इरफान, अरुण दहिया, आशीष नरेश को मनोनीत किया गया है।

### इलेक्ट्रिक वाहन डीलरशिप की शुरुआत

**नोएडा।** प्योर ईवी इलेक्ट्रिक वाहन ईवी2डब्लू ने अपना ईवी डीलरशिप शोरूम, शीला ऑटोमोबाइल्स, लॉन्च किया । यह शोरूम दादरी मेन रोड, सूरजपुर, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, यूपी में स्थित है और इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलस और स्कूटर्स की श्रेणी को प्रदर्शित करता है।प्योर ईवी के डीलरशिप शोरूम के उद्घाटन पर, प्योर ईवी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रोहित वादेरा ने कहा, हम इनोवेटिव ईवी समाधानों के माध्यम से ग्रेटर नोएडा के प्रति हमारी सामर्थ्य बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।

## ऑक्सीजन बढ़ाने को लगाए गए बांस के पौधे: एलजी

**वन विभाग 2.9 लाख और डीडीए ने लगाए 25, हजार पौधे, जिसमें यमुना तट पर विकसित किया गया बांसेरा भी शामिल है**



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**वातावरण** में घुल रहे जहर यानी वायु प्रदूषण को कम करने की लगातार कवायद की जा रही है। शहर की आबोहवा को बेहतर बनाने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बैंबू थीम पार्क 'बांसेरा' की नींव रखी थी। साथ ही दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर लगभग 3.15 लाख बांस के पेड़ लगाए गए हैं। जिनमें वन विभाग द्वारा 2.9 लाख और डीडीए द्वारा 25,000 पौधे लगाए गए हैं। जिसमें यमुना तट पर विकसित किया गया बांसेरा भी शामिल था।

उपराज्यपाल ने वातावरण में ऑक्सीजन की वृद्धि के लिए शहर में लगाए गए बांस को एक अभिनव उपाय के रूप में प्रदर्शित किया है। जिसे उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की गत दिनों हुई बैठक में दिल्ली द्वारा अपनाए गई बेहतर कार्यप्रणाली और नवाचारों में पड़ोसी राज्यों द्वारा गहरी रुचि दिखाई गई। इससे सीमेंट और कागज उद्योग द्वारा ईंधन के रूप में आरडीएफ का उपयोग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निष्क्रिय और सी एंड डी अपशिष्ट का निर्माण, भराव सामग्री के रूप में उपयोग किए जाने के बारे में भी जानकारी दी। हाल ही में अमृतसर में संपन्न उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने हाल के दिनों में दिल्ली में उठाए गए कदमों जिनमें उन्नत तरीकों और बेहतर कार्यप्रणाली शामिल थी, पर एक प्रेजेंटेशन दिया। सक्सेना, जो लंबे समय से चली आ रही समस्याओं जैसे यमुना के प्रदूषण, नगर निगम के ठोस अपशिष्ट के लिए डंपिंग साइट और सड़क के बुनियादी ढांचे के समाधान को लेकर कई बार हस्तक्षेप करते रहे हैं, ने वहां एकत्रित मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों, राज्यपाल और केंद्रीय गृह मंत्री के सामने अभिनव उपायों के दूरगामी प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि लगभग 3.15 लाख बांस के पेड़ राष्ट्रीय राजधानी में लगाए गए थे, जिसमें यमुना तट पर विकसित किया गया बांसेरा भी शामिल था। उपराज्यपाल ने कहा कि बांस के पेड़ जो कि अन्य पौधों की प्रजातियों की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं, कम पानी की खपत करते हैं और जल स्तर को बढ़ाने में मदद करते हैं। विशेषज्ञों को दिल्ली के वातावरण में बांस के पेड़ों के विकास में संदेह होने के बावजूद ये पेड़ पिछले 8 महीनों के दौरान 10-20 फीट तक ऊंचे हो गए हैं। जबकि दिल्ली अन्य राज्यों से आयातित वायु प्रदूषण से पीड़ित थी। इस पहल से शहर के माहौल को पुनर्जीवित और नवीनीकृत करने में मदद मिली है।

इसी तरह, नजफगढ़ ड्रेन और यमुना को साफ करने के प्रयासों के रूप में, नाले और नदी में जमे हजारों टन गाद और कचरे को काटने और उसके निपटान के लिए Partial Gravitational De-Silting जैसे नए उपाय का इस्तेमाल किया गया जो बेहद लागत प्रभावी था। इसके अलावा जलकुंभी को छोटे टुकड़ों में काटने के लिए रोटर ब्लेड वाली मोटर नौकाओं का उपयोग किया गया, जिन्हें कन्वेयर बेल्ट का उपयोग करके सीधे ट्रकों में लोड किया जाता और बाद में नाले नदी के किनारे मिट्टी के नीचे डाल दिया जाता था, जहां वे प्राकृतिक खाद के रूप में बदल जाती थी। उपराज्यपाल ने बताया कि लैंडफिल साइटों पर जमा कचरे के निपटान के लिए आरडीएफ कचरे को सीमेंट और कागज उद्योग को उनके बॉयलर और संयंत्रों के लिए ईंधन के रूप में बेचा गया था।

राजस्थान और पश्चिमी यूपी के इन उद्योगों ने आरडीएफ उठाने के लिए दिल्ली नगर निगम को प्रति टन 100 रुपये का भुगतान करना शुरू किया था, जबकि पहले एमसीडी इस आरडीएफ को लेने के लिए लगभग 2500 रुपये का भुगतान कर रही थी। इसको शुरू करने से पहले, उपराज्यपाल ने आरडीएफ के सकल कैलोरी मान की गणना की थी और एक बार जब यह पता चला कि यह मूल्य कोयले से अधिक था, तो उसे इन उद्योगों को सस्ते ईंधन के रूप में पेश किया गया जो कोयले की जगह ले सकता था।

डंपिंग स्थलों पर निष्क्रिय और सी एंड डी कचरे के संबंध में, निर्माण स्थलों और सड़कों और राजमार्गों पर उनका उपयोग करने के कदम उठाए गए और इसके लिए शहर और एनसीआर के लोगों और बिल्डरों को भी इसका इस्तेमाल करने की पेशकश की गई। इसके कारण लगभग 40 लाख मीट्रिक टन कचरा एनएचएआई द्वारा उठाया गया, जबकि 3 लाख टन व्यक्तियों और बिल्डरों द्वारा उठाया गया था। सक्सेना ने बैठक में दिल्ली पुलिस द्वारा ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी को अपनाए जाने के बारे में भी बताया, जो देश में पहली बार उठाया गया कदम है, जो जांच और उसके बाद न्याय प्रदान करने में तेजी लाने में काफी मददगार साबित होगा।

## कृषि-भूमि दिलाने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मुरादनगर के गांव सुल्तानपुर छज्जूपुर में कृषि भूमि दिलाने का झांसा देकर गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन निवासी एक महिला से 20 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पैसे वापस मांगने पर महिला को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

महिला की तहरीर पर पुलिस ने 5 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन की साई ऐनक्लेव कॉलोनल निवासी सरोज राजबाला देवी ने बताया कि काफी समय पहले मेरी मुलाकात मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर छज्जूपुर निवासी मनोज कुमार से हुई। मनोज ने अपनी भूमि बेचने को कहा। 42 लाख रुपए में कृषि भूमि का सौंदा तय हो गया। 18 अगस्त 2022 को 5 लाख रुपए की नगदी और 15 लाख की ईएनएफटी मनोज कुमार के नाम कर दी गई और बाकी 22 लाख रुपए की रकम बैनामा के समय देने की बात तय हुई। जब बैनामा का समय आया तो मनोज कुमार आनाकानी करने लगा।

## सीएनजी भरवाने में देर होने पर युवक को पीटा

● पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी की तलाश शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** में मारपीट का वीडियो सामने आया है। ये घटना सेक्टर-51 के सीएनजी पंप की है। यहां पर सीएनजी भरवाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। उनके बीच जमकर हाथापाई हुई। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आयुक्त के पीआरओ पंकज सिंह के मुताबिक नीरज भार्गव सेक्टर-72 में रहते है। वह प्राइवेट जॉब करते हैं।

उन्होंने कोतवाली सेक्टर-49 पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि 25 सितंबर को वह सेक्टर 51 के सीएनजी पंप पर गैस भरवाने आए थे। उनकी गाड़ी के पीछे एक अन्य गाड़ी खड़ी थी। सीएनजी पंप पर गैस भरने की वजह से थोड़ी देरी हो गई। इसके बाद पीछे की गाड़ी में बैठे तीन मनबढ़ों ने इसका विरोध किया। जिसके बाद नीरज ने पलट कर जवाब दे दिया। ये बात उन्हें नागवार गुजरी। इस बात को लेकर वे नाराज हो गए। गाड़ी से उतरकर उनके साथ मारपीट की। इस घटना में नीरज को काफी चोटें आई हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि दो व्यक्ति पहले नीरज के साथ बातचीत करते है।

इसके बाद उनमें से एक नीरज को थप्पड़ मारता है। जबकि दूसरा उसे उठाकर पटक देता है। नीरज वहीं पर गिरे पड़े रहते हैं। इसके बाद दोनों नीरज को जमीन पर गिरा हुआ छोड़कर चले जाते हैं। पेट्रोल पंप कर्मियों ने भी उनका बचाव नहीं किया। नीरज किसी तरह अस्पताल पहुंचे। वहां पर डॉक्टर को दिखाया।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिला 3 लेटर यूनिक कोड

● एयरपोर्ट को अब पूरी दुनिया में इसी कोड से जाना जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अपना थ्री लेटर कोड मिल गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को डीएक्सएन कोड मिला है।

इसी के जरिए अब बुकिंग की जाएगी एआईटीए की तरफ से यह कोड सभी एयरपोर्ट को दिया जाता है। गौरतलब है कि यह सीएम योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर एक प्रेस वार्ता की गई। इस दौरान उन्होंने जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तैयारी को लेकर जानकारी दी। इस दौरान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सीईओ किरण जैन ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अपना थ्री लेटर कोड मिल गया है। यह कोड एआईटीए की तरफसे सभी एयरपोर्ट को दिया जाता है। इस कोड के जरिए ही एयरलाइन बुक होती हैं,



निर्माणधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

यानी कि हम कह सकते हैं कि यह हमारा पिन कोड है। डीएक्सएन अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ जुड़ गया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ नेलमैन ने कहा दुनिया के सबसे बड़े शहरी समूहों में से एक भारत का नेशनल कैपिटल रीजन एक दूसरे हवाई अड्डे का हकदार है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट इस लंबे समय से चले आ रहे सपने को वास्तविकता बना देगा और हम अपने तीन अक्षर आईएटीए कोड को पाने के लिए उत्साहित हैं, जो एयरपोर्ट के परिचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम रीजन के नए इकॉनमिक और कल्चर हब में पैसेंजर्स, कस्टमर्स और पार्टनर्स का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं। सीईओ किरण जैन ने बताया कि अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कोड डीएक्सएन है। एयरपोर्ट को अब पूरी दुनिया में इसी कोड से जाना जाएगा। यह एक यूनीक कोड है, जिसका ये मतलब है कि जब भी आप कोई टिकट बुक करेंगे तो हमें डीएक्सएन से पहचाना जाएगा। ये कोड सिर्फ हम ही यूज कर सकते हैं। ये कभी भी चेंज नहीं होगा। एक तरीके से यह हमारा पिन कोड होगा।

किरण जैन ने बताया कि हम उत्तर प्रदेश से हैं और उत्तर प्रदेश में ही यह इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। इसलिए हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था कि जहां से यह शुरू हुआ है उस जगह को हम कभी ना भूले। जब हम इसकी फ ो कोड को डिजाइन कर रहे थे तो हमने यही सोचा था कि कुछ ऐसा डिजाइन बनाया जाए जिसको लोग कभी ना भूल पाए और उन्हें लगे कि यह कुछ जाना पहचाना है। इसको लेकर हमने काफी डिजाइन तैयार किया। जब आप फ ो कोड पर आएंगे तो आपको मॉडर्न बनारस की झलक दिखाई देगी। यानी वहां पर आपको जो सीढ़ियां दिखाई देगी, वह घाट की तरह लगेगी, बीच-बीच में आपको बैठने की जगह दिखेंगी, खुली जगह में आपको रिटेल की अपॉर्चुनिटी मिलेगी, जहां पर आप शॉपिंग भी कर सकते हैं।

# डब्ल्यूएचओ के मानकों से 78 फीसदी ज्यादा नमक खा रहे भारतीय पुरुष : आईसीएमआर स्टडी

## आईसीएमआर और एम्स, दिल्ली के शोधकर्ताओं द्वारा की गई रिसर्च से पता चला है कि एक औसत भारतीय तय मानकों से 60 फीसदी ज्यादा नमक का सेवन कर रहा है



**खाने** में जरूरत से ज्यादा या कम नमक उसका स्वाद बिगाड़ सकता है, लेकिन खाने में इसकी सही मात्रा केवल स्वाद ही नहीं, सेहत के लिहाज से भी बेहद मायने रखती है। वैसे भी हम भारतीय नमकीन और चटपटा खाने के कुछ ज्यादा ही शौकीन हैं। इसकी पुष्टि इंडियन कॉउन्सिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च और एम्स, दिल्ली के शोधकर्ताओं द्वारा की गई रिसर्च भी करती है।

रिसर्च से पता चला है कि एक औसत भारतीय तय मानकों से 60 फीसदी ज्यादा नमक का सेवन कर रहा है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानक को देखें तो उसके अनुसार एक व्यस्क को हर दिन करीब पांच ग्राम या उससे कम नमक का सेवन करना चाहिए, जबकि सोडियम की मात्रा दो ग्राम प्रतिदिन से कम होनी चाहिए।

हालांकि अध्ययन की मानें तो एक औसत भारतीय हर दिन आठ ग्राम नमक खा जाता है। वहीं यदि भारतीय पुरुषों की बात करें तो वो हर दिन औसतन 8.9 ग्राम नमक का सेवन कर रहे हैं, जो तय मानकों से करीब 78 फीसदी अधिक है।

अंतराष्ट्रीय जर्नल नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट में प्रकाशित इस अध्ययन के नतीजे दर्शाते हैं कि नमक के सेवन के मामलें में भारतीय महिलाएं, पुरुषों से पीछे हैं, जो हर दिन करीब 7.9 ग्राम नमक का सेवन कर रही है, लेकिन यह मात्रा भी तय मानकों से 40 फीसदी ज्यादा है, जो स्वास्थ्य के लिहाज से सही नहीं है।

नमक में आयोडीन पाया जाता है जो शरीर के लिए जरूरी होता है, लेकिन साथ ही खाने में नमक की सही मात्रा पर भी ध्यान देना जरूरी है, क्योंकि ऐसा न करने पर कई तरह की बीमारियां और विकार पैदा हो सकते हैं।

यहां तक की रिपोर्ट में जो नतीजे सामने आए हैं, उनके मुताबिक देश में जो लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित हैं वो भी हर दिन औसतन 9.2 ग्राम नमक का सेवन कर रहे हैं। इसी तरह जिन लोगों को हाई ब्लडप्रेशर की समस्या हैं वो भी हर दिन अपने आहार में औसतन 8.5 ग्राम नमक ले रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिहाज से ठीक नहीं हैं।

वहीं जो लोग नौकरीपेशा हैं उनमें यह आंकड़ा 8.6 ग्राम दर्ज किया गया, जबकि तम्बाकू का सेवन करने वाले लोग हर दिन अपने भोजन में औसतन 8.3 ग्राम नमक का सेवन करते हैं, जो तय मानकों से कहीं ज्यादा है।

इस बारे में लोगों पर किए सर्वेक्षण से पता चला है कि करीब 43.8 फीसदी वयस्क हर सप्ताह एक से छह दिन घर का बना नमकीन भोजन खाते हैं, जबकि 36.1 फीसदी ने माना कि वो महीने में कम से कम एक बार (एक से तीन दिन या उससे कम) नमकीन, पापड़ और चिप्स जैसे नमक युक्त स्नैक्स लेते रहे हैं।

रिसर्च से पता चला है कि भारत में करीब 28.1 फीसदी मौतों के लिए हृदय संबंधी रोग (सीवीडी) जिम्मेदार हैं। यदि 2016 के आंकड़ों को देखें तो देश में उच्च रक्तचाप के चलते 16.3 लाख लोगों की मौत हो गई थी, जो 1990 में दर्ज की गई 7.8 लाख मौतों के दोगुणा से भी ज्यादा है।

वहीं यदि वैश्विक स्तर पर देखें तो सोडियम युक्त आहार के कारण सात करोड़ विकलांगता समायोजित जीवन वर्षों (डीएएलवाई) का नुकसान हुआ था। इतना ही इस सोडियम और उससे सम्बंधित कार्डियोवास्कुलर बीमारियों के कारण 30 लाख लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। सेहत पर जंक फूड के बढ़ते दुष्प्रभावों को लेकर सीएसई भी कर चुका है आगाह

यह कोई पहला अध्ययन नहीं है जिसमें भारतीयों की जरूरत से ज्यादा नमक खाने की आदत को उजागर किया गया है। इससे पहले भी किए गए अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई है। 2007 में किए ऐसे ही एक अध्ययन से पता चला है कि भारतीय तय मानकों से करीब दोगुने नमक का सेवन कर रहे हैं।

आज कहीं न कहीं जिस तरह से पैकेटबंद फास्ट फूड भोजन का चलन बढ़ रहा है वो हमें कहीं ज्यादा बीमार कर रहा है। इनमें मौजूद नमक की असंतुलित मात्रा, हमारी सेहत का संतुलन बिगाड़ रही है।

गौरतलब है कि इससे पहले सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) ने भी अपने अध्ययन में जंक फूड और पैकेटबंद भोजन को लेकर आगाह किया था। इस बारे में जारी रिपोर्ट का कहना है कि इस तरह का भोजन खाकर हम जाने-अनजाने में खुद को कई बीमारियों के भंवरजाल में धकेल रहे हैं। इस अध्ययन के नतीजे दर्शाते हैं कि जंक फूड में नमक, वसा, ट्रांस फैट की अत्यधिक मात्रा होती है जो मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय सम्बन्धी बीमारियों के लिए जिम्मेवार है।

इस रिपोर्ट में लोगों के पसंदीदा जंक फूड में अत्यधिक नमक होने की पुष्टि हुई है। उदाहरण के लिए अध्ययन में जांचे गए टू यम मल्टीग्रेन चिप्स के चिप्स पैकेट्स में 30 ग्राम चिप्स में एक ग्राम नमक ज्यादा पाया गया। दूसरे शब्दों में कहें तो दिन भर में स्नैकर के तहत 30 ग्राम का यह चिप्स मानकों से दोगुना ज्यादा नमक आपके शरीर में पहुंचाएगा। मतलब की यदि आपने इसे एक बार खा लिए है तो दोबारा स्नैक्स लेने से पहले सोचने की जरूरत है।

इसी तरह अध्ययन में नोर के क्लासिक थिक टोमेटो सूप में निर्धारित सीमा से 12 गुणा ज्यादा नमक पाया गया। हल्दीराम के नट क्रेकर में भी आठ गुणा अधिक था। इसी तरह 100 ग्राम के चिप्स और नमकीन के लिए वसा की सीमा आठ ग्राम निर्धारित है, लेकिन अधिकांश चिप्स और नमकीन में यह दो से छह गुणा ज्यादा पाया गया है।

इसी तरह हल्दीराम की आलू भुजिया खाते ही आप आरडीए मानकों द्वारा तय 21 फीसदी नमक खा लेते हैं, लेकिन ग्राहक किसी भी तरीके से यह नहीं जान सकता है कि इस नमकीन और चिप्स को खाते हुए वह कितनी मात्रा में नमक खा चुका है। सीएसई के जरिए जांचे गए 14 पैकेटबंद भोजन में 10 ने अपने उत्पादों में सोडियम के बारे में बताया है लेकिन नमक के बारे में नहीं।

हाल ही में जर्नल साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसिन में प्रकाशित रिसर्च से पता चला है कि जरुरत से ज्यादा नमक आपके इम्यून सिस्टम को नुकसान पहुंचा सकता है। इस बारे में यूनिवर्सिटी ऑफ बोन के इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सपेरिमेंटल इम्यूनोलॉजी में प्रोफेसर डॉ क्रिश्चियन कुर्ट्स का कहना है कि अधिक मात्रा में नमक के सेवन से ब्लड प्रेशर में इजाफा हो जाता है, जिससे दिल का दौरा पड़ने या स्ट्रोक होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही हमें यह भी पता चला है कि अधिक मात्रा में नमक का सेवन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है।



## अधिकारियों की मिलीभगत से विदिशा में अवैध खनन का कारोबार चला रहे माफिया: एनजीटी

**25 सितंबर 2023 को दिए अपने आदेश में एनजीटी ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि मध्य प्रदेश में चल रही खनन गतिविधियों से पर्यावरण को नुकसान नहीं होना चाहिए**

**नेशनल** ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 25 सितंबर 2023 को कहा है कि मध्य प्रदेश में होते खनन से पर्यावरण को नुकसान नहीं होना चाहिए। हालांकि साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य में अवैध और जरूरत से ज्यादा होते रेत खनन को रोकने के लिए कोई उचित तंत्र नहीं है और यह विदिशा पर भी लागू होता है। एनजीटी ने अपने आदेश में यह भी कहा कि, अधिकारी खनन माफिया के साथ मिलकर अवैध खनन गतिविधियां चला रहे हैं और प्राकृतिक संपदा को लूट रहे हैं।

ऐसे में कोर्ट ने चार सदस्यीय समिति को इस क्षेत्र का दौरा करने और शिकायतों की जांच के बाद एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने समिति से रिपोर्ट में निम्नलिखित बातों की जानकारी देने को कहा है।

जो खनन कार्य चल रहे हैं, उनमें से कितनों को अधिकारियों द्वारा आवश्यक सहमति और पर्यावरण मंजूरी (ईसी) के आधार पर अनुमति दी गई है। अवैध खनन गतिविधियों की गिनती, साथ ही कितने लोग इन अवैध गतिविधियों में शामिल हैं उनके बारे में पूरी जानकारी। अवैध खनन के जरिए निकाले गए खनिजों की मात्रा और उनका अनुमानित मूल्य। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की मौजूदा स्थिति क्या है और प्रभावित क्षेत्र को बहाल करने के लिए जो अध्ययन किया गया है उसके बारे में विवरण। कितन वन भूमि को इससे नुकसान पहुंचा है और उसकी बहाली के लिए यदि कोई प्रयास किए गए हैं तो उसकी जानकारी। सीपीसीबी और एनजीटी द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन करते हुए, नियमों का उल्लंघन करने वाले हर व्यक्ति पर कितना पर्यावरणीय मुआवजा लगाया गया है।

इस मामले में जब्त किए गए वाहनों की संख्या और राज्य अधिकारियों द्वारा उसपर क्या कार्रवाई की गई है उसका विवरण। गौरतलब है कि ट्रिब्यूनल ने दैनिक भास्कर में प्रकाशित एक रिपोर्ट के आधार पर यह आदेश जारी किया है। एनजीटी का कहना है कि मीडिया रिपोर्ट में पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने अपने इस आदेश में मध्य प्रदेश सरकार के साथ-साथ मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मध्य प्रदेश में खनन निदेशक और विदिशा के कलेक्टर को भी नोटिस भेजने का निर्देश दिया है। अदालत ने अखबार के कानूनी विभाग को कार्यवाही के दौरान एकत्र किए गए सभी वीडियो फुटेज, सामग्री, बयान और अन्य साक्ष्य उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। बता दें कि समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय और एनजीटी द्वारा बार-बार जारी किए गए निर्देशों के बावजूद, विदिशा जिला प्रशासन भोपाल से 120 किमी दूर स्थित उदयपुर, पठारी, घटेरा, पठारी और नूरपुर गांवों में अवैध खनन पर अंकुश लगाने में असमर्थ रहा है।

**साभार : डीटीई**

## हिमाचल में स्क्रब टाइफस पीड़ितों की संख्या 1000 पहुंची, 15 की मौत

**ज्यादा बारिश होने और ज्यादा उमस की वजह से इसके मामलों में वृद्धि देखी गई है**



**हिमाचल** में इस साल स्क्रब टायफस के मामलों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखी गई है। पिछले साल के मुकाबले अभी तक दो गुणा से अधिक स्क्रब टायफस के मामले देखने को मिल चुके हैं। पिछले वर्ष 500 स्क्रब टायफस के मामले देखने को मिले थे, वहीं अभी तक संक्रमितों की संख्या 1 हजार से अधिक पहुंच चुकी है और 15 लोगों की जानें जा चुकी हैं। बरसात के मौसम में घास में पनपने वाले पिस्सू के काटने से फैलने वाले इस रोग को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेजों, अस्पताल प्रबंधन और जिला चिकित्सा अधिकारियों को अस्पतालों में पर्याप्त इंतजाम करने को कहा है।

स्टेट एपीडोमोलोजिस्ट उमेश भारती ने बताया कि बढ़ता मौसमी तापमान और आर्द्रता का स्क्रब टायफस बीमारी से सीधा संबध है। उन्होंने बताया कि ज्यों-ज्यों तापमान बढ़ता है और आर्द्रता बढ़ती है, वैसे ही इस रोग का प्रकोप भी बढ़ता है। लोगों को इसके लक्षण दिखने पर इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए और इसके लिए तुरंत डाक्टरी सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछले साल हमने 'हेल्थ इन चेंजिंग क्लाइमेट, स्टडी ऑफ शिमला डिस्ट्रिक्ट' को लेकर एक शोध किया था जिसमें मौसम में आ रहे बदलावों से बीमारियों खासकर स्क्रब टायफस में वृद्धि देखी गई है।

हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि ज्यादा बारिश होने और ज्यादा उमस की वजह से इसके मामलों में वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्क्रब टायफस से निपटने के लिए जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने स्क्रब टायफस के मामलों की बढ़ती संख्या पर गहन शोध करने की भी बात कही है। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी के वरिष्ठ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट राहुल राय ने कहा कि सोमवार को 23 लोगों के टेस्ट किए गए थे जिनमें से 5 पॉजिटिव आए हैं और अभी तक संस्थान में 1,307 लोगों के टेस्ट किए गए हैं, जिनमें से 408 पॉजिटिव आ चुके हैं। बरसात के मौसम में घास में पनपने वाले पिस्सू के काटने से यह रोग फैलता है। इस कारण मरीज को सिरदर्द, बुखार के साथ जोड़ों में दर्द, शरीर में दर्द, कंपकंपी और शरीर पर लाल दाने, शरीर का थका होना जैसी समस्या होती है।

ऐसे लक्षण होने पर मरीज को तुरंत चिकित्सकों के पास उपचार करवाने आना चाहिए। चिकित्सकों का कहना है कि यदि शुरुआती दिनों में मरीज अस्पताल आ जाएं और जरूरी दवा लें लें तो इससे आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस बार हिमाचल प्रदेश में रिकॉर्ड बारिश हुई है। मॉनसून सीजन एक जून से 31 अगस्त तक प्रदेश में सामान्य से 33 फीसदी अधिक बारिश हुई हैं। सामान्य परिस्थितियों में प्रदेश में इस दौरान 613 एमएम बारिशें होती थी लेकिन इस बार 816 एमएम बारिश दर्ज की गई है। जानकारों का मानना है कि चूंकि प्रदेश में अधिक बारिश होने से नमी अधिक बनी हुई थी जिससे इस पिस्सू के बढ़ने के लिए अच्छी परिस्थिति मिली। इस वजह से स्क्रब टायफस के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है।

**साभार : डीटीई**

# मॉनसूनी बारिश का पैटर्न बदल सकती हैं नदियों को जोड़ने की परियोजनाएं : रिपोर्ट

## अध्ययन में नदियों को जोड़ने वाली परियोजनाओं के सिंचाई लक्ष्यों का अनुकरण किया और साथ ही देश के कुछ शुष्क क्षेत्रों में सितंबर की वर्षा में 12 फीसदी तक की कमी का आकलन किया गया



एक नए अध्ययन से पता चला है कि, प्रस्तावित इंटर बेसिन वॉटर ट्रांसफर या नदियों को जोड़ने वाली परियोजनाएं मॉनसूनी बारिश के स्थानीय पैटर्न को बदल सकती हैं। अध्ययन में बताया गया है कि सितंबर में होने वाली बारिश पर सबसे अधिक असर पड़ेगा, क्योंकि यह सतह की नमी पर निर्भर करती है। अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों ने नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं को लागू करने से पहले एक व्यापक वायुमंडलीय अध्ययन की जरूरत पर जोर दिया।

यह अध्ययन बॉम्बे के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के सिविल इंजीनियरिंग और जलवायु अध्ययन में कार्यक्रम विभाग के शोधकर्ता, पुणे के भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के सहयोग से किया गया है। अध्ययन में हैदराबाद विश्वविद्यालय के नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं के वायुमंडलीय प्रभाव का अध्ययन किया गया।

नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन की अगुवाई, प्रोफेसर सुबिमल घोष और आईआईटी बॉम्बे की शोधकर्ता तेजस्वी चौहान द्वारा की गई है। शोधकर्ताओं ने भारत की प्रमुख नदी घाटियों गंगा, गोदावरी, महानदी, कृष्णा, कावेरी और नर्मदा-तापी का विश्लेषण किया। उन्होंने इस बात को उजागर करने के लिए कई तरीकों का इस्तेमाल किया, कि ये नदी घाटियां आपस में जुड़ी हुई हैं।

जैसे ही नदी घाटियों से पानी वाष्पित होता है या जब नदी घाटियों में बारिश होती है, तो भूमि वायुमंडल से जुड़ी होती है। घाटियों के पार, जैसे-जैसे हवाएं पानी ले जाती हैं, आपस में वायुमंडलीय संबंध बनते हैं।

शोधकर्ताओं ने पाया कि नदियों को जोड़ने वाली परियोजनाएं बड़े पैमाने पर सिंचाई, भारतीय मॉनसून के स्थानीय पैटर्न को बदल सकती है। उन्होंने नदियों को जोड़ने वाली परियोजनाओं के सिंचाई लक्ष्यों का अनुकरण किया, और साथ ही देश के कुछ शुष्क क्षेत्रों में सितंबर की वर्षा में 12 फीसदी तक की कमी और अन्य क्षेत्रों में सितंबर की वर्षा में 10 फीसदी की वृद्धि देखी।

शोधकर्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि प्रस्तावित नदियों को आपस में जोड़ने की परियोजनाओं की योजना बनाते समय मॉनसून के स्थानीय पैटर्न में बदलाव पर विचार किया जाना चाहिए।

अध्ययन के हवाले से सह-अध्ययनकर्ता, सुबिमल घोष ने कहा, यह अध्ययन दिखता है कि स्थलीय जल चक्र में परिवर्तन वायुमंडलीय प्रक्रियाओं को प्रभावित कर सकता है। इसलिए, नदियों को आपस मैं जोड़ने जैसी बड़े पैमाने की हाइड्रोलॉजिकल परियोजनाओं की योजना बनाते समय, मौसम संबंधी परिणामों के कठोर, मॉडल-निर्देशित मूल्यांकन को शामिल करने की तत्काल जरूरत है।

उन्होंने कहा, हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि, इन परियोजनाओं में हमारे कृषि प्रधान देश के जल संकट को कम करने की क्षमता है, ऐसी परियोजनाओं के लिए समग्र मूल्यांकन और भूमि-वायुमंडल प्रतिक्रिया, पारिस्थितिकी प्रभाव, भूजल संपर्क, समुद्री परिवर्तन आदि को शामिल करते हुए कुशल और टिकाऊ जल संसाधन प्रबंधन के लिए योजना बनाने की आवश्यकता है। अध्ययन में कहा गया है कि, सिंचाई भूमि-वायुमंडल प्रतिक्रिया के माध्यम से अगस्त और सितंबर में इसके बाद के चरणों में भारतीय मॉनसून को नमी प्रदान करती है। भूमि से वाष्पीकरण-उत्सर्जन हवा में नमी में योगदान देता है, जो फिर बारिश के रूप में बदल जाती है जिसे पुनर्नवीनीकरण वर्षा कहा जाता है। सितंबर में होने वाली मॉनसूनी बारिश में पुनर्चक्रित वर्षा का योगदान लगभग 25 फीसदी है। इसका मतलब यह है कि नदी घाटी पहले से ही वायुमंडलीय मार्गों के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े हुए हो सकते हैं।

**साभार : डीटीई**

# एशियन गेम्स के लिए टीम इंडिया रवाना, ऋतुराज करेंगे नेतृत्व

एजेंसी। नई दिल्ली

**चीन** के हांगझोउ शहर में चल रहे एशियन गेम्स क्रिकेट मैच के लिए टीम इंडिया मुंबई एयरपोर्ट से गुरुवार को रवाना हो गई। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर ट्वीट करते हुए इस बात की जानकारी दी है। चार साल में एक बार होने वाले एशियन गेम्स में इस बार फिर क्रिकेट को शामिल किया गया है। विमेंस क्रिकेट टीम ने पहले ही गोल्ड को अपने नाम कर लिया है।

मेंस कैटेगरी के मैच 27 सितंबर से शुरू हो चुके है। दो

## सीधे क्वार्टरफाइनल खेलेगा भारत

अक्टूबर तक ग्रुप स्टेज के मुकाबले होंगे। तीन अक्टूबर को टीम इंडिया पहला क्वार्टर खेलेगी, भारत का सामना ग्रुप-डी में टॉप करने वाली टीम से होगा। इसी तरह पाकिस्तान का मुकाबला ग्रुप-सी की टॉपर, श्रीलंका का मुकाबला ग्रुप-बी की टॉपर और बांग्लादेश का मुकाबला ग्रुप-ए की टॉपर से होगा।

मेंस इवेंट में 15 टीमें हिस्सा लेंगी। 15 टीमों में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें सीधे



क्वार्टरफाइनल खेलेंगी। जबकि बाकी 11 टीमें ग्रुप स्टेज से क्वार्टरफाइनल में पहुंचेंगी। अफगानिस्तान और मंगोलिया को ग्रुप-ए में रखा गया है, इनके बीच एक मुकाबला एक अक्टूबर को होगा। 3-3 टीमों को बी, सी और डी ग्रुप में रखा गया। इन ग्रुप में टॉप करने वाली टीमें क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। जबकि ग्रुप-ए में जीतने वाली टीम क्वार्टरफाइनल की आखिरी टीम होगी।

मेंस कैटेगरी में 27 सितंबर से दो अक्टूबर तक ग्रुप स्टेज के मुकाबले होंगे। तीन अक्टूबर को टीम इंडिया पहला क्वार्टरफाइनल खेलेगी, भारत का सामना ग्रुप-डी में टॉप करने वाली टीम से होगा। इसी तरह पाकिस्तान का मुकाबला ग्रुप-सी की टॉपर, श्रीलंका का मुकाबला ग्रुप-बी की टॉपर और बांग्लादेश का मुकाबला ग्रुप-ए की टॉपर से होगा। तीन और चार अक्टूबर को क्वार्टर फाइनल होंगे। पांच अक्टूबर को ब्रेक के बाद छह अक्टूबर को दोनों सेमीफाइनल मैच होंगे। वहीं सात अक्टूबर को थर्ड प्लेस मैच और फाइनल खेला जाएगा।

### देखें टीम इंडिया के सभी प्लेयर्स

**ऋतुराज** गायकवाड (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, आकाश दीप, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर) और शिवम दुबे।
**स्टैंडबाय खिलाड़ी:** यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, साई सुदर्शन।

# पाकिस्तान के पहले अभ्यास सत्र में आकर्षण का केंद्र बना भारतीय नेट गेंदबाज

एजेंसी। हैदराबाद

**पाकिस्तान** के विश्व कप से पहले गुरुवार को पहले अभ्यास सत्र में आकर्षण का केंद्र हैदराबाद का छह फुट नौ इंच लंबा तेज गेंदबाज निशांत सरनु रहा। हैदराबाद की अंडर-19 टीम में शामिल निशांत उन नेट गेंदबाजों में शामिल हैं जो पाकिस्तान टीम को नेट अभ्यास में मदद करेंगे। पाकिस्तान की टीम ने यहां पहुंचने के 12 घंटे बाद ही अपने पहले अभ्यास सत्र में भाग लिया।

पाकिस्तान शुक्रवार को अपने पहले अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। हारिस रऊफ और शाहीन शाह अफरीदी के गेंदबाजी करने के बाद पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल सहित सहयोगी स्टाफ ने निशांत को नेट पर गेंदबाजी करने के लिए बुलाया जो अपनी बारी का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस को अपना आदर्श मानने वाले निशांत ने कहा, मैं अभी 125 से लेकर 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकता हूं।

मोर्ने मोर्कल सर ने मुझे अपनी गति बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या मैं आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स के नेट अभ्यास के लिए उपलब्ध रह सकता हूं।

# एशियाड में पांचवें दिन भारत को मिला तीसरा मेडल

## घुड़सवारी-ड्रेसेज के इंडिविजुअल इवेंट में अनुष अगरवल्ला ने दिलाया ब्रॉन्ज, अब तक 24 मेडल

एजेंसी। हांगझोऊ

**चीन** के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियन गेम्स का आज 5वां दिन है। भारत को आज घुड़सवारी में दिन का तीसरा मेडल मिला है। घुड़सवारी-ड्रेसेज के इंडिविजुअल इवेंट में अनुष अगरवल्ला ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। इससे पहले 10 मीटर एयर पिस्टल में गुरुवार को भारतीय मेंस टीम ने दिन का पहला गोल्ड दिलाया। सरबजीत सिंह, अर्जुन सिंह और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने इस इवेंट में 1734 स्कोर कर गोल्ड जीता।



वहीं भारतीय वूशु खिलाड़ी रोशिबिना देवी ने 60 किलो वेट कैटेगरी में सिल्वर जीता। भारतीय खिलाड़ी एशियन गेम्स 2022 में अब तक छह गोल्ड, आठ सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज सहित कुल 25 मेडल जीत चुके हैं। रोशिबिना देवी ने 60 किलो वेट कैटेगरी में दिन का पहला मेडल दिलाया। फाइनल में चीन की जियाओवेई वू से उन्हें 2-0 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। यह एशियाड के इतिहास में वुशु में भारत का दूसरा रजत मेडल है। सरबजीत सिंह, अर्जुन सिंह और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने 10 मीटर पिस्टल मेंस इवेंट में 1734 स्कोर के साथ गोल्ड जीता।



यह भारत का दिन का पहला गोल्ड है। इस इवेंट चीन ने 1733 स्कोर के साथ सिल्वर और वियतनाम ने 1730 का स्कोर कर ब्रॉन्ज जीता। एशियन गेम्स में भारतीय मेंस स्विमिंग टीम ने 4×100 मीटर फ्री स्टाइल में नेशनल रिकॉर्ड के साथ फाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय तैराक तनिष जॉर्ज मैथ्यू, विशाल ग्रेवाल, आनंद एएस और श्रीहरि नटराज ने पुरुषों के चार गुना मीटर में हीट में 3.21.22 का समय लेकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इसके साथ ही उन्होंने इस इवेंट में नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

**क्रिकेट: मलेशिया ने सिंगापुर को हराया**

**एशियन** गेम्स में मेंस क्रिकेट में ग्रुप सी के मैच में मलेशिया ने सिंगापुर को 73 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मलेशिया ने निर्धारित 20 ओवर में 160 रन बनाए। वहीं 161 रन का पीछा करने उतरी सिंगापुर ने 17.5 ओवर में 87 रन पर ऑलआउट हो गई।

**बैडमिंटन: विमेंस टीम ने मंगोलिया को हराया**

**भारतीय** विमेंस टीम ने राउंड ऑफ 16 मैच में भारत ने मंगोलिया को 3-0 से हराया। भारत अब क्वार्टरफाइनल में पहुंच गया है। बैडमिंटन में पीवी सिंधु ने भारतीय विमेंस टीम को जीत के साथ शुरुआत दिलाई है। उन्होंने मंगोलियाई खिलाड़ी को 21-2, 21-3 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। वहीं अश्मिता चालिहा ने खेरलेन दरखानबातर को 21-2, 21-3 से हराकर भारत को मंगोलिया के खिलाफ 2-0 की बढ़त दिलाई।

**साइकिलिंग: भारत के डेविड बेकहम आठवें स्थान पर रहे**

**भारतीय** साइकिलिस्ट डेविड बेकहम मेंस स्प्रिंट स्पर्धा में आठवें स्थान पर रहे। डेविड बेकहम 5वें-8वें स्थान की रेस में पांचवें स्थान पर मौजूद चीनी ताइपे के शिह-फेंग कांग से 0.109 सेकेंड पीछे रहे। यह एशियन गेम्स में इंडिविजुअल स्प्रिंट इवेंट में किसी भी भारतीय का बेस्ट परफॉर्मेंस है। डेविड बेकहम कल दोपहर 12.00 बजे मेंस कीरिन हीट में हिस्सा लेंगे। कीरिन 8 लैप की रेस है।

**बॉक्सिंग:जैस्मीन लाम्बोरिया क्वार्टर फाइनल में पहुंची**

भारत की जैस्मीन लाम्बोरिया ने सऊदी अरब की हदील गजवान अशौर के खिलाफ विमेंस 60 किग्रा राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में जीत हासिल की। 22 साल की भारतीय मुक्केबाज ने राउंड 1 में परफेक्ट 10 का स्कोर बनाया था। जैसमिन ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। एक अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे क्वार्टर फाइनल में जैस्मीन नॉर्थ कोरिया के अनगयोंग वोन से भिड़ेंगी।

**टेबल टेनिस: मेंस डबल्स में दोनो मुकाबले जीते**

**मेंस** डबल्स के राउंड ऑफ 32 में भारत के शरथ कमल और साथियान गणानाशेखरन ने मंगोलिया के सेर-ओड गंखुयाग और मनलाईजर्गल मुंख-ओचिर को 11-5, 11-3, 11-3 से हराया। इस बीच, मानुष उत्पलभाई पटेल और मानव विकास ठक्कर की भारतीय मेंस डबल्स जोड़ी ने भी हांग्जो में मालदीव के मूसा मुनीफ अहमद और मोहम्मद शफान इस्माइल के खिलाफ 11-8, 9-11, 11-6, 11-2 से जीत हासिल की। दोनों भारतीय जोड़ियां कल सुबह 9:00 बजे आईएसटी से राउंड ऑफ 16 में हिस्सा लेंगी।

**शूटिंग में अब हुए 11 मेडल**

शूटिंग में अब 11 मेडल हो गए हैं, इनमें 3 गोल्ड हैं। 28 सितंबर को पांचवें दिन 10 मीटर एयर पिस्टल में सरबजीत सिंह, अर्जुन सिंह और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने गोल्ड जीता। इससे पहले 27 सितंबर को चौथे दिन 25 मीटर रैपिड फायर में विमेंस टीम मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान ने तो 25 सितंबर 10 मीटर एयर राइफल में दिव्यांश सिंह पंवार,ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और रुद्राक्ष पाटिल ने गोल्ड जीता था।

**5 दिनों में मेडल टैली में भारत**

भारत को एशियन गेम्स में अब तक 23 मेडल हो चुके हैं। इनमें 5 गोल्ड हैं। इनमें 3 गोल्ड शूटिंग में आए हैं। एक गोल्ड घुड़सवारी टीम इवेंट में जीता। वहीं, महिला विमेंस क्रिकेट टीम ने भी गोल्ड जीता।

# जबर्दस्त इस्तकबाल से अभिभूत हैं पाकिस्तानी क्रिकेटर

एजेंसी। हैदराबाद

**बाबर** आजम की अगुआई में पाकिस्तान क्रिकेट टीम वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने बुधवार को भारत पहुंची। पाकिस्तानी टीम के स्वागत के लिए हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर क्रिकेट फैंस और सुरक्षा अधिकारियों की भारी भीड़ जमा थी।

टीम पाकिस्तान से दुबई के रास्ते हैदराबाद पहुंची। यह सात साल में पहली बार है, जब पाकिस्तान क्रिकेट टीम भारत आई है। इससे पहले टीम 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी।

सात साल बाद भारत आने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटर यहां हुए जबर्दस्त स्वागत से अभिभूत हैं और तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने इसके बारे में कहा, जबर्दस्त, मजा आ गया। इससे पहले हवाई अड्डे पर भारतीय प्रशंसकों की जबां पर पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम का नाम था।



बाबर एंड कंपनी के यहां पहुंचते ही भारत में सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी क्रिकेट टीम ट्रेंड करने लगी और दोनों मुल्कों के बीच तनाव मानों लोग भूल ही गए।

मोहम्मद नवाज और सलमान आगा के अलावा पूरी पाकिस्तानी टीम पहली बार भारत आई है। बाबर ने इंस्टाग्राम पर लिखा , हैदराबाद में मिले प्यार से अभिभूत हूं। वहीं शाहीन शाह अफरीदी ने लिखा , हमारा जबर्दस्त स्वागत।

**पाकिस्तान अपने शुरुआती 2 मैच हैदराबाद में खेलेगा**

**वनडे** वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से होनी है। पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होना है।

पाकिस्तान टीम वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं दूसरा मैच भी हैदराबाद में श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी।

## ब्रिज: भारतीय पुरुष टीम तीसरे स्थान पर, महिला और मिश्रित टीम ने किया निराश

**हांगझोउ।** भारतीय पुरुष टीम एशियाई खेलों की ब्रिज प्रतियोगिता में गुरुवार को 86.40 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई लेकिन महिला और मिश्रित टीम ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। भारत ने दिन की शुरुआत दो आसान जीत से की। पुरुष टीम ने राउंड रॉबिन 1-5 में दक्षिण कोरिया को 16.03-3.97 से हराया जबकि मिश्रित टीम ने इसी राउंड में इंडोनेशिया पर 14.85-5.15 से जीत दर्ज की।

भारत पुरुषों के राउंड रॉबिन (1-6) में जापान से 9.03 - 10.97 अंक से हार गया। दूसरी तरफ मिश्रित टीम ने चीनी ताइपे से 10-10 से ड्रॉ खेला। ऐसे में महिला टीम ने राउंड रॉबिन (1-4) में इंडोनेशिया पर 11.28 - 8.72 की आसान जीत दर्ज करके भारतीय खेमे को कुछ राहत पहुंचाई। शाम के सत्र में हालांकि भारतीय टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। राउंड-रॉबिन 1-7 में भारत की पुरुष और महिला टीम दोनों को चीन से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष टीम चीन से 9.67 - 10.33 से जबकि महिला टीम 6.77-13.23 से हार गईं। मिश्रित टीम भी जापान से 5.36 से 14.64 से हार गई। पुरुष टीम ने दिन के अंतिम सत्र में थाईलैंड को 18.17-1.83 से पराजित करके अपनी स्थिति में कुछ सुधार किया। भारतीय महिला टीम 70 बोर्ड के बाद कुल 37.76 अंक लेकर सातवें स्थान पर है। पुरुष टीम ने अभी तक 84 बोर्ड खेले हैं तथा वह चीनी ताइपे और जापान के बाद तीसरे स्थान पर है। मिश्रित टीम ने भी 84 बोर्ड खेले हैं लेकिन वह 70.24 अंक के साथ सातवें स्थान पर है।

# इस समय पाकिस्तानी टीम भारत की तुलना में कमजोर है : वकार यूनिस

एजेंसी। चेन्नई



**महान** तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने विश्व कप से पहले रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम की तैयारियों को देखते हुए भारत को पाकिस्तान टीम से बेहतर बताया। भारत ने हाल में एशिया कप जीत था और कोलंबो में सुपर फोर मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 228 रन के विशाल अंतर से पराजित किया था।

विश्व कप में भारत का सामना अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को पाकिस्तान से होगा और यूनिस ने कहा कि दोनों ही टीम पर दबाव होगा। यूनिस ने कहा, जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भारत बनाम पाकिस्तान बड़ा मुकाबला होगा, जो सभी मुकाबलों पर भारी पड़ता है। जब आप अहमदाबाद में खेलते हो तो आपको खुद पर संयम बनाए रखना होता है।

इसलिए सिर्फ कमजोर पाकिस्तानी टीम ही दबाव में नहीं होगी बल्कि भारत पर भी दबाव होगा। उन्होंने कहा, स्टेडियम में दर्शकों को देखते हुए भारत भी दबाव में होगा।

दोनों टीमें दबाव में होंगी। यूनिस ने कहा, अगर हम टीम के प्रदर्शन के आधार पर बात करें तो भारत निश्चित रूप से बेहतर टीम है। उन्होंने कहा, अगर मैं पाकिस्तान के बारे में बात करूं तो इस बार टीम इतनी मजबूत नहीं है, नसीम शाह की अनुपस्थिति सबसे बड़ा झटका है क्योंकि नसीम और शाहीन (अफरीदी) नई गेंद से एक दूसरे के पूरक हुआ करते थे।

# वार्म-अप मैच नहीं खेलेंगे साउथ अफ्रीका कप्तान बावुमा

## परिवारिक कारण से अपने देश लौटें: एडेन मार्करम करेंगे कप्तानी

एजेंसी। प्रिटोरिया

**साउथ** अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा अपनी टीम के दोनों वर्ल्ड कप वार्म-अप नहीं खेलेंगे। बावुमा पारिवारिक कारणों की वजह से घर जा रहे है। साउथ अफ्रीका को 29 सितंबर को तिरुवनंतपुरम में अफगानिस्तान और दो अक्टूबर को न्यूजीलैंड के साथ अपना वार्म-अप मैच खेलना है।

बावुमा के गैर मौजूदगी में टीम का नेतृत्व एडेन मार्करम करेंगे। सात अक्टूबर को दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ साउथ अफ्रीका का पहला वर्ल्ड कप मैच है। टीम मैनेजमेंट को



उम्मीद है कि बावुमा इस मैच से पहले भारत वापस लौट आएंगे। बावुमा टीम के ओपनिंग बैट्समैन है। उनकी अनुपस्थिति में, रीजा हेंड्रिक्स तिरुवनंतपुरम में वार्म-अप मैच में क्विंटन डी कॉक के साथ ओपनिंग कर सकते है।

साउथ अफ्रीका पहले से ही तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्या और सिसांडा मगाला के बिना खेल रही हैं। दोनों चोटों के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। नॉर्त्या की पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर है और मगाला बाएं घुटने में लगी चोट से जूझ रहे है। इसी महीने की शुरुआत में वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बावुमा ने नाबाद 114 रन की पारी खेली। इसके बाद उन्हें हैमस्ट्रिंग की समस्या का सामना करना पड़ा था। लेकिन उन्होंने अगले दोनों मैच खेले।

# मैक्सवेल विश्व कप में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं: मार्श

एजेंसी। राजकोट

**आस्ट्रेलियाई** क्रिकेटर मिचेल मार्श ने कहा है कि हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल आस्ट्रेलिया में वनडे विश्व कप में अहम भूमिका निभाएंगे क्योंकि वह तीसरे स्पिनर के तौर पर टीम में संतुलन लेकर आते हैं। छह महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटे मैक्सवेल ने भारत के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में 66 रन से मिली जीत में 40 रन देकर चार विकेट लिए।



मार्श ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह शानदार स्पैल था। उसने पिछले कुछ महीनों में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली है लेकिन उसे इस तरह वापसी करते देखकर अच्छा लगा। वह टीम में ऊर्जा लेकर आता है।उसकी मौजूदगी से टीम में संतुलन आता है। उन्होंने कहा, वह विश्व कप में तीसरे स्पिनर के तौर पर काफी उपयोगी साबित हो सकता है। उसके होने से टीम में लचीलापन आता है। पहले मैच में 96 रन बनाने वाले मार्श भारतीय पारी के दौरान अत्यधिक गर्मी और उमस से जकड़न आने की वजह से फील्डिंग नहीं कर सके थे।

# चोट के बाद वापसी कर रहे खिलाड़ियों को मैच अभ्यास मिलने से खुश हैं द्रविड़

एजेंसी। राजकोट



**भारतीय** कोच राहुल द्रविड़ को संतोष है कि चोट के बाद वापसी करने वाले जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को अगले सप्ताह शुरू हो रहे वनडे विश्व कप से पहले मैच अभ्यास मिल गया।

कमर की तकलीफ के कारण लंबे समय तक बाहर रहे बुमराह ने मोहाली और राजकोट में दस दस ओवर गेंदबाजी की। तीसरे वनडे में वह हालांकि महंगे साबित हुए। पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में वापसी करने वाले बुमराह ने श्रीलंका में एशिया कप भी खेला था। वहीं अय्यर ने इंदौर में शतक जमाया और राजकोट में 48 रन बनाए।

राहुल ने दो अर्धशतक लगाने के साथ उम्दा विकेटकीपिंग भी की। द्रविड़ ने तीसरे मैच के बाद कहा , इन सभी के लिए मैच टाइम बहुत महत्वपूर्ण था और यह अच्छी बात है कि उन्हें यह मिला। जस्सी ने दो मैचों में पूरे दस ओवर डाले। सिराज ने भी वापसी करके गेंदबाजी की। अश्विन को इस तरह गेंदबाजी करते देखना अच्छा लगा। केएल ने पूरे 50 ओवर विकेटकीपिंग की और अच्छी बल्लेबाजी भी की।

उन्होंने कहा, श्रेयस ने कुछ अच्छी पारियां खेली। हमें लगातार सुधार करते हुए विश्व कप में इस लय को कायम रखना है। विश्व कप टीम में आर अश्विन को शामिल किए जाने के सवाल पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। टीम में कोई बदलाव बृहस्पतिवार तक ही किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें आधिकारिक घोषणा का इंतजार करना होगा। एनसीए चयनकर्ताओं और अजित अगरकर के संपर्क में है तो मैं उस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा।

## विराट कोहली के बचपन के दोस्त बोले

# विश्व कप में कोहली से कमाल की उम्मीद, सही समय पर लय में आई टीम

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिग्गज** खिलाड़ी विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा को उम्मीद है कि पांच अक्टूबर से भारत में शुरू होने वाले आईसीसी एकदिवसीय विश्व में कोहली और भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन करेंगे। शर्मा ने उम्मीद जताई कि कोहली ने पिछले आठ महीने में जिस तरह की बल्लेबाजी की है वह उस लय को विश्व कप में भी जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने भी सही समय पर लय पकड़ी है और अपनी सभी कमियों को दूर करने के बाद खिताब की सबसे प्रबल दावेदार है।

शर्मा ने साक्षात्कार में कहा, मुझे उम्मीद है कि विराट विश्व कप में अच्छा करेंगेकरेंगे। वह शानदार लय में है और पिछले छह-आठ महीने में उन्होंने भारतीय टीम को कई मैच जिताए है। सभी को उनकी क्षमता के बारे में पता है। वह पिछले 15 साल से भारतीय टीम के लिए लगातार योगदान दे रहे है। कोहली ने इस साल 16 एकदिवसीय मैचों की 13 पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक की मदद से 612 रन बनाए है। इस दौरान उनका औसत 55 से अधिक का रहा है। शर्मा ने कहा, वह अभी मानसिक रूप से काफी मजबूत है और सकारात्मक रवैए के साथ बल्लेबाजी करने के साथ काफी सहज लग रहे है। कोहली के लिए साल 2020, 2021 और 2022 काफी निराशाजनक रहा था। उन्होंने इस दौरान 23 वनडे पारियों में लगभग 37 के औसत से 862 रन बनाए थे, जिसमें सिर्फ एक शतक है।



कोच ने कहा, कोहली उस समय भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, दुर्भाग्य से वह अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पा रहे थे। वह 30-40 रन तक पहुंचने के बाद बड़ा स्कोर करने के लिए जाने जाते है। उन्होंने खुद के लिए जो मानदंड तय कर रखे थे उस मुताबिक प्रदर्शन नहीं हो रहा था। मैं उस समय भी चिंतित नहीं था क्योंकि उनकी बल्लेबाजी अच्छी हो रही थी। शर्मा ने कहा कि विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने सही समय पर लय हासिल की है और टूर्नामेंट से पहले रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने हर कमी को दूर की है। उन्होंने कहा, इस समय भारत के पास दुनिया का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजी आक्रमण है। बुमराह की वापसी से तेज गेंदबाजी में पैनापन आया है। उनकी गेंदबाजी से टीम को काफी संतुलन मिलता है। मध्यक्रम में पहले चिंता थी लेकिन अब वहां भी कोई परेशानी नहीं दिख रही है। श्रेयस अय्यर की वापसी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में शानदार बल्लेबाजी से ये चिंताएं दूर हो गई है। अय्यर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के आखिरी दो मैचों में 105 और 48 रन की पारी खेली।

### टीम के पास मध्यक्रम के लिए कई विकल्प

**शर्मा** ने कहा, यह बहुत अच्छी बात है कि आपके पास मध्यक्रम के लिए कई विकल्प है। यह किसी भी कप्तान के लिए अच्छा होता है। मेरा मानना है कि भारतीय टीम ने सही समय पर लय पकड़ी है। श्रेयस को अंतिम 11 में जगह मिलना लगभग तय है। वह विराट के बाद चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करते रहे है और विश्व कप में भी ऐसा ही होना चाहिए। दिल्ली के लिए प्रथम श्रेणी के नौ मैच खेलने वाले इस पूर्व स्पिनर ने अंतिम एकादश में शारदुल ठाकुर की जगह मोहम्मद शमी को शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, शमी आक्रामक गेंदबाज है जो लगातार अंतराल पर विकेट लेते रहते है। मेरा मानना है कि उनका अंतिम 11 में उनका होना ज्यादा अच्छा रहेगा। शमी, बुमराह और मोहम्मद सिराज की तिकड़ी से निपटना किसी भी प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए बड़ी चुनौती पेश करेगा।